✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का पटना एयरपोर्ट पर स्वागत करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 28 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 25 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## बिहार में बनेगा न्यूक्लियर पावर प्लांट : ऊर्जा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाने के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस परियोजना में बिहार सरकार को पूरी तरह से मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में छह स्मॉल माड्यूलर रिएक्टर लगाने की योजना है जिसमें से एक प्लांट बिहार में लगाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि आने वाले समय में देश को और अधिक पावर की जरूरत होगी। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए हम सभी राज्यों में न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाएगी और केंद्र सरकार इस दिशा में सहयोग प्रदान करेगी। राजधानी पटना के एक होटल में आयोजित पांचवीं क्षेत्रीय ऊर्जा बैठक के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने देश की ऊर्जा स्थिति और भविष्य की योजनाओं को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में पावर सरप्लस की स्थिति बनी हुई है। भारत अब कई देशों को बिजली की आपूर्ति भी कर रहा है।





इस बैठक में यह प्रस्ताव भी सामने आया कि प्रत्येक राज्य में एक-एक न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना की जाए। मंत्री खट्टर ने कहा कि भारत की वर्तमान बिजली जरूरत 242 गीगावाट है और इस आवश्यकता को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी ऐलान किया कि आगामी कुछ महीनों के लिए बिहार को 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, बिजली स्टोरेज की व्यवस्था को लेकर भी बिहार सरकार की ओर से मांग की गई है, जिस पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने ट्रांसमिशन की समस्याओं को स्वीकार किया और कहा कि आने वाले समय में इस दिशा में खास फोकस किया जाएगा। इसके अलावा, साइबर सिक्योरिटी को मजबूत करने के लिए स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। बिहार के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे विकास की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में अब तक 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जो इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बिहार ने बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है और राज्य की ऊर्जा मांग को केंद्र सरकार द्वारा पूरी प्राथमिकता दी जा रही है। इस बैठक में पूर्वोत्तर, पूर्वी और कुछ मध्य भारतीय राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य था—ऊर्जा क्षेत्र में राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाना, तकनीकी और नीति संबंधी मुद्दों पर चर्चा करना, और बिजली व्यवस्था को और अधिक कुशल एवं सुरक्षित बनाना। राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने पीएम कुसुम योजना को दिसंबर 2025 तक पूरा करने और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को तेजी से लागू करने का आग्रह किया। विद्युत सचिव ने सभी का स्वागत किया और बिजली क्षेत्र की चुनौतियों पर सामूहिक विचार-विमर्श का आह्वान किया। उन्होंने भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन और संचरण क्षमता बढ़ाने, साइबर सुरक्षा लागू करने, और वितरण यूटिलिटियों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की सलाह दी।

## अब 15 लाख तक की योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगी पंचायती राज संस्थाएं : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अब ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद जैसी त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाएं 15वें वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त 15 लाख रुपये तक की योजनाओं को विभागीय तौर पर क्रियान्वित कर सकेंगी। मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने बताया कि विगत 12 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में इस आशय की घोषणा की जा चुकी है। राज्य सरकार ने यह फैसला योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने और उन्हें आम जनता तक शीघ्र पहुंचाने के उद्देश्य से लिया है। ज्ञात हो कि पंचायती राज संस्थाओं को ग्रामीण विकास कार्यों के लिए केंद्र और राज्य सरकार से बड़ी मात्रा में धनराशि प्राप्त होती है। वर्तमान में वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग और आरजीएसए राज्य मद की राशि पीएफएमएस और सीएफएमएस के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है। मुख्य सचिव ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी कि निविदा प्रक्रिया में मानव बल की कमी, निविदा के दौरान 'ठेकेदार लाभ' (कॉन्ट्रैक्टर प्रोफिट) जुड़ने से लागत में वृद्धि और निविदा निष्पादन में देरी के कारण 15 लाख रुपये तक की योजनाओं को विभागीय स्तर पर क्रियान्वित करने की अनुमति दी जाए। इन मांगों और योजनाओं को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से लागू करने की आवश्यकता को देखते हुए, विभाग ने इस पर गहन विचार-विमर्श के बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सभी जिला परिषदों को भी इस निर्णय से अवगत करा दिया गया है। इससे योजनाओं का कार्यान्वयन पारदर्शिता, कार्यक्षमता और संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### मशरख सीएचसी के प्रभारी निलंबित

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** मशरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और झूठे जख्म प्रतिवेदन जारी करने, सरकारी दवाओं के दुरुपयोग और खून की जांच में आवश्यक केमिकल की अनुपलब्धता जैसी गंभीर लापरवाहियों के आरोप हैं। प्रारंभिक जांच में इन आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्य पाये जाने के बाद यह कड़ी कार्रवाई की गई।

#### ओझा की गला रेतकर हत्या

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** कादिरगंज ओपी के आंती गांव में 25 वर्षीय ओझा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। मंगलवार की सुबह उसकी सिरकटी लाश आंती गांव के बधार स्थित गेहूं लगी खेत से बरामद की गई। मृतक की पहचान हृदय राजवंशी के रूप में हुई है। सुबह स्थानीय लोगों को गांव के बधार में उसका शव मिला। शव की जांच में पता चला कि उनके गर्दन, कंधे और पेट में चाकू से कई वार किए गए थे।

#### किराये के कमरे से मिला शिक्षक का शव

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के +2 हाई स्कूल छतियैनी में पदस्थापित बीपीएससी शिक्षक की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के इस्लामपुर थाना अंतर्गत हरहरिया पनपारा गांव निवासी कौशिक देवनाथ के रूप में हुई है। मृतक चंद्रदीप बाजार स्थित बाल्मीकि सिंह के मकान में किराए पर रहते थे।

#### लोजपा नेता के पुत्र की हत्या

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** सलखुआ थाना क्षेत्र के डीह टोला वार्ड नंबर 10 में लोजपा (रा) नेता के बेटे की हत्या से सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। सोमवार की शाम की दबंगों ने अरुण यादव के बेटे पर हमला कर दिया। बेटे की पिटाई करती देख मां बचाने आयी तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। परिजन राकेश कुमार को सदर अस्पताल ला रहे थे इसी दौरान उसकी मौत हो गयी।

#### कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार एसटीएफ ने मंगलवार को राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र से अंतरराज्यीय कुख्यात अपराधी अजय वर्मा को तीन सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम कर दिया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

## डंपर-ऑटो की टक्कर में दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला मुख्यालय स्थित बेदा नहर के समीप मंगलवार की सुबह एक डंपर और ऑटो की जोरदार टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मरने वालों में एक वनकर्मी इंद्रदेव सिंह के 17 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार शामिल हैं, जो माली का काम करते थे। वहीं दूसरे मोरसराय निवासी 45 वर्षीय भोला पासवान किसान थे। जानकारी दी गई कि तेज रफ्तार डंपर और आटो की टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका फिलहाल सदर अस्पताल सासाराम में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि ऑटो में सवार तीन से चार लोग सासाराम की तरफ आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक डंपर ने ऑटो को रौंद डाला जिससे घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पुरानी जीटी रोड को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोग मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने एवं डंपर चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर तत्काल सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार एवं नगर थाने की पुलिस पहुंची और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा-बुझा काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को सड़क से हटाया। इस क्रम में लगभग 2 से 3 घंटे तक शहर की मुख्य सड़क बाधित रही और सड़क के दोनों तरफ भारी संख्या में वाहन फंसे रहे। घटना को लेकर डीसीपी दिलीप कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराकर सड़क से हटा दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नीतीश कैबिनेट की बैठक में 46 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## बिहार के सभी पंचायतों में बनेंगे विवाह भवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कैबिनेट के बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में कुल 46 एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार चुनाव से पहले बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह कार्यक्रम में सुविधा के लिए करीब 8000 पंचायतों में विवाह भवन का निर्माण कराने का फैसला लिया है। सरकार ने आज हुई कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना' की मंजूरी दे दी। इसके लिए सरकार ने 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। सीएम की तरफ से एक्स पर लिखा गया है कि इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दादियों की तरफ से किया जाएगा। पंचायत स्तर पर विवाह भवनों के निर्माण से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को काफी फायदा होगा।' सीएम नीतीश ने एक्स पर लिखा कि आप सभी को पता है कि जीविका द्वारा संपोषित 'दीदी की रसोई' का संचालन बहुत अच्छे ढंग से हो रहा है। सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, अस्पतालों और



सरकारी संस्थानों में 'दीदी की रसोई' से 40 रुपए प्रति थाली में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था। बिहार सरकार ने 75 एसी बसें खरीदने के लिए भी मंजूरी दी है। एक बस की अनुमानित कीमत 74 लाख रुपए है। इसके लिए परिवहन निगम को 55.50 करोड़ रुपए अनुदान दिए जाएंगे। ये बसें भी अन्तरराज्यीय मार्गों पर चलेंगी। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि अगर कोई निजी बस ऑपरेटर अन्तरराज्यीय मार्गों के लिए नई एसी बस खरीदेगा तो सरकार उसे हर बस पर 20 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देगी। 150 बसों के लिए कुल 30 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। साथ ही योजना को सही तरीके से चलाने के लिए 60 लाख रुपए अतिरिक्त खर्च करने की मंजूरी भी दी गई है। कुल खर्च 30.60 करोड़ रुपए होगा। कैबिनेट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि को भी बढ़ाया है। पहले इस योजना के तहत विधवा महिलाओं, वृद्ध जनों और दिव्यांगों को 400 रुपए प्रति महीने मिलते थे। अब 1100 रुपए दिए जाएंगे। जुलाई से बढ़ी हुई पेंशन मिलने लगेगी। महीने के पहले 10 दिनों में ये पेंशन अकाउंट में ट्रांसफर होगी। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को मदद मिलेगी। इस बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर कुल 9,202 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इसके अलावा पंचायत राज संगठन के सभी स्तर के लोगों के मानदेय को बढ़ाकर डेढ़ गुना करने और पंचायत प्रतिनिधियों के सामान्य मृत्यु होने पर भी 5 लाख अनुग्रह अनुदान देने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है। राज्य मंत्रिपरिषद ने 38 जिलों में 4079 सड़कों के निर्माण की योजना को हरी झंडी दे दी। इन सड़कों की लंबाई 6484 किलोमीटर हैऔर इनके निर्माण पर 5627 करोड रुपए खर्च होंगे।

## बिहार धर्म और ज्ञान की भूमि : उपराष्ट्रपति

**के.के. कौशिक/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिहार की ऐतिहासिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देते हुए मंगलवार को मुजफ्फरपुर का दौरा किया। वे एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जहां उन्होंने राज्य के बौद्धिक योगदानों की सराहना की और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि बिहार की भूमि धर्म, शिक्षा और चेतना की प्रतीक रही है। इसी भूमि ने देश को जयप्रकाश नारायण जैसे महान लोकतंत्र सेनानी और अनेक मनीषी दिए हैं। उन्होंने बिहार के ऐतिहासिक महत्व और उसके बौद्धिक योगदान को रेखांकित करते हुए राज्य की ज्ञान परंपरा को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को क्रांतिकारी और दूरदर्शी पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति भारत के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगी। समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संसदीय जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिताए पलों को आत्मीयता से याद किया। उन्होंने अपने भाषण में पहलगाम यात्रा और ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया जो उनके सार्वजनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण अध्यायों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में आकर मुझे नई ऊर्जा मिलती है। यहां की जनता का उत्साह और ज्ञान पूरे देश के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षाविद, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह का आयोजन भव्य और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस समारोह में बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय भी उपस्थित रहे। उन्होंने कॉलेज की उपलब्धियों और उसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बारे में चर्चा की।





## लालू प्रसाद यादव 13वीं बार बने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

- निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने की उनके निर्विरोध चुने जाने की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव 13वीं बार निर्विरोध पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध उनके निर्वाचित होने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने इसकी घोषणा की। श्र्भ पूर्वे ने बताया कि लालू प्रसाद यादव 13वीं बार राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। मंगलवार को नाम वापस लेने का समय दोपहर 3:00 बजे तक का था। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ लालू प्रसाद यादव ने नामांकन किया था। उन्होंने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने लालू प्रसाद यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। लालू प्रसाद यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन पत्र 5 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय परिषद की बैठक में दिया जाएगा। लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू प्रसाद यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसके साथ ही यह स्पष्ट हो गया था कि उनका निर्वाचन निर्विरोध होगा। मंगलवार को दोपहर 2 बजे नामांकन पत्रों की जांच की गई। नाम वापस लेने की समय सीमा दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक तय की गई थी, लेकिन लालू प्रसाद यादव ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। इसके बाद उन्हें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए अधिसूचना जारी कर दी गई।

## स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में सेरोगेसी बोर्ड का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश सरकार सेरोगेसी कानून को मंजूरी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी एवं सरोगेसी बोर्ड का गठन कर दिया है। ऐसे में अब किराए के कोख से संतान पैदा होने का रास्ता साफ हो गया है। इसका फायदा उन दंपतियों को होगा, जिनकी कोई संतान नहीं है। ऐसे दंपति को अब आईवीएफ के सरोगेसी एक विकल्प का काम करेगा। भविष्य में ऐसे मामलों में कोई कठिनाई न हो इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार बोर्ड राज्य में सरोगेसी मामलों में नीति बनाने के साथ इसमें सुधार के सुझाव देने का काम करेगा। साथ ही सरोगेसी से जुड़ी सभी गतिविधियों की निगरानी करेगा। क्लीनिक को निबंधित करने और उनमें सरकार की नीतियों को लागू करने की दिशा में काम करेगा। यह बोर्ड केंद्र सरकार के बोर्ड की तर्ज पर काम करेगा और प्रदेश में सरोगेसी के क्षेत्र में होने वाले कार्यों की रिपोर्ट केंद्र सरकार को मुहैया कराएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सरोगेट माताओं को कानूनी संरक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएं और बीमा कवरेज सुनिश्चित कराना भी बोर्ड का काम होगा। पदेन अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव पदेन उपाध्यक्ष, पदेन सदस्यों में महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, निदेशक प्रमुख, विधायक शालिनी मिश्रा, निवेदिता सिंह, श्रेयसी सिंह, भ्रूण विज्ञानी डा संगीता, डा दयानिधि कुमार, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. मंजू गीता मिश्रा, डा. स्मृति स्पर्श, डा. रीता शर्मा के अलावा अनुराधा गुप्ता, डा. शांति राय, सीमा पांडेय, मंजू सिन्हा, शशि बलडिहार और स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव को सदस्य बनाया गया है।

## बेगूसराय से लखीसराय तक बनेगा शाम्हो-मटिहानी पुल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गंगा नदी पर बनने वाले पुल के मार्ग (एलाइनमेंट) में बदलाव किया गया है। पहले यह पुल बेगूसराय के मटिहानी से शाम्हो के बीच बनना था। लेकिन इसे अब 10 किलोमीटर आगे बेगूसराय के वीरपुर से लखीसराय के कजरा के बीच बनाया जाएगा। लखीसराय शहर के बजाए यह पुल मुंगेर को सीधा संपर्क प्रदान करेगा। केंद्र सरकार ने पुल के इस एलाइनमेंट की सैद्धांतिक सहमति दे दी है। रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे के तहत बनने वाले इस पुल के आधार पर ही सड़क की डीपीआर बनाई जा रही है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे परियोजना की समीक्षा की। इस सड़क के लिए अभी डीपीआर बनाई जा रही है। डीपीआर तैयार कर रही कंसलटेंट कंपनी ने मंत्रालय के समक्ष अपना प्रेजेंटेशन दिया। उसमें एजेंसी का कहना था कि मटिहानी-शाम्हो पुल के मौजूदा स्थल को लेकर अगर रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा तो उसकी उपयोगिता उतनी प्रभावी नहीं होगी। इस सड़क के निर्माण में भी लागत बढ़ जाएगी। विमर्श के दौरान यह पता चला कि मटिहानी-शाम्हो को लेकर मंत्रालय ने कोई कागजी मंजूरी नहीं दी है। इसलिए मंत्रालय ने मटिहानी-शाम्हो के बदले बीरपुर से कजरा के पहले इस पुल को बनाने का निर्णय लिया। मंत्रालय ने एजेंसी को नए एलाइनमेंट के आधार पर ही रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे की डीपीआर बनाने को कहा है। डीपीआर बनने के बाद जमीन अधिग्रहण और आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। बेगूसराय में बनने वाला यह पुल गंगा में 19वां पुल होगा। गंगा पर बक्सर में अभी दो पुल बने हुए हैं, जबकि एक का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। इसके बनने से बक्सर में कुल सात लेन का पुल हो जाएगा। आरा-छपरा चार लेन पुल है। शेरपुर-दिघवाड़ा छह लेन पुल बन रहा है। जेपी सेतु पुल अभी दो लेन का है। इसके समानांतर छह लेन का पुल बन रहा है।



# तेलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए बिहार सरकार का बड़ा कदम

## बिहार के किसानों को शत-प्रतिशत अनुदानित दर पर मिल रहा सोयाबीन बीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित खाद्य तेल-तेलहन योजना के तहत बिहार में तेलहन फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य न केवल तेलहन फसलों के आच्छादन क्षेत्र में वृद्धि लाना है, बल्कि किसानों की आय में भी स्थायी रूप से सुधार करना है।
उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खरीफ 2025 के दौरान सोयाबीन फसल को विशेष रूप से बढ़ावा देने के लिए तीन जिलों बेगूसराय, लखीसराय और खगड़िया को चिन्हित किया गया है। इन जिलों में 5000 एकड़ भूमि पर फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों को 4,000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही 355 क्विंटल प्रमाणित सोयाबीन बीज 100 प्रतिशत अनुदानित दर पर वितरित किए जा रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में सोयाबीन बीज उत्पादन को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा 100 क्विंटल प्रजनक बीज उपलब्ध कराया गया है जिसका उत्पादन राज्य के बीज गुणन प्रक्षेत्रों में कराया जा रहा है। इससे न केवल बीज की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि भविष्य में किसानों को स्थानीय स्तर पर बीज सुलभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नवीनतम तकनीक से जोड़ने और उत्पादन की दक्षता बढ़ाने के लिए फार्मर्स फील्ड स्कूल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में एक क्लस्टर का निर्माण कर वैल्यु चेन पार्टनर्स के माध्यम से योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन से राज्य में तेलहन फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, कृषकों की आत्मनिर्भरता और आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी जिससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम पर शिक्षकों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के नेतृत्व में तथा मंत्रा 4 चेंज के सहयोग से, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जून माह का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित हुआ जिसमें सभी जिला से जिला शिक्षक शिक्षा समन्वयक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं गणित व विज्ञान विषय के शिक्षक / शिक्षिका, तथा जिला एवं प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. रश्मि प्रभा ने शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीबीलएल परियोजनाएं न केवल विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों का विकास करती हैं, बल्कि शिक्षकों की पेशेवर दक्षताओं और दृष्टिकोण को भी समृद्ध बनाती हैं।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह की 15वीं पुण्य तिथि के अवसर पर जमुई जिला के गिद्धौर के नया गांव में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व. दिग्विजय सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, स्व0 दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद पुतुल सिंह, स्व0 दिग्विजय सिंह की पुत्री एवं विधायक श्रेयषी सिंह अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जेपी, लोहिया, कर्पूरी के गुनाहगार हैं लालू यादव : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि आज से 50 साल पहले 1975 में 24 और 25 जून की मध्यरात्रि में ही देश में आपातकाल लगाकर तत्कालीन कांग्रेस की निरंकुश सरकार ने भारतीय लोकतंत्र को लहूलुहान किया था। इसके प्रतिरोध में जेपी के हुंकार पर पूरा देश उबला और तानाशाही के विरोध में तन कर खड़ा हुआ। मगर दुर्भाग्य है कि इसी आंदोलन की कोख से जन्मे लालू जी ने बाद में कुर्सी बचाने के लिए देश के लोकतंत्र और संविधान को कुचलने वाली उस कांग्रेस से समझौता कर लिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि जेपी के कथित 'क्रान्तिपुत्र लालू' ने कांग्रेस से सत्तालोलुप्ता में न केवल अपनी जमीर का सौदा किया बल्कि जेपी, लोहिया और कर्पूरी के गैर कांग्रेसवाद के सिद्धांतों की भी तिलांजलि दे दी। लालू जी सही मायने में लोकनायक जय प्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के असली गुनाहगार है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वंशवाद की बुनियाद पर खड़ा लालू जी का समाजवाद एक ढोंग और दिखावा था। श्री पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की असली हत्यारी कांग्रेस से आज भी गलबहियां कर बिहार की सत्ता हथियाने का सपना देख रहे लालू जी और उनके कुनबे को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# बिहार के 165 पर्यटक स्थलों की जानकारी अब सिर्फ एक क्लिक पर

## मंत्री राजू कुमार सिंह ने किया नई और आधुनिक विभागीय वेबसाइट का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 165 प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी अब बस एक क्लिक पर मिलेगी। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन निदेशालय सभागार में नई विशेषताओं से परिपूर्ण वेबसाइट का शुभारंभ किया। नए सिरे से तैयार इस वेबसाइट पर पर्यटकों, पर्यटन क्षेत्र के शोधकर्ताओं और पर्यटन विभाग की योजनाओं की सभी जानकारी हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मिलेगी।

**पर्यटन विभाग का मोबाइल एप भी जल्द**

कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटक वेबसाइट से पर्यटन स्थल और मानचित्र को नहीं बल्कि जियोविजर डाउनलोड कर इसके जरिए पूरे स्थल जायजा सीधे तौर पर ले सकते हैं। इससे लोगों को पर्यटक स्थल तक पहुंचने में सहूलियत होगी। वेबसाइट पर विभाग से संचालित नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले दिनों में बिहार पर्यटन नीति के आवेदन के फॉर्म्स, मुख्यमंत्री होमस्टे बेड टू ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना, होटल एवं टूर ऑपरेटर के मान्यता से संबंधित आवेदन भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही पर्यटन विभाग का मोबाइल ऐप भी बन रहा है। वहीं पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि विभाग वेबसाइट पर लोग भी अपना सुझाव दे सकते हैं।

**वेबसाइट पर महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की जानकारी मिलेगी**

पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर प्रमुख पर्यटन सर्किट जैसे बुद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सिख सर्किट, रामायण सर्किट, इको सर्किट, सूफी सर्किट और गांधी सर्किट से संबंधित स्थलों की विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रत्येक सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों के इतिहास, धार्मिक महत्ता और वहां उपलब्ध पर्यटक सुविधाओं का विवरण भी उपलब्ध है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग से आयोजित सभी वार्षिक कार्यक्रमों को इस वेबसाइट पर दर्शाया गया है जिससे पर्यटक इन आयोजनों की पूर्व जानकारी लेकर अपनी यात्रा की योजना बना सके। इसके साथ ही वेबसाइट पर मान्यता प्राप्त पर्यटन गाइडों, टूर ऑपरेटर्स और होटलों की सूची भी है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

# कर्मचारियों को आर्टिफिसियल इन्टेलिजेंस की चार दिवसीय बेसिक व एडवांस ट्रेनिंग दिलायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पर्षद् की अगली पीढ़ी को प्रौद्योगिकियों के साथ बिहार के पर्यावरण संरक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमता प्रशिक्षण प्रदान करने में देश की अग्रणी संस्था ''एच.सी.एल-जी.यू.वी.आई'' के साथ साझेदारी की गयी है जो आई.आई.टी मद्रास और आई.आई.एम., अहमदाबाद द्वारा विकसित एडटेक में प्रवीण है। संस्था द्वारा सरकारी क्षेत्र के कर्मियों को डिजीटल उपकरणों और कृत्रिम बुद्धिमता में कुशल बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बिहार में प्रथम बार इस तरह का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसी सोच के तहत बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अधिकारियों व कर्मचारियों को आर्टिफिसियल इन्टेलिजेंस की चार दिवसीय बेसिक व एडवान्स ट्रेनिंग ''एच.सी.एल-जी.यू.वी.आई'' द्वारा दिलायी गयी है। दो दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात निर्धारित अंक प्राप्त करने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को पुनः दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य पर्षद् की इस पहल से पर्षद् के करीब 100 अधिकारियों /कर्मचारियों में से वैसे कुल 25 प्रशिक्षु जिन्हें 50 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं को आज पर्षद् अध्यक्ष डॉ. डी.के.शुक्ला, सदस्य-सचिव नीरज नारायण, भा.व.से. तथा प्रशिक्षण टीम के प्रशिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन का निधन हो गया। उन्होंने सोमवार रात दिल्ली में आखिरी सांस ली। बता दें कि अरुण जी 'नवभारत टाइम्स' पटना के पूर्व रेजीडेंट एडिटर के अलावा दिल्ली संस्करण के ब्यूरो प्रमुख भी रह चुके थे। उनके निधन पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने शोक जताया। अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष कमल किशोर, विष्णुकांत मिश्र आदि ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# बिहार में महिलाओं, बच्चियों पर बढ़े अत्याचार पर खामोश क्यों सरकार : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गयाजी जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र के बांके बाजार में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना के बाद बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम दल-बल के साथ गयाजी पहुंचकर सिटी एसपी से शिष्टमंडल के साथ मुलाकात कर नाबालिग बच्ची को न्याय दिलाने के लिए कल देर शाम मुलाकात की। साथ ही उन्होंने प्रेस के माध्यम से परिजनों को हर संघर्ष में साथ देने की बात कह कर ढांढ़स बढ़ाया और उनके लिए न्याय की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का समर्थन दिया। गयाजी पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार में अपराध और अपराधी नीतीश भाजपा सरकार के नियंत्रण से बाहर जा चुके हैं। रोजाना सूबे में आपराधिक घटनाएं हो रही है। पुलिस और कानून व्यवस्था का कोई खौफ अपराधियों में नहीं रह गया है और यह सरकार के गिरते इकबाल का परिचायक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेतावस्था में चले गए हैं और बिहार को भयाक्रांत कर रख दिया है। प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है और महिलाएं, बच्चियों तक की अस्मिता खतरे में आ गई है। रोजाना बलात्कार और महिला अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि प्रदेश में गुंडाराज स्थापित हो चुका है और रोजाना स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने ट्रैवल एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि अमेरिकी नागरिक भारत में अकेले न घूमें और भारत को बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद से ग्रस्त देश बताया जिसमें बिहार को लेकर विशेष तौर पर यात्रा की मनाही की गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश की जगहंसाई कराने वाले भाजपा और नीतीश कुमार को कम से कम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही ढंग से करना चाहिए और राज्य में कानून का राज अपने बचे कार्यकाल में स्थापित करके आराम से रिटायरमेंट लेना चाहिए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ कांग्रेस का शिष्टमंडल जिसमें जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, रजनीश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी, पूर्व उप महापौर, गया नगर निगम मोहन श्रीवास्तव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष कोंच रिया कुमारी शामिल रहीं, ने सिटी एसपी से मिलकर बच्ची को उचित न्याय और दोषियों को स्पीडी ट्रायल चला कर सजा देने के साथ पीड़िता के परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

# बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ का अधिवेशन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ का अधिवेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम चरण में नई कार्यकारिणी के गठन हेतु मतदान हुआ जिसकी गिनती देर रात 11:30 बजे संपन्न हुई। चुनाव में अध्यक्ष पद पर शशि सिंह, महामंत्री पद पर शशि भूषण कुमार (निवर्तमान अध्यक्ष) और कोषाध्यक्ष पद पर अमृतेश कुमार विजयी घोषित हुए। इस प्रक्रिया में 700 से अधिक सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। अधिवेशन में संगठन की भावी दिशा और सहकारिता विकास पर गंभीर विमर्श हुआ।

# मंत्री ने किया प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीतिगत दस्तावेज का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत में कोविड -19 के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के आलोक में नागरिक सामाजिक संगठनों का क्षमतावर्धन को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ (जी पी एस वी एस) द्वारा वेल्ट हंगर हिल्फ एवं द यूरोपियन यूनियन के सौजन्य से पटना के अनुग्रह नारायण सिन्हा इंस्टीट्यूट में किया गया। इस राज्यस्तरीय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जीपीएसवीएस के अध्यक्ष रमेश कुमार ने मंत्री संतोष कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। बिहार में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीतिगत दस्तावेज का विमोचन मंत्री द्वारा किया गया। मौके पर श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा मजदूरों के हित में अनेकों योजना चलाई जा रही है। बिहार प्रवासी मजदूरों को सुविधा दिलाने में अग्रणी राज्य है। उन्होंने जीपीएसवीएस द्वारा प्रवासी मजदूरों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यशाला में बेल्ट हंगर हिल्फे की प्रोजेक्ट हेड अपर्णा लाल ने बिहार में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रवासी मजदूरों की जिंदगी बेहतर बनाने हेतु कार्य करना चाहिए ताकि उनका जीवन खुशहाल हो सके। कार्यशाला में सुपौल से आए प्रवासी श्रमिक वंश नारायण मेहता ने बताया कि संस्था द्वारा उन्हें कोविड काल में जो कौशल विकास का प्रशिक्षण मिला उससे आज वे आत्मनिर्भर और खुशहाल है। आज वे ट्रेनर बनकर अन्य लोगों को मदद कर रहे हैं। वही अन्य प्रवासी श्रमिक मुनचुन, दीपेश राय ने मंत्री के समक्ष संस्था द्वारा मुख्य उपलब्धि को रखा जिसे श्रम संसाधन मंत्री ने ध्यान पूर्वक सुना और संस्था के कार्यों की सराहना की। पटना विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अविरल पाण्डेय द्वारा प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुति की गई। मौके पर मिल ऑफिसर अर्चना कुमारी, अजय झा, प्रशांत कुमार सिंह, मो.अताउल्ला, अंजू रेमी, सुनील कुमार, चंद्रभूषण सिंह, साकिव आलम, मोनी कुमारी, साधना, शोभा कुमारी सहित समाजसेवी, बुद्धिजीवी के अलावे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# एचएमएसआई ने अपना पहला इवी कॉन्सेप्ट स्टोर किया उद्घाटित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपना पहला इवी कॉन्सेप्ट स्टोर बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित मंत्री स्क्वायर मॉल में उद्घाटित किया। यह अनोखा स्टोर ग्राहकों को होंडा की मोबिलिटी, तकनीक और नवाचार की दुनिया का अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी मौके पर एचएमएसआई ने एक्टिवा ई के लिए नया बैटरी-एज-ए-सर्विस लाइट प्लान भी पेश किया जिसमें ग्राहक सिर्फ 678 रुपये में 20 किलोवाट-घंटा तक की एनर्जी उपयोग कर सकते हैं। स्टोर का मुख्य आकर्षण एक बड़ा एलईडी डिस्प्ले है जो इंटरैक्टिव कंटेंट, ब्रांड स्टोरीटेलिंग और प्रोडक्ट हाइलाइट्स के माध्यम से आगंतुकों को आकर्षित करता है। इस अनोखे स्टोर में ग्राहकों को एक्टिवा इ और क्यूसी1 जैसे इलेक्ट्रिक मॉडलों को करीब से देखने, उनकी तकनीकी खूबियों को समझने और होंडा की बैटरी स्वैपिंग तकनीक का डेमो देखने का मौका मिलेगा। यह प्लान खासकर उन उपयोगकर्ताओं के लिए बनाया गया है जिनकी दैनिक यात्रा कम होती है और जो कम लागत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाना चाहते हैं। लाइट प्लान (रुपये 678 - 20 किलोवाट-घंटा प्रति माह), बेसिक प्लान (रुपये 1,999-35 किलोवाट-घंटा प्रति माह) और एडवांस (रुपये 3,599-87 किलोवाट-घंटा प्रति माह) यह नया लाइट प्लान, होंडा के मौजूदा बेसिक और एडवांस प्लानों के अतिरिक्त उपलब्ध होगा।

# आइजीआइएमएस में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया विस्तार : मंगल पांडेय

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया मरीज हित में कई अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री, बिहार-सह-अध्यक्ष, शासी निकाय, आईजीआईएमएस पटना मंगल पाण्डेय एवं विधायक दीघा विधान सभा संजीव चौरसिया के द्वारा मंगलवार को संस्थान में चार अतिमहत्वपूर्ण सुविधाओं का उदघाटन किया। पेडियेट्रिक्स ऑनकोलोजी वार्ड, 02 मॉडयूलर ओटी, एससीआई में रोबोटिक संचालित फिजियोथेरेपी एवं मॉलेक्यूलर फार्मॉकोलॉजी रिसर्च लैब का फॉर्माकोलॉजी विभाग में लोकार्पण किया गया। इन अतिरिक्त सुविधाओं की कुल राषि करीब आठ (08) करोड़ है। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पेडियेट्रिक्स ऑनकोलोजी वार्ड के उदघाटन पर प्रकाश डाला एवं बताया कि 12 बेड का उदघाटन किया गया जो अभी 10 है। ये वार्ड बच्चों के लिए बहुत पारिवारिक माहौल के अनुसार बनाया गया है। उसमें उपचार करा रहे बच्चों के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है जिसमें उनका इलाज हो, वे खेले, पढाई करें एवं हर प्रकार से स्वास्थ्य सेवाओं का भी ध्यान रखा गया है। साथ - साथ चिकित्सकीय सेवाओं का भी ध्यान रखा गया है। उपचार करवाने आये बच्चों की सुविधा के लिए चाइल्ड फिजियोलाजिस्ट डायटिशियन को नियुक्त किया गया है। ये वार्ड संक्रमण से सुरक्षित एवं बच्चों के अनुकुल बनाया गया है जिससे कि बच्चों को सुरक्षित एवं साकारात्मक वातावरण मिल सकेगा जो कि बिल्कुल पारिवारिक लगेगा। स्वास्थ्य मंत्री एवं डॉ संजीव चौरसिया, विधायक ने कैंसर से विजय पाये हुए सैकड़ों बच्चों से मुलाकात की एवं उनका कुशलक्षेम पूछा जिस कैंसर संस्थान की नींव बिहार के मुखिया नीतीश कुमार एवं स्वास्थ्य मंत्री ने इसका शिलान्यास किया था। आज अतिरिक्त सुविधाओं से इतने सारे बच्चों को एक नई जिंदगी मिल रही है उस पर हर्ष प्रकट किया गया। श्री पांडेय ने कैंसर विभाग में उदघाटन होने वाले आधुनिक मॉडयूलर ओटी 03 एवं 04 के बार में प्रकाश डाला एवं बताया कि आज इस ओटी की शुरुआत की गई। जिससे कि स्टेट कैंसर केन्द्र के मरीजों को सर्जरी के दौरान एवं बाद में संक्रमण नियंत्रण हेतु उच्च गुणवत्ता वाले वेनटिलेशन एंड फिल्टरेशन सिस्टम शामिल है। इस ओटी के चालू हो जाने से कैंसर के खिलाफ लड़ाई में हम और अधिक प्रभावी साबित होंगे।

# जरूरतमंद बच्चों को साइकिल एवं महिलाओं को दी सिलाई मशीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी चाणक्य प्राइड एवं पटना ऑब्स्ट्रेक्ट्रिक और गाइनेकोलॉजिकल सोसाइटी की शाखा ब्रेस्ट एण्ड प्यूरपिरल कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में राजेंद्र नगर स्थित मोदी क्लिनिक में जरूरतमंद बच्चों के बीच साइकिल एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस मौके पर दोनों संस्था की ओर से 10 स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच साइकिल एवं दानापुर की महिला शोभा जी के सिलाई प्रशिक्षण केंद्र को पांच सिलाई मशीन दिया गया। इस मौके पर रोटरी चाणक्य प्राइड के अध्यक्ष श्वेता मोदी ने बताया कि उनकी संस्था का प्रयास है कि हर जरूरतमंद लोगों को उनके उपयोग की सामग्री मिले ताकि वह भी अपना जीवन अन्य लोगों की तरह सही ढंग से जी सकें। उन्होंने कहा स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए साइकिल बहुत ही उपयोगी है उतना ही एक घर गृहस्थी चलाने वाले महिला के लिए सिलाई मशीन जरूरी। इस मौके पटना आब्सट्रेट्रिक एण्ड गाइनेकोलॉजिकल सोसाईटी के ब्रेस्ट एंड प्युरपेरल हेल्थ कमिटी की चेयरपर्सन डॉ चारू मोदी ने कहा कि बच्चे अगर साइकिल से स्कूल जाएंगे तो उनको बिना किसी खर्च का स्कूल जाने में सहूलियत होगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। डॉ मोदी ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार साइकिल से स्कूल जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बस या अन्य साधनों से स्कूल जाने वाले बच्चों से बेहतर होता है। साथ ही सिलाई मशीन से भी कामकाजी महिलाओं का व्यायाम होता है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पाब्स की पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रमिला मोदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रोटरी चाणक्य प्राइड की सचिव वीनू भरतिया ने किया। इस मौके पर डॉ गौतम मोदी, निधि बजाज, खुशबू अग्रवाल, निखिल भारतीया, उद्धव मोदी, साकेत सुरेका, सहित बड़ी संख्या में रोटरी चाणक्य प्राइड के सदस्य एवं बच्चों के माता-पिता मौजूद थे।

## जनता से संवाद, समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# कैमूर के जिलाधिकारी का जनता दरबार अब प्रत्येक शुक्रवार को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में कैमूर जिला प्रशासन ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। डीपीआरओ ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि जिलाधिकारी सुनील कुमार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अब प्रत्येक शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय स्थित मुंडेश्वरी सभागार में जनता दरबार का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा आधिकारिक आदेश भी निर्गत कर दिया गया है। यह जनता दरबार जनसुनवाई की पारंपरिक प्रक्रिया से कहीं अधिक सशक्त और व्यवस्थित होगा जिसमें आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से सुनिश्चित किया जाएगा।

**नियमितता और समयबद्धता**

जनता दरबार का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से किया जाएगा। इससे लोगों को समय और दिन की निश्चित जानकारी रहेगी और वे अपनी समस्याओं के साथ पूर्व नियोजित ढंग से पहुंच सकेंगे।

**समेकित पदाधिकारी उपस्थिति**

जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है जिससे शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन संभव होगा।

**आवेदन सूचीबद्ध करने की व्यवस्था**

आवेदनों व परिवादों को विधिवत सूचीबद्ध करने एवं उनके वर्गीकरण हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ताकि शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता और क्षेत्रीय आधार पर किया जा सके।

**नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति**

उज्ज्वल कुमार, वरीय उप समाहर्ता, कैमूर को जनता दरबार का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इनके सहयोग हेतु रत्नेश्वर कुमार, सहायक परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीए कैमूर की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने इस पहल को प्रशासन और आमजन के बीच संवाद की एक सशक्त कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार केवल शिकायत दर्ज करने का मंच नहीं, बल्कि प्रशासनिक उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता का भी प्रतीक है। इससे प्रशासन में पारदर्शिता, जिम्मेदारी तथा आम जनता में विश्वास का भाव उत्पन्न होगा। यह नवाचारी पहल न केवल समस्याओं के त्वरित समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि लोक प्रशासन को और अधिक जनोन्मुखी एवं प्रभावशाली बनाएगी।

## भभुआ में फिर सुबह सबेरे चली गोली, घायल युवक रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** शहर में फिर सुबह सवेरे गोली चल गई। बाइक सवार दो हमलावरों ने युवक को गोली मारी और निकल लिए। बीते 20 मई को भी सुबह में शहर के एक पेट्रोल पंप पर स्टाफ की गोली मार हत्या की घटना घटी थी। ताजा घटना मंगलवार की सुबह करीब 9:15 बजे कलेक्ट्रेट से चंद कदम पहले वेयर हाउस के सामने घटी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक शहर के वार्ड नंबर 11 के वीरेन्द्र गोड़ का बेटा अभिषेक कुमार बताया जाता है। मौके पर पहुंची भभुआ थाने की पुलिस घायल युवक को सदर अस्पताल पहुंचाई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक को कंधे में गोली लगी है। बताया जाता है कि युवक बाइक से कलेक्ट्रेट की ओर जा रहा था, इस दौरान दूसरे बाइक से दो अपराधी वहां पर आए और युवक को गोली मारकर फरार हो गए।

डीएसपी शिवशंकर कुमार ने बताया कि गोली से घायल युवक को भभुआ सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## खुदकुशी करने पहुंचे परिवार की आरपीएफ ने बचाई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** खुदकुशी के लिए पुसौली स्टेशन पर पहुंचे एक परिवार के लोगों का आरपीएफ ने जान बचाया। आपसी मामले को लेकर परिवार में प्रतिदिन हो रहे क्लेश से परिवार परेशान था। पुसौली स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ आरक्षी प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को वे सवा ग्यारह बजे देखा कि प्लेटफार्म से करीब 25 मीटर पश्चिम दिशा में डाउन मेन लाइन पर रेलवे लाइन के बीच में एक व्यक्ति, एक महिला तथा दो छोटे-छोटे बच्चे खड़े हैं। उसी दौरान गाड़ी संख्या 12802 डाउन (नई दिल्ली- पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस) का थ्रू पास होने के लिए स्टेशन पर अनाउंसमेंट हो रहा था। तुरंत मौके पर पहुंचकर उन सभी को रेलवे से हटाकर किनारे किया। उसी दौरान पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तुरंत पुसौली स्टेशन डाउन मेन लाइन से थ्रू पास कर गई। बाद में उक्त व्यक्ति व महिला से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम दीपक कुमार, महिला ने विष्णु प्रिया बताया। दोनों पति-पत्नी हैं। उनके साथ छोटे-छोटे एक बेटी व एक बेटा था। उन्होंने पुलिस को बताया कि पारिवारिक मामले को लेकर रोज-रोज गृह क्लेश होने से वे परिवार के साथ सुसाइड करने के लिए पुसौली रेलवे स्टेशन आए थे और ट्रेन के आगे सो जाना चाहते थे। आरपीएफ ने उचित काउंसलिंग करते हुए सभी को समझा-बुझाकर रेलवे स्टेशन पर लाकर सुरक्षित बैठाया गया जिसके बाद थाना पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर कुदरा पुलिस बल पुसौली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। पुलिस ने पति-पत्नी को उचित काउंसलिंग कर समझा-बूझाकर उक्त पति-पत्नी व बच्चों को अग्रिम कार्रवाई हेतु अपने साथ ले गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी को सुरक्षित घर भेज दिया गया।

## कृष्ण जायसवाल को परिषद सदस्य बनाया जाना कार्यकताओं का सम्मान : चंद्रमौली मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर भाजपा के कृष्ण कुमार जायसवाल को बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य बनाए जाने से पार्टीजनों में खुशी है। सोशल साइट पर बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई है। खासकर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में इस चयन से खासा उत्साह है। समर्पित कार्यकर्ताओं को इस चयन ने एक नई उम्मीद दी है। भाजपा के बड़े नेता व पूर्व विधायक चंद्रमौली मिश्र ने तो इसे कार्यकर्ताओं का सम्मान कहा है। अपने फेसबुक पेज के पोस्ट में श्री मिश्र ने कहा है कि कृष्ण जी पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता है उनका राजनीतिक जीवन काफी लंबा विद्यार्थी परिषद से लेकर आज तक वह पार्टी के कार्य में लगे हुए पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेवारी दी।

## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधिगृहित भूमि के रैयतों हेतु कैंपों का आयोजन

### कैमूर जिले के विभिन्न मौजों में 23 जून से 30 जून तक चलेगा विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कैमूर जिले में अधिगृहित भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान में आ रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई है। जिला पदाधिकारी सुनील कुमार के निर्देशानुसार 23 जून से 30 जून 2025 तक रामपुर, भभुआ, भगवानपुर, चांद एवं चैनपुर अंचलों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मोजों में विशेष मौजेवार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों के माध्यम से रैयतों से संशोधित मुआवजा के लिए आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

**उद्देश्य एवं पृष्ठभूमि**

एनएचएआई द्वारा आर्बिट्रेशन न्यायालय के आदेश के आलोक में संशोधित अवार्ड का अनुमोदन किया गया है। इस संदर्भ में देखा गया कि कार्यालय में सीधे जमा किए गए कई आवेदन त्रुटिपूर्ण होते हैं जिससे भुगतान में अनावश्यक विलंब होता है। इस समस्या के समाधान हेतु फील्ड स्तर पर कैंप लगाकर रैयतों को सुविधा प्रदान की जा रही है।

**स्थान आधारित सुविधा**

कैंपों का आयोजन रैयतों की सहूलियत के अनुसार उनके ही मौजों में किया जा रहा है, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय न आना पड़े।

**वन-स्टॉप समाधान**

इन कैंपों में एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) निर्गत करने, वंशावली तथा अन्य आवश्यक राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त करने की पूरी प्रक्रिया की जा रही है।

**तत्कालिक सहायता**

जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा आर्बिट्रेशन न्यायालय के आदेश की प्रतिलिपि भी कार्यालय से उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि रैयतों को औपचारिकता पूरी करने में सुविधा हो।

**भुगतान की प्रगति**

अब तक लगभग 18 करोड़ की राशि विभिन्न किसानों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। 10 करोड़ की राशि का भुगतान प्रक्रियाधीन है जिसे शीघ्र निष्पादित किया जाएगा।

## डीडीयू जंक्शन सर्कुलेटिंग एरिया में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने को लेकर चला अभियान

### गंदगी करते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देशन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल स्टेशनों पर स्वच्छता एवं सुव्यवस्था को लेकर निरंतर कार्यरत है। इसी क्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया कि सर्कुलेटिंग एरिया को सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सर्कुलेटिंग एरिया में विशेष रूप से स्टेट बैंक शाखा के पास गंदगी न फैलाने एवं ऐसा न करने पर कार्रवाई के प्रति स्थानीय लोगों को चेताया गया। वहां वाहन स्टैंड एवं आसपास व्यवस्था ठीक कर आवागमन सुचारू किया गया और ऐसा बनाए रखने की हिदायत दी गई। विदित हो कि स्टेशन से निकलने वाले रेलवे के कचरे के निस्तारण हेतु फिलहाल दक्षिणी छोर पर नए आरक्षण कार्यालय के पीछे समुचित व्यवस्था कार्यरत है। इस अभियान में स्टेशन अधीक्षक एस.के. सिंह, सीएसजी एन.के. मिश्र, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश कुमार, अक्षय कुमार, अजीत जेम्स, ज्योतिष प्रकाश एवं शांतनु आनंद आदि संबंधित कर्मचारी सम्मिलित रहे।

## सांसद ने डिहरी ऑन-सोन में ट्रेनों के ठहराव और स्टेशन पर सुविधाओं की मांग की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेलवे के अधीन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं-गया जं रेलखंड के बीच 'ए' श्रेणी और एन एस जी -3 वर्ग का डिहरी ऑन-सोन सर्वाधिक राजस्व देने वाला स्टेशन है तथा सबसे ज्यादा यात्रियों का आना जाना होता है और मण्डल में डीडीयू और गया के बाद तीसरा सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन का दर्जा प्राप्त है और सांसद राजाराम सिंह ने यह भी कहा कि मेरे काराकाट संसदीय क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर डिहरी ऑन-सोन है। डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से शहर के लोगों के अलावा अन्य जिलों एवं झारखण्ड के लोग भी यात्रा करते हैं। डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से रात्रि में भी 100-150 किलोमीटर दूरी तक यात्री आते-जाते हैं अर्थात 24 घंटा जागने वाला रेलवे स्टेशन है। ऐतिहासिक, व्यवसायिक व पर्यटन के लिहाज से डिहरी ऑन-सोन स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। इस स्टेशन से यात्री ऐतिहासिक रोहतास किला, महादेव खोह, चौरासन मंदिर, गणेश मंदिर, झारखंडी मंदिर, धूप घड़ी, जैन मंदिर, नौलखा मंदिर, तुतला भवानी धाम, कशीश वॉटरफाल, विश्व का चौथा सबसे बड़ा इंद्रपुरी डैम और भारतीय रेलवे का एकमात्र ट्रिपल ट्रैक सोन ब्रिज घूमने आते हैं इसके साथ यह शाहाबाद प्रमण्डल व गढ़वा-पलामू क्षेत्र के लोगों के लिए मुख्य रूप से व्यापारिक केंद्र भी है। डिहरी ऑन-सोन अंग्रेजों के जमाने से औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाता है। अभी भी डिहरी ऑन-सोन में बियाडा के 2 इंडस्ट्रियल क्षेत्र हैं एक एनिकट में और दूसरा सूअरा में है। बहुत जल्द डिहरी ऑन-सोन में रेलवे के द्वारा एक्सेल वैगन मरम्मत और कपलर का कारखाना भी लगने वाला है। डिहरी ऑन-सोन में जिला और प्रमंडलीय स्तरीय अनेक कार्यालय बहुत पहले से ही अवस्थित है। डिहरी ऑन-सोन के लोग पूरे भारत वर्ष में रहते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से 490511589 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ और 5608877 यात्रियों का फुटफॉल था। उन्होंने11427/28 पुणे - जसीडीह एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 22499/500 वाराणसी -देवघर वन्दे भारत एक्सप्रेस, 12937/38 हावड़ा गांधीधाम एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 12357/58 कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस (द्विसाप्ताहिक) 12349/50 गोड्डा नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 12323/24 हावड़ा - बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (द्विसाप्ताहिक) 20887/88 वाराणसी - रांची वन्दे भारत एक्सप्रेस 12371/72 हावड़ा-जैसलमेर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेनों का ठहराव डिहरी ऑन-सोन में दिया जाता है तो रेलवे को प्रत्येक वर्ष 8-10 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

## बारिश ने बढ़ाई परेशानी, अनुमंडल कोर्ट परिसर जलमग्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भभुआ अनुमंडल कोर्ट कार्यालय तथा डी सीएलआर भभुआ कोर्ट कार्यालय परिसर में मूसलाधार बारिश हो जाने के कारण पूरा कैंपस परिसर जलमग्न हो गया है। जिला अधिवक्ता संघ भभुआ के महासचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि यहां हर साल बारिश के मौसम में लोगों को पूरा कैंपस परिसर जलमग्न हो जाने पर परेशानी झेलना पड़ता है। जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर में लगभग 1500 अधिवक्ता रजिस्टर्ड है 700 से 800 के करीब नियमित प्रेक्टिस करने आते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: डीटीई_जेएमपी _02/25-26, दिनांक: 21.06.2025।** सहायक टाउन अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** एटीई/जमालपुर के अधीन वर्कशॉप के अंदर तथा अप्रोच टू वर्कशॉप एरिया से जंगल की कटाई, सर्फेस ड्रेसिंग, ओवरबर्डन अर्थ को हटाना। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 72,19,215। **बयाना राशि:** ₹ 1,44,400। **खुलने की तारीख:** 22.07.2025। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 महीना।

(MISC-105/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाये जाने पर लोगों ने मुख्यमंत्री को भेजा बधाई संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह रोहतास ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने राजनैतिक जीवन में सिर्फ सामाजिक विकास के बारे में कुछ भी कर सकते हैं जिससे लोगों के जीवन जीने में सहूलियत होती रहे और अर्थिक परेशानी कम से कम हो सके। चाहे छात्र हो या चिकित्सा व्यवस्था रोड नाली पुल पुलिया से लेकर जनहित में अनेकों कार्य किए हैं। अभी तक असहाय और बेसहारा लोगों को पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने वाले लोगों को बहुत कम राशि की सहायता मिलती थी जिसमें कुछ भी नहीं हो सकता था और इस चीजों को नीतीश कुमार ने अनुभव किया और पेंशन राशि करीब तीन गुना ज्यादा बढ़ा दिया है। अब 1100 रुपया पेंशन मिलेगा तो असहायों को अपना पेट तो भर सकता है और उसके आश्रित भी खुशी से सेवा टहल भी करेगा। इस कार्य के लिए नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद और शुभकामना देता हूं और उन्हें स्वास्थ्य जीवन की कामना कर रहा हूं कि इसी तरह जनहित में कार्य करते रहें और पुनः 25 से 30 तक बिहार का मुख्यमंत्री बने। वहीं सूबे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भीषण महंगाई को देखते हुए बिहार के वृद्धजनों, विधवाओं एवं निःशक्त जनों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपये से 1100 रुपये बढ़ाये जाने पर लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला(रोहतास)।** आयरकोठा थाना परिसर में मंगलवार को अगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अर्जुन बीघा, आयरकोठा, यादव, मझिआंव, खुदराव, गोही आदि गांव के ग्रामीण शामिल हुए। डिहरी ग्रामीण अंचल निरीक्षक रविभूषण कुमार ने बताया कि मुहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस बिना डीजे का निकलेगा, डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। बिना लाइसेंस का जुलूस नहीं निकलेगा। हथियार लेकर चलना प्रतिबंधित है, मंदिर के पास जुलूस नहीं रुकेगा, गलत नारे नहीं लगाए जाएंगे। अपने घरों में शांति से पर्व मनाएं। आयर कोठा थाना क्षेत्र में लगभग 6 या 7 जगहों पर मुहर्रम पर्व मनाया जायेगा। वही थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने कमेटी के लोगों से अपील किया कि आप सभी बेफिक्र होकर शांति व्यवस्था, सौहार्द के साथ आपसी भाईचारा कायम रखते हुए मुहर्रम पर्व मनाएं। निकाले गए जुलूस को निर्धारित रास्ते से ही निकालें। लाइसेंस के लिए पर्याप्त मात्रा में कमेटी के सदस्यों का आधार कार्ड देना पड़ेगा। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। मौके पर एसआई विजय राम, उपेन्द्र पासवान, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार, पूर्व मुखिया हरिद्वार प्रसाद, रजनीश उपाध्याय, मकबूल अंसारी, रिंकू डीजे, उसमान अंसारी सहित कई ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रालोमो द्वारा आयोजित संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली ऐतिहासिक होगी : बनारसी कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा 26 जून को गयाजी के गांधी मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें पार्टी के प्रदेश महासचिव बनारसी कुशवाहा ने औरंगाबाद जिले के बारून प्रखंड में बैठकर कर महारैली में निमंत्रण देने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा के निर्देश पर सभी कार्यकर्ता सभी जगह जाकर महारैली में निमंत्रण देकर आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राम परीखा सिंह, बारुन प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
Email – dddopalamu@gmail.com

**–:दुधारू पशु वितरण हेतु पलामू जिला के लिये सभी सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं एवं चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचनाः**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य विकास निदेशालय) झारखण्ड, राँची द्वारा **पलामू जिला के लिये सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना दो दुधारू गाय/भैंस एवं कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत (05 गाय/भैंस, 10 गाय/भैंस) में चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी उपलब्ध कराने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज में दुधारू पशुमेला संचालित है।** पशुमेला में पशु आपूर्तिकर्ता को पशु लाने संबंधी आवेदन जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को उपलब्ध करायेंगे एवं साथ ही जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से सम्पर्क स्थापित करेंगे।

**दुधारू पशुमेला में पशुआपूर्तिकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।**

| क्र0 | विवरणी | शर्ते |
|---|---|---|
| 1. | दुधारू गाय | अधिक से अधिक संख्या में उन्नत देषी नस्ल की दुधारू गाय साहिवाल/गिर/रेड सिन्धी(लाभुक के माँग अनुसार संकर हॉलस्टीन फ्रिजियन/जर्सी)। |
| 2. | ब्याँत | पहली/दूसरी ब्याँत(अधिकतम 01 माह तक के अंदर का बाछा/बाछी। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त क्रय की कार्रवाई की जायेगी। |
| 3. | दूध देने की क्षमता | न्यूनतम 10–12 लीटर प्रतिदिन। |
| 4. | पशु स्वास्थ्य | राज्य के बाहर से जहाँ से गाय लाते हैं, के संबंधित स्थल के पशुचिकित्क से संक्रमण बिमारी (Thileria, Redwater, HS, BQ & FMD) का टीकाकरण एवं स्वस्थ्य प्रमाण–पत्र का उल्लेख/अंकित अनिवार्य होगी अथवा स्थानीय पशुमेला स्थल के पशुचिकित्सक द्वारा टीकाकरण कराकर संगरोध प्रमाण पत्र अंकित कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराना अतिआवष्यक होगा अन्यथा गाय की बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। |
| 5. | पशु व्यापारियों को राज्य के बाहर से ही दुधारू पशु बिक्री हेतु लाना है। पशु व्यापारियों(विक्रेता) द्वारा पशु–क्रय से संबंधित रसीद/वाहन संख्या के साथ नोटराईज्ड शपथ–पत्र संलग्न करना आवष्यक है। | |
| 6. | दुधारू पशुओं को रखने के लिए अस्थायी शेड का निर्माण पशु विक्रेता स्वयं के खर्च पर करेंगे एवं कार्यालय द्वारा पानी, बिजली उपलब्ध कराई जायेगी। | |
| 7. | लगातार तीन शाम दूध की दूहाई देखने के बाद ही पशु व्यापारियों एवं किसान/पषुपालक की आपसी सहमति के आधार पर दुधारू पशु की कीमत/गाय का मूल्य निर्धारण उपरान्त दुधारू गाय क्रय करेंगे। | |
| 8. | कम से कम 14 दिनों तक कोरेन्टाईन समय का पालन करना अति आवष्यक होगा। | |
| 9. | खून एवं संक्रमण रोग संबंधी जाँच पशु व्यापारी द्वारा अपने खर्च पर कराया जायेगा। | |

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

**वितीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयनित वैसे लाभुक जो अभी तक प्रथम/द्वितीय चरण के दुधारू मवेशी क्रय नहीं किए हैं उनसे अनुरोध है कि यथाशीघ्र लाभुक अंशदान जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय कर लें ताकि योजना ससमय शत्–प्रतिशत पूर्ण हो सके।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 355828 Animal Husbandry(25-26)#D


## सड़क पर पसरे कीचड़ से फिसलते लोगों का फूटा गुस्सा, किया जाम

### सकरी गांव के पास फोरलेन सड़क जाम कर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** जीटी रोड फोरलेन सड़क के किनारे स्थित सर्विस सड़क के बदहाली से खफा ग्रामीणों का गुस्सा मंगलवार को फूट गया। ग्रामीणों ने सकरी गांव के पास फोरलेन सड़क पर जमा होकर सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित सर्विस सड़क पर पसरे कीचड़ व बिखरे निर्माण सामग्री के खिलाफ सड़क निर्माण कंपनी पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों ने समझा-बुझाकर जाम हटवाया। ग्रामीणों का कहना है कि सिक्सलेन निर्माण कंपनी द्वारा उक्त स्थान पर सड़क पार करने के लिए पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण करने के दौरान हुई मिट्टी की खुदाई को सर्विस सड़क के किनारे रखा गया है। बारिश होने से मिट्टी घुल कर सर्विस सड़क पर पसर गया है जिससे सर्विस सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में बारिश हो रही है जब से बारिश शुरू हुई है, तब से सर्विस सड़क का हाल बेहाल हो गया है। सर्विस सड़क पर पैदल चलना तो दूर की बात है। बाइक चालक व साइकिल सवार हर दिन गिरकर घायल हो जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा उक्त स्थान पर अगर गिट्टी गिरा दिया जाता तो आने जाने वाले लोगों की परेशानी दूर हो जाती। स्थानीय लोग पिछले एक सप्ताह से परेशान हैं लेकिन सड़क निर्माण कंपनी द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि उक्त स्थान पर गिट्टी गिराने के लिए कंपनी के अधिकारियों से बातचीत किया गया। अधिकारियों को जल्द संजय के समाधान की बात कही जिसके बाद ग्रामीणों को समझाकर सड़क से हटाया गया।

## मेधा छात्रवृत्ति में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित मिडिल स्कूल जहानाबाद में राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति में सफल कुल 11 छात्रों को प्रधानाध्यापक द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होकर बच्चे काफी खुश दिखे। मौके पर अभिभावक भी मौजूद थे। हेडमास्टर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2025 के राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में स्कूल कुल 11 छात्रों ने सफलता हासिल की थी। परीक्षा फल का प्रकाशन ग्रीष्मावकाश में हुआ था। ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने के तुरंत बाद मंगलवार को सभी सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्रम देकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में विद्यालय के छात्र आदित्य राज, कृष कुमार, शुभम कुमार, यूसुफ राइन, प्रतिज्ञा सिंह, रोहित कुमार, अंगद कुमार, रितेश पाल, जुनैद सिद्दीकी तथा ओमप्रकाश भारती ने सफलता हासिल की। मालूम हो कि जिले से कुल 114 छात्रों ने सफलता हासिल की थी जिसमें खुदरा प्रखंड से 57 छात्रों को सफलता हासिल हुई थी। बताते चलें कि राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति में सफलता प्राप्त छात्र-छात्राओं को वर्ग नवीं से लेकर 12वीं तक प्रति माह 1000 के दर से अर्थात 12000 वार्षिक के दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

# गयाजी में होने वाली परिसीमन सुधार महारैली होगी एतिहासिक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के आह्वान पर आगामी 29 जून को गयाजी के गांधी मैदान में आयोजित होने बाले परिसीमन सुधार महारैली एतिहासिक होगा। उक्त बातें मंगलवार को सोहसराय स्थित एक सभागार में रैली की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनु कुशवाहा ने कहा। उन्होने बताया कि विक्रमगंज और मुजफ्फरपुर महारैली के सफल आयोजन के बाद अब गयाजी की महारैली की तैयारी चल रही है। इसके लिए प्रदेश स्तर के पार्टी पदाधिकारियों को जिलों का प्रभार दिया गया है। जिलाध्यक्ष कुशवाहा ने बताया कि प्रारंभिक समीक्षा के बाद लगभग पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता नालंदा जिले से इस महारैली में शामिल होंगे।



उन्होंने बताया कि इस महारैली में नालंदा जिले के लिए पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज को प्रभारी नामित किया गया है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश युवा अध्यक्ष हिमांशु पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष भरत प्रसाद, संजय मेहता, विनोद कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद, महेंद्र कुशवाहा, सुबोध पंडित, पप्पू चैधरी, प्रतिभा रानी, राजू कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, अरुण पटेल, चन्दन पटेल, मनोज महतो अजयकांत चौधरी ..सचिन कुशवाहा, प्रेम कुमार, चंदन, कन्हैया सिंह, अरुण कुमार, मु आशिफ हुसैन, जय प्रकाश सिंह, रोहित कुमार, धर्मेन्द्र कुशवाहा राजू कुशवाहा समेत अन्य लोग मौजुद थे।

# महिलाओं की लंबी कतार देख भड़के सिविल सर्जन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल में मंगलवार को निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने व्यवस्था की खामियों पर गहरी नाराजगी जताई। विशेषकर दवा काउंटर पर महिलाओं की लंबी कतार देखकर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी दवा वितरण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि एक और काउंटर शुरू किया जाए, लेकिन अब तक उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह घोर लापरवाही है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि अब अस्पताल परिसर में तीन दवा काउंटर चालू रहेंगे। इनमें से दो काउंटर महिलाओं के लिए तथा एक काउंटर पुरुषों के लिए निर्धारित होगा। उन्होंने कहा कि महिला मरीजों की संख्या अधिक होती है और वे दूर-दराज से आती हैं। कई बार उनके साथ छोटे बच्चे भी होते हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में अन्य कई खामियों को भी चिन्हित किया और उन्हें शीघ्र सुधारने का निर्देश दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि मेडिकल फिटनेस बनवाने के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को पर्ची कटवाने में किसी तरह की कठिनाई न हो, इसके लिए ऑफलाइन पर्चा काटने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। इस अवसर पर द्वितीय अपील के अंतर्गत तीन परिवादी उपस्थित हुए।

जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक मामले की विधिवत सुनवाई की गई एवं त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए।

विदित हो कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निपटारा अधिकतम दो माह की अवधि में सुनिश्चित किया जाता है।



प्रखंड एवं पंचायत स्तर की समस्याओं के लिए नवादा सदर अथवा रजौली अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय में अपील की जा सकती है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं हेतु समाहरणालय परिसर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय संचालित है। शिकायतों की निष्पक्ष सुनवाई हेतु दोनों पक्षों को बुलाकर समाधान किया जाता है। शिकायत दर्ज कराने एवं उसके निवारण की समस्त प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई व्यक्ति प्राप्त आदेश से असंतुष्ट हो, तो वह भी निःशुल्क अपील कर सकता है। अब यह व्यवस्था और भी सरल हो गई है, क्योंकि ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज की जा सकती है।

# खेत में मिला युवक का शव, परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय मोहल्ला के समीप युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। गर्दन पर जख्म के निशान मिलने से परिवार वाले दोस्तों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि इलाके में चर्चा है कि युवक अक्सर दोस्तो के साथ इधर आकर नशा किया करता था। मृतक मानपुर थाना क्षेत्र के भौरावर तर गांव निवासी सरूण महतो का 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार है। युवक स्नातक पार्ट वन का छात्र था। सदर अस्पताल की आशा कार्यकर्ता मृतक की मां अंजू देवी ने बताया कि सुबह गांव के ही कुछ दोस्तों ने उसे घर से बुलाकर ले गया था। शाम को थाना से तबीयत खराब होने की सूचना मिली। इसके बाद वे आनन फानन में अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक उसे मृत घोषित कर दिए थे। उनका रूप है कि दोस्तों ने ही उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## महिला जख्मी

**बिहारशरीफ।** प्रखंड कार्यालय के सामने बना स्पीड ब्रेकर के पास बाइक अनियंत्रित होने से बाइक पर बैठी महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान बिहाशरीफ निवासी वसीमा खातून के रूप में की गई है। घायल महिला ने बताया कि बाइक से हिलसा से बिहारशरीफ जा रहे थे। प्रखंड कार्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर के पास बाइक अनियंत्रित होने से हम गिर गए।

# लोकायन नदी का बांध टूटना सरकारी लापरवाही का परिणाम, किसानों को मिले मुआवजा: अरुण यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** लोकायन नदी पर बना तटबंध टूटने से आई भीषण बाढ़ को लेकर भाकपा-माले ने मंगलवार को स्थल का निरीक्षण कर सरकार और जनप्रतिनिधियों को कठघरे में खड़ा किया। निरीक्षण के बाद माले प्रखंड सचिव अरुण यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों की घोर लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की त्रासदी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बीघों में लगी मूंग, मक्का, गर्मा धान और सब्जी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। मकरौता और सांध पंचायत के मकरौता मूषाढी सबचक इलाके में बाढ़ का पानी गरीबों के घरों में घुस चुका है, जिससे जान-माल की भारी क्षति हुई है। अरुण यादव ने सरकार से तत्काल राहत के रूप में प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को दो क्विंटल राशन और 5000 की सहायता राशि देने की मांग की। साथ ही कहा कि बाढ़ और बढ़ते अपराध की स्थितियों से नालंदा जिला त्रस्त है, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव ने किसानों के नुकसान का हवाला देते हुए प्रति एकड़ 25,000 फसल मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते मुहाने नदी का मुंह खोलकर जल निकासी की व्यवस्था कर दी जाती, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। नेताओं ने सरकार से लोकायन नदी के दोनों किनारों पर पक्का तटबंध निर्माण और मुहाने नदी का मुंह खोलने की मांग की है, ताकि बाढ़ और सूखे से स्थायी निजात मिल सके। भाकपा-माले ने इस मुद्दे पर 26 जून को अनुमंडल मुख्यालय पर एसडीओ और डीएसपी के समक्ष विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है और किसानों, मजदूरों तथा आमजनों से इसमें बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है। यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं निकाला, तो अखिल भारतीय किसान महासभा आंदोलन तेज करने को बाध्य होगी।

इस मौके पर प्रखंड सचिव अरुण यादव, किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव, प्रखंड समिति सदस्य संजय पासवान, चुन्नू चंद्रवंशी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अग्नि सुरक्षा का महाअभियान, आठ स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित कर किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय रजौली द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर एक विशेष और व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को आगजनी की घटनाओं से बचाव के तरीकों और उपायों से अवगत कराना था। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रामअवध सिंह ने बताया कि नगरपंचायत रजौली और गोविंदपुर प्रखंडों के विभिन्न स्थानों पर आठ सफल मॉक ड्रिल आयोजित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत, अग्निशमन दल ने निम्नलिखित प्रमुख स्थानों पर मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। रजौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच स्थित सुमन स्वीट्स मिष्ठान भंडार एवं शंकर किराना स्टोर, वार्ड नंबर सात में आशीष रेडीमेड, वार्ड तीन स्थित संकल्प लाइब्रेरी एवं पटना हॉस्पिटल तथा गोविंदपुर प्रखंड के बनिया बिगहा पंचायत के वार्ड नंबर चौदह के पतनदेही एवं सुघड़ी पंचायत के वार्ड संख्या एग्यारह स्थित बनिया बिगहा गांव एवं वार्ड चौदह के थाली बाजार मॉकड्रिल कर जागरूक किया गया।



**आग से बचाव हेतु मॉकड्रिल कर किया गया जागरूक :**

मॉक ड्रिल के दौरान, अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में तुरंत और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। इसमें आग बुझाने के प्राथमिक उपकरण के उपयोग, आग लगने पर सुरक्षित बाहर निकलने, और आपातकालीन सेवाओं को सूचित करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल थी। आमलोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए पंपलेटों का भी व्यापक वितरण किया गया, जिनमें आग से बचाव के विभिन्न उपाय और सुरक्षा टिप्स विस्तार से दिए गए थे। इसके अतिरिक्त, लोगों को सोशल मीडिया से जुड़ने और अग्निशमन विभाग के आधिकारिक चैनलों का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह पहल लोगों को न केवल त्वरित सूचना प्राप्त करने में मदद करेगी, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में विभाग के साथ सीधा संपर्क स्थापित करने में भी सहायक होगी। अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय रजौली ने इस अभियान के माध्यम से समुदाय में अग्नि सुरक्षा के प्रति एक मजबूत जागरूकता पैदा करने का सफल प्रयास किया है. यह उम्मीद की जाती है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र के लोग सुरक्षित और जागरूक रह सकें।

# खराब स्ट्रीट लाइट को नहीं किया गया ठीक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लगाए गए कई लाइट नहीं जल रहा है। इसके लिए कंप्लेन नम्बर भी जारी किया गया है। लोग बताते हैं कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई फायदा नहीं होता है। डुमरावां ग्राम पंचायत के वार्ड नम्बर 14 भगवानपुर में जब से लाइट लगाया गया है, उस दिन से लाइट एक भी दिन नहीं जला है। लगभग दो माह होने को है, पर इस दिशा में कोई पहल नहीं किया गया है।

**खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत नहीं** - पकरीबरावां प्रखण्ड में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। कई विद्यालयों में चापाकल खराब है। लोग बताते हैं कि शिकायत दर्ज कराने के बाद कंप्लेन नम्बर दिया जाता है, पर चापाकल की मरम्मत नहीं की जाती है। लोग यह भी कहते हैं कि विभाग के कनीय अभियंता मोबाइल भी रिसीव नहीं करते हैं।



# बिजली की चपेट में आकर किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के निमना टोला गांव में मंगलवार को करंट की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी स्व. सिया प्रसाद यादव के 55 वर्षीय पुत्र बल्लव यादव के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार, बल्लव यादव सोमवार को अपने खेत में धान की नर्सरी के लिए मोटर से सिंचाई करने गए थे। मोटर स्टार्ट करने के क्रम में वे अचानक विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। करंट लगने के बाद खेत में काम कर रहे अन्य किसानों ने उन्हें बेसुध पाया और तत्परता से बिजली के संपर्क से अलग कर इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है और उचित मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि फिलहाल ऐसी किसी घटना की सूचना थाने को नहीं मिली है। पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


## पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: एफ/पीडी/जेजे/02/एसपीएल/01, दिनांक: 21.06.2025।** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अंदर उक्त कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन सहित प्रमाणित, अनुभव एवं क्षमता रखने वाले इच्छुक निविदादाताओं से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा केस संख्या: एफ/पीडी/जेजे/02/एसपीएल/01। कार्य का नाम:** 25 टन जमालपुर-जैक की मरम्मत एवं रूपांतरण। **मात्रा:** 175 अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,35,87,607.70 (तक़रीबन)। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 3,67,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी, अप्रैल 2022 के भाग I के कार्यों के लिए निविदा क्लॉज़-3 के अनुसार)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.07.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। बोली प्रतिभूति आईआरईपीएस साइट पर उपलब्ध नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये भुगतान करनी होगी। बोली प्रतिभूति के भुगतान का दस्तावेजी साक्ष्य ई-निविदा प्रस्ताव के साथ संलग्न किये जा सकते हैं। समरूप प्रकृति का कार्य: फर्म के पास जमालपुर जैक या इसकी उप-असेंबली के विनिर्माण/शुरुआत या जमालपुर जैक की मरम्मत या जमालपुर जैक सेट या उससे अधिक के समतुल्य क्षमता के 5 या उससे अधिक के सेट में संचालित अन्य प्रकार के सिंक्रोनस जैक के विनिर्माण/मरम्मत का अनुभव होना चाहिए। भारतीय रेल या पीयू या केंद्रीय/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों या सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी/ट्रस्टों की किसी भी इकाई, जिसका औसत वार्षिक कारोबार रुपये 500 करोड़ और उससे अधिक का हो, में सम्पादित उपरोक्त कार्य में से किसी भी एक या उससे अधिक पर विचार किया जाएगा।

(MISC-102/2025-26)


निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बदमाशों की गोलीबारी में युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** शहर के वरुण तल इलाके में सोमवार की देर शाम एक पान दुकान पर उधार सिगरेट मांगने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि बदमाशों ने दुकान पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक युवक के पैर में गोली लग गई। घायल युवक की पहचान हिलसा शहर निवासी 25 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय घटी जब सूरज कुमार नामक युवक पिंटू कुमार की दुकान पर उधार सिगरेट लेने पहुंचा। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख सूरज वहां से चला गया लेकिन रात करीब 10 बजे वह अपने एक सहयोगी के साथ लौटा और दुकान पर गोली चला दी। गोलियां चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच दुकान में खड़ा ग्राहक राहुल कुमार गोली का शिकार हो गया। स्थानीय चर्चा है कि संबंधित दुकान पर नशीले पदार्थों का भी अवैध कारोबार होता है, जिस कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा आम बात है। डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल का बयान दर्ज कर लिया गया है और नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# बदलते बिहार की तस्वीर को बच्चों ने पेंटिंग और पोस्टर के माध्यम से उकेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** महंत रामधनपुर इंटर विद्यालय, बुधौली में मंगलवार को बदलते और प्रगतिशील बिहार की तस्वीर विषय पर एक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, पेंटिंग, पोस्टर निर्माण और परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्लस टू शिक्षक डॉ. रंजन आर्य के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने छात्रों से गर्मी की छुट्टियों में मिले होमवर्क पर चर्चा की और उन्हें बदलते बिहार की झलक को सृजनात्मक माध्यमों से व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया।

छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग और पोस्टर के माध्यम से हर घर बिजली, सड़क और पानी, साइकिल योजना, पोशाक वितरण, नशा मुक्त समाज, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खुशहाल परिवार जैसे विषयों को प्रमुखता से चित्रित किया। विद्यालय के छात्रों कुंचित कुमार, नेहा कुमारी और अंजली वर्मा की पेंटिंग्स विशेष रूप से सराहनीय रहीं। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि आज का बिहार गांव-गांव तक विकास की रौशनी पहुंचा चुका है और इस बदलाव को पहचानना, समझना और चित्रित करना नई पीढ़ी का उत्तरदायित्व है। कार्यक्रम के अंत में बदलते बिहार की नई पहचान को लेकर सारगर्भित संवाद के साथ आयोजन का समापन किया गया।



# 46 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 23 जून 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में एक, साइबर अपराध में चार, अवैध खनन में एक, मद्य निषेध में सात एवं अन्य गिरफ्तारी 33 कुल 46 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 347 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-89 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 320 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 74 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत दो मोटरसाइकिल, 14 मोबाइल (किपैड-06, स्मार्ट फोन-08), दो लैपटॉप, छह फर्जी दस्तावेज पन्ना, दो आधार कार्ड, छह एटीएम, चार पासबुक, एक जमीन का कागज-, ई-श्रम कार्ड-01, एसबीआई ग्रीन कार्ड-03, सीपीयू-01, प्रिंटर-02, सिस्टम-01, किबोर्ड-01 एवं एक पैनबरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# कार से शराब के साथ चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र स्थित चितरकोली जांच चौकी पर बंगाल से पटना जा रहे लग्जरी कार पर सवार चार लोगों को चार बोतल विदेशी शराब के साथ उत्पाद बलों ने गिरफ्तार किया।बिहार में शराबबंदी है,इसके बावजूद कुछ लोग जानबूझकर,तो कुछ लोग अनजाने में शराब की थोड़ी बहुत मात्रा के साथ गिरफ्तार हो रहे हैं।बीते दिन पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ से चार लोग लौट रहे थे,किंतु उन्हें पता ही नहीं था कि कार में शराब रखा हुआ है।गिरफ्तार लोगों ने बताया कि तारापीठ में पूजा करने के लिए साथ में रहे कुछ लोग और चालक तारापीठ में ही रुक गया था और वे खुद कार चलाकर इमरजेंसी में पटना जा रहे थे।साथ ही कहा कि तारापीठ में ग्रुप के कुछ लोग कार में उपयोग के लिए शराब रखा था और निकालना भूल गया होगा।हमलोग इमरजेंसी में पटना के लिए निकले,किंतु कार में शराब है,इसकी जानकारी नहीं थी।वहीं जांच चौकी पर उत्पाद बलों द्वारा जांच के क्रम में लग्जरी कार से चार बोतल विदेशी शराब को जब्त किया गया एवं चारों लोगों को गिरफ्तार किया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से प्रतिदिन चौबीसों घंटे तीन पालियों में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है,जिसका नेतृत्व उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल कर रहे हैं।बीते दिन बंगाल से पटना जा रहे एक ब्रेज़्जा कार (ड308ए 7231) को जांच हेतु उत्पाद एएसआई रमेश कुमार सिंह के द्वारा रोका गया।जांच के क्रम में कार में रखे ब्लेंडर्स प्राइड नामक व्हिस्की के 180 एमएल वाले दो बोतल व 375 एमएल वाले एक बोतल एवं ब्लैक एंड व्हाइट नामक व्हिस्की के 375 एमएल वाले एक बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया।साथ ही कार में सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार लोगों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी मो. मंजूर अली के पुत्र मो. साबिर अली,रामसागर पोद्दार के पुत्र संतोष पोद्दार,मो. तुफैल अहमद के पुत्र जियाउल हक एवं रामस्वार्थ साव के पुत्र राजू कुमार साव के रूप में हुई है।जब्त शराब एवं कार के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्नलिखित कार्य के संचालन हेतु वास्तविक पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियों से ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–

1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गया स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए पार्सल/सामान पैकेजों का लोडिंग, अनलोडिंग, ट्रांशिप्मेंट और अन्य सम्बंधित कार्य। 2. प्रदर्शित मूल्य (जीएसटी सहित) (रू में) : ₹79,34,611.51, 3. धरोहर राशि : ₹79,400/–, 4. निविदा फॉर्म अपलोड करने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक। 5. वेबसाईट का पता जहॉ ई–निविदा का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0470/डीडीयू/वा./टी/25–26/28

# मगध विश्वविद्यालय में स्थापित होगा भारत का पहला विश्वविद्यालय आधारित प्रौद्योगिकी केंद्र

## तकनीकी शिक्षा और नवाचार की दिशा में ऐतिहासिक पहल, बिहार को मिलेगा राष्ट्रीय मंच पर गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया/नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में मगध विश्वविद्यालय एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में देश का पहला विश्वविद्यालय आधारित प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना की जाएगी जिसे भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से संचालित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 27 जून 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में एक भव्य समारोह में एमओयू (स्मारक समझौता) पर हस्ताक्षर किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। इस ऐतिहासिक पहल को लेकर मगध विश्वविद्यालय के सिंडिकेट की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। कुलपति प्रोफेसर एस.पी. शाही ने इस परियोजना को तकनीकी शिक्षा, उद्योग उन्नयन, स्टार्टअप संस्कृति और रोजगार सृजन की दिशा में 'युगांतकारी कदम' बताया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र बिहार के साथ-साथ पूरे देश के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, इनोवेशन, कौशल विकास और रिसर्च के क्षेत्र में अवसर प्रदान करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए कुलपति प्रो. एस.पी. शाही, कुलसचिव प्रो. बिपिन कुमार, प्रतिकुलपति प्रो. बी.आर.के. सिन्हा, छात्र अधिष्ठाता प्रो. ब्रजेश कुमार राय तथा सिंडिकेट सदस्य प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी 27 जून को दिल्ली में आयोजित एमएसएमई दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस तकनीकी केंद्र की स्थापना से मगध विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय नवाचार मानचित्र पर एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में नया आयाम मिलेगा। कुलसचिव प्रो. बिपिन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इसे बिहार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह केंद्र भविष्य में बिहार को स्टार्टअप हब और टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब के रूप में विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

# महिला आयोग की टीम ने सेंट्रल जेल एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

## महिला कैदियों से मिलकर जेल का लिया फीडबैक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रो अप्सरा मिश्रा सदस्य पिंकी कुमारी एवं श्यामा सिंह अपने एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को गया पहुंची। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर और केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में वे महिला कैदियों की स्थिति और वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जेल में महिला आयोग की टीम ने महिला कैदियों की समस्याओं को सुना। जेल में महिला कैदियों से वहां की व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। जेल सुपरिंटेंडेंट के साथ बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने जेल की व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए जेल अधीक्षक को महिला कैदियों की सुविधाओं को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने जेल परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण किया। जेल में निरीक्षण करने आए सदस्यों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद वे कलेक्ट्रेट स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान सदस्यों ने केस रजिस्टर्ड, मामलों का निष्पादन आदि की जानकारी ली। सदस्यों ने वन स्टॉप सेंटर के द्वारा पीड़ित महिलाओं को सहायता पहुंचाने जाने पर प्रशंसा की और कार्य से संतुष्ट दिखे। उन्होंने सेंटर मैनेजर आरती कुमारी को निर्देश दिया कि वन स्टॉप केंद्र में कोई भी केस रजिस्टर होने के बाद उसका समाधान किया जाए ताकि मामला कोर्ट तक न पहुंचे और समस्या का समाधान वन स्टॉप सेंटर में ही हो जाए।

## 112 की टीम ने बच्चे एवं परिजन को समय पर गुरपा रेलवे स्टेशन पहुंचाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** डायल 112 की ईआरभी एक गुरपा टीम को सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि गुरपा रेलवे स्टेशन पर एक बालक भटकते हुए पाया गया है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने तत्क्षण वहां पहुंच कर उक्त बच्चे को सुरक्षित रूप से गुरपा थाना लाया। पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि बालक एवं उसका परिवार हरिद्वार (उत्तराखंड) का निवासी है और वे दिल्ली से कोडरमा की यात्रा पर थे। इस दौरान बालक भूलवश गुरपा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त बच्चे के परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया गया जहां बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया। उक्त बच्चे के परिजन ने इस मानवीय कार्रवाई के लिए डायल 112 और बिहार पुलिस का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# गया जी में महिला जन सुनवाई का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग - आपके द्वार, महिला जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। यह महिला जन सुनवाई 25 जून दिन बुधवार को अपराह्न 02:00 बजे से गया जी में स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इन दोनों जन सुनवाई में संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर 25 से 26 जून को बिहार के प्रवास पर रहेंगी। 25 जून को वे गया जी में जेल निरीक्षण करेंगी। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विजया रहाटकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में पोश अधिनियम के अंतर्गत स्थानीय समिति एलसी के सदस्यों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों व सैनिकों के लिए मानव दुर्व्यापार संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त करने हेतु यशोदा एआई कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। कार्यक्रम के माध्यम से देश भर की महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गया जी में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन जहानाबाद जिले में अध्यक्षा विजया रहाटकर वन स्टॉप सेंटर का दौरा करेंगी तथा जहानाबाद में यशोदा एआई कार्यक्रम व पोश एक्ट के अंतर्गत स्थानीय समितियों (एलसीएस) के सदस्यों हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा।

# ऋण वितरण एवं वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय स्टेट बैंक एवं जीविका द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी में ऋण वितरण एवं वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से 300 से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया। जीविका स्वयं सहयता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमियों द्वारा शिविर के दौरान विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गयी। जीविका दीदियों द्वारा, जूट से निर्मित उत्पाद, चूड़ी, हस्तशिल्प, पत्थर एवं लकड़ी खिलौने एवं मूर्तियों आदि को प्रदर्शित किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के पटना क्षेत्र के उप महाप्रबंधक सिद्धनाथ ठाकुर कुमार, अजय कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, सूक्ष्म वित्त प्रबंधक जीविका, गया जी द्वारा कार्यक्रम से पूर्व जीविका दीदियों द्वारा लगाए उत्पादों की प्रदर्शनी को देखा। भारतीय स्टेट बैंक के पटना क्षेत्र के उप महाप्रबंधक सिद्धनाथ ठाकुर, अजय कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, सूक्ष्म वित्त प्रबंधक जीविका, गया जी एवं अन्य अधिकारियों एवं जीविका दीदियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जीविका स्वयं सहयता समूहों से जुड़ी महिलाओं को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 5 करोड़ का चेक दिया गया। उप महाप्रबंधक सिद्धनाथ ठाकुर द्वारा जीविका दीदियों के वित्तीय समावेशन की यात्रा के विषय में बताया। उन्होंने कहा लगभग सभी समूहों से खतों का लिंकेज होना एवं सरल ऋण उपलब्धता साधारण बात नहीं है। सरकार एवं बैंकों के सहयोग से जीविका आज इस मुकाम पहुंची है। अजय कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक तथा क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने जीविका दीदियों से कहा जीविका दीदियों द्वारा ऋण वापसी का प्रतिशत अच्छा है। आप क्रेडिट शाख बनाये रखें। हम आपके आय बढ़ाने के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मिडिया से बात करने दौरान कहा हमारा उदेश्य पुरे बिहार में जीविका से अपने रिश्तों को और बढ़ाना है। उन्होंने वित्तीय समावेशन एवं क्रेडिट लिंकेज में जीविका के सहयोग तारीफ की। उन्होंने जिले में अच्छा कार्य करने वाले बैंक मित्रों को सम्मानित भी किया। ब्रजेश कुमार, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, द्वारा सभी दीदियों को प्रति माह बैंकों को जमा निकासी करे जिससे समूह एनपीए/पीएनपिए श्रेणी में नही जा पाए। बताया गया कि व्यक्तिगत ऋण हेतु स्टेट बैंक से ज्यादा सहयोग की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में सभी 18 प्रखण्ड के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, भारतीय स्टेट बैंक के गौतम कुमार, रवि शेखर तथा अन्य अधिकारियों, जीविका सामुदायिक सेवा प्रदाताओं एवं जीविका दीदियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# लुटुआ गैंगरेप मामले में कांग्रेस ने घेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के लुटुआ में 9 साल की बच्ची से गैंगरेप मामले में कांग्रेस ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी एसपी रामानंद कौशल से मुलाकात की। पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजेश राम ने कहा कि बिहार सरकार का इकबाल अब खत्म हो गया है। अपराधियों के बीच पुलिस नाम का खौफ नहीं बचा है। सरकार टायर्ड के साथ रिटायर्ड हो चुकी है। अब प्रदेश ब्यूरोक्रेट और सुपर मंत्री चला रहे हैं। मुख्यमंत्री को खुद नहीं पता होता कि उन्होंने क्या फैसला लिया है। फैसले उनके अफसर ले रहे हैं। लुटुआ जैसी घटनाएं बिहार में आम हो चुकी हैं। कभी कुढ़नी, तो कभी गोपालगंज, बक्सर और आरा। हर जिले से गैंगरेप, हत्या, लूट जैसी खबरें रोज आ रही है। मंत्री आवास के बाहर गोलियां चल रही है। पटना के मरीन ड्राइव पर भाजपा समर्थित अपराधी खुलेआम वारदात को अंजाम दे रहे हैं। यही सुशासन है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का बयान, बिहार पुलिस अपराधियों को गोली का जवाब गोली से देगी। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बातों की गोली से सरकार नहीं चलती। जनता अब सब कुछ जान चुकी है। सरकार के खोखले वादों और लीपापोती से ऊब चुकी है। कांग्रेस ने एसपी सिटी से मांग की है कि पीड़िता को त्वरित मुआवजा और सुरक्षा मिले। केस का स्पीडी ट्रायल हो। दोनों आरोपी नाबालिग है। इस सवाल का कांग्रेस अध्यक्ष ने गोलमोल जवाब देते हुए सिर्फ इतना कहा कि पीड़िता को न्याय, मुआवजा और सुरक्षा मिले। पुलिस की गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि अपराधियों में भय बना रहे। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी, रजनीश उर्फ झुना, नेत्री रिया, पार्षद शिशु समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी ने 80 आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के दैनिक जनता दरबार में मंगलवार को लगभग 80 आवेदकों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आवेदक द्वारा बताया गया कि पंचायत सरकार भवन की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। आवेदक ने बताया कि जमाबंदी रद्द करने हेतु लंबे समय से आवेदन दिया गया है, परंतु अभी तक कार्य नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच करते हुए नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया। आवेदक ने बताया कि उनके पंचायत में नल जल योजना का लाभ नहीं मिला है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई हेतु निदेश दिया। आवेदक द्वारा जमीन कब्जा हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी को मामले की जांच करते हुए नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में अन्य आवेदनों की समस्याओं का निदान हेतु सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# अधिकारियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम पर एमडीपी का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया (गयाजी)।** आईआईएम बोधगया ने बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के 30 अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशासनिक क्षमता, रणनीतिक योजना और नेतृत्व को मजबूत करना था। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. सहाय ने अपने संबोधन में अनुकूली नेतृत्व, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सहयोगी शासन के महत्व पर जोर दिया। तीन दिवसीय एमडीपी का उद्देश्य अधिकारियों को कुशल नियोजन, हितधारक जुड़ाव, डेटा-सूचित निर्णय लेने और परियोजना प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों से सशक्त करना था। इस कार्यक्रम की देखरेख एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एवं कंसल्टेंसी के अध्यक्ष प्रो. अमित श्रीवास्तव ने की तथा इसका समन्वय प्रो. मुहम्मद आशिक वी. एवं प्रो. रेम्या लताभवन ने किया। इसने बिहार में 30 अधिकारियों को एक साथ लाया और इंटरैक्टिव क्लासरूम सत्र, केस स्टडी और एक आउटबाउंड हेरिटेज विजिट में शामिल किया। मुख्य विषयों में विजन और लोगों का संरेखण, सोशल मीडिया और विभागीय प्रतिष्ठा, कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट, स्टैटिस्टिकल टूल्स, इमोशनल इंटेलिजेंस, स्टेकहोल्डर डायनामिक्स, प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग, एवं लीडरशिप एप्लीकेशन शामिल थे। आईआईएम बोधगया संकाय के एक प्रतिष्ठित पैनल ने सत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन एक वेलेडिक्टरी सत्र के साथ हुआ जहां प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समन्वयक प्रो. आशिक और प्रो. रेम्या ने सभी संकाय, कर्मचारियों और प्रशासनिक टीमों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस पहल को सुविधाजनक बनाने के लिए बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार, आईएएस के सहयोग को स्वीकार किया।

## 30 जून को गुरूआ आयेंगे प्रशांत किशोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** मंगलवार को गुरारू बाजार के शिव पार्वती धर्मशाला में जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष भवानी सिंह की अध्यक्षता में तीस जून को गुरूआ बाजार के भुरहा मैदान में प्रशांत किशोर की होने वाली जन सभा को लेकर बैठक किया गया। बैठक में गुरूआ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस संबंध में भवानी सिंह ने बताया कि यह बैठक प्रशांत किशोर के आम सभा को सफल बनाने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए किया गया है।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत मूल्यांकन किया जाना है जिसको लेकर मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में जिले के सभी प्रखण्ड समन्वयक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला स्तरीय अधिकारी एवं आगा खा फाउंडेशन टीम की सक्रिय भागीदारी रही। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के प्रमुख घटकों जैसे सामुदायिक सहभागिता, सूचना शिक्षा संचार, ओडीएफ स्थायित्व, सिटीजन फीडबैक, डायरेक्ट ऑब्जरवेशन पर विशेष चर्चा किया गया। इस सर्वेक्षण के आधार पर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी तैयार की जाएगी। इसको लेकर जिला प्रशासन अभी से तैयारियों में जुड़ गया है। इस सर्वेक्षण में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के दिशा निर्देश के अनुसार स्वच्छता मापदंडों पर गांव की परिसंपत्ति जैसे शोक पीट, जंक्शन चैंबर, नली आउटलेट, डोर टू डोर कचरा उठाव, गोवर्धन योजना, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, शौचालय, सामुदायिक शौचालय आदि का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए सर्वे टीम प्रश्नावली के माध्यम से मुखिया, ग्रामीणों, स्वच्छता कमी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका से साफ-सफाई एवं अन्य बिंदुओं पर जानकारी इकट्ठा करेगी।

## दो पिकअप से भारी मात्रा में शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोंनडीहा भटकुरहा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान दो पिकअप वैन पर लदे 5580 किलो फूल महुआ एवं देसी शराब के साथ पुलिस ने जब्त किया। शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान दो पिकअप वैन पर लदे हुए झारखंड की ओर से आ रहे फूल महुआ शराब एवं शराब के साथ गाड़ी पर सघन जांच के दौरान 2790 किलो का बोरी एवं प्लास्टिक का प्रत्येक बोरे में शराब बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान टोनी मांझी, अजीत कुमार, नागेंद्र कुमार, मुन्ना खान सभी थाना क्षेत्र के घाघर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस कार्रवाई करते हुए दोनों वाहन को जब्त कर सभी शराब कारोबारी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## किशोरी लापता, शादी की नियत से अगवा करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोंच के एक वार्ड से एक किशोरी लापता हो गई जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मंगलवार को दर्ज कराई गई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि किशोरी को शादी की नियत से अगवा किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 23.06.2025।** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-84-25-26। कार्य का नाम:** (1) सहायक अभियंता/रानाघाट के अधीन रानाघाट ईएमयू कारशेड पर मेन एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस बिल्डिंग की पहली मंज़िल पर 2 कमरों एवं 01 कॉमन शौचालय के निर्माण हेतु प्रस्ताव तथा (2) रानाघाट में: मंडल अभियंता/III/ सियालदह के अधिकार क्षेत्र में एईएन/रानाघाट के अधीन डी.एल. रॉय इंस्टिट्यूट, ऑडिटोरियम हॉल का सम्पूर्ण सुधार एवं विकास, एस्बेस्टस रूफिंग की बदली, बाथरूम एवं शौचालय सहित अंदर एवं बाहर सम्पूर्ण प्लास्टरिंग, पुट्टी, कलरिंग तथा रंगाई, सम्पूर्ण जीर्णोद्धार कार्य तथा ऑडिटोरियम हॉल में फॉल्स सीलिंग तैयार करना सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹65,68,856.37। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,31,400। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **18.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।**

(SDAH-94/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)**

प्रेस विज्ञाप्ति

**मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विधार्थी प्रोत्साहन योजना–2025**

मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विधार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष–2025 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना (उच्च माध्यमिक) से इन्टरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कुल 823 मुस्लिम छात्राओं की सूची अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद को प्राप्त हुआ है। औरंगाबाद जिलान्तर्गत वर्ष–2025 में इन्टरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक (मुस्लिम) छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 15,000 (पन्द्रह हजार) रूपये प्रति छात्रा की दर से प्रोत्साहन राशि भुगतान CFMS प्रणाली के माध्यम से उनके आधार लिंक बैंक खाता के माध्यम किया जाना है।

औरंगाबाद जिलान्तर्गत वर्ष–2025 में इन्टरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक (मुस्लिम) छात्रा अपना बैंक पासबुक जिस पर स्पष्ट बैंक खाता सं० एवं IFSC CODE अंकित हो, आधार कार्ड, अंक पत्र, प्रवेश पत्र, मोबाईल नं० आदि की प्रति के साथ अपना आवेदन संबंधित शिक्षण संस्थान से अग्रसारित कराकर स्वयं एक सप्ताह के अन्दर अचूक रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में जमा करें। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से प्राप्त सुची को संबंधित शिक्षण संस्थान विद्यालय/महाविद्यालय को उपलब्ध कराया दिया गया है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR. No.006796 (MWD) 2025-26

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

अल्पकालीन निविदा संख्या– 03/भ0प्र0 औरंगाबाद/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 21.06.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 05.08.2025 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 06.08.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 06.08.2025 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
   (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
   (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
   (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | CSR योजनान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ केंद्र दाउदनगर में मरीजों एवं परिजनों के बैठने के लिए शेड का निर्माण कार्य | 13.046 | 26500.00 | 2500.00 | 4 माह |
| | कुल | 13.046 लाख | | | |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक, अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR. No.006798 (BCD) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# ऑपरेशन कराने आई महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी पंचदेवता मार्ग स्थित एक निजी नर्सिंग होम में ऑपरेशन कराने आई महिला मरीज की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मामला टिकारी पंचदेवता मुख्य मार्ग के समीप संचालित अग्रेश हॉस्पिटल में घटित हुई। महिला मरीज के पुत्र परैया थाना क्षेत्र के मंझार गांव निवासी मुन्ना पासवान ने बताया कि मां सुनीता देवी का विगत 10 जून को अग्रेश हॉस्पिटल में डॉ अनुज के द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के दो दिन के बाद से ही मरीज की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद डॉ अनुज कुमार द्वारा पटना जाकर इलाज कराने की बात कही। विगत कई दिनों से उक्त डॉक्टर के द्वारा लगातार पटना व गया के कई हॉस्पिटल का चक्कर लगवाया गया जिसके बाद भी हालत में कोई सुधार नही हुई व लाखों खर्च हुए। सोमवार की शाम को परिजन मरीज को लेकर अग्रेश हॉस्पिटल पहुंच गये व डॉक्टर पर लापरवाही से ऑपरेशन करने का आरोप लगाया। मामले की जानकारी मिलने पर टिकारी थाना की पुलिस व डायल 112 की टीम पहुंची व मामले की जानकारी ली। पुलिस द्वारा मरीज के परिजनों से लिखित शिकायत की मांग की गई है। हालांकि देर शाम तक परिजनों द्वारा कोई शिकायत नहीं किया गया। परिजनों द्वारा हॉस्पिटल संचालक पर समझौता करने का आरोप लगाया गया है। हंगामे के दौरान मरीज बेसुध ऑक्सीजन सपोर्ट पर पड़ी थी। न तो पुलिस द्वारा मरीज का इलाज कराने का प्रयास किया गया न ही हॉस्पिटल संचालक द्वारा कोई प्रयास किया। जानकारी हो कि टिकारी क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम का संचालन धड़ल्ले रूप से किया जा रहा है। दिलचस्प यह है कि अग्रेश हॉस्पिटल के बोर्ड पर डॉ नरेंद्र देव सिन्हा, डॉ पीएन चौधरी व डॉ अनुज कुमार का नाम अंकित है, लेकिन पंजीकरण संख्या तक अंकित नहीं है।

संपादकीय

# चुनाव फुटेज पर सियासत

भारत निर्वाचन आयोग दवारा चुनाव फुटेज को लेकर हाल में जारी आदेश को लेकर सियासी बवाल मच गया है। बेशक यह राजनीति से प्रेरित है, लेकिन जो सवाल और शंकाएं खड़ी की जा रही हैं, वो बेबुनियाद हैं, ऐसा नहीं कहा जा सकता। क्योंकि जिस तरह से यह आदेश जारी हुआ है, वह आयोग चुनाव पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता कम, उससे ज्यादा संदेहास्पद बनाना ज्यादा लगता है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। आयोग के मुता?बिक यह फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। चुनाव आयोग का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नरेटिव फैलाने की कोशिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। गौरतलब है कि नए मुख्यं चुनाव आयुक्त के कार्यकाल में लिया गया यह पहला विवादित निर्णय है। वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपना पदभार 15 मार्च 2024 को पदभार संभाला था।? विपक्षी कांग्रेस ने इस निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी ने आयोग के इस नियम का विरोध करते हुए कहा कि पहले एक साल तक इस डेटा को सेफ रखा जाता था, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कभी भी इसकी जांच हो सके। आयोग का यह नियम पूरी तरह से लोकतंत्र के खिलाफ है। इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। लेकिन इसके पहले 20 दिसंबर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। गौरतलब है कि जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करने के सीसीटीवी फुटेज सामने आए थे। इसके बाद आयोग ने दो बार नियम में बदलाव किया। आयोग का कहना था कि उक्त फुटेज का यूज गलत नरेटिव के लिए होता था। चुनाव आयोग के अनुसार वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है। इसके पहले चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके। नई व्यवस्था में ऐसा तभी हो सकेगा, जब कोई 45 दिनों के अंदर शिकायत करे। हालांकि, कांग्रेस ने चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। तब इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खरगे ने इसे चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर हमला बताया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर रही है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक अगर 45 दिनों में चुनाव को लेकर कोई शिकायत नहीं होगी तो चुनाव कवरेज के सारे फुटेज डिलीट कर दिए जाएंगे। इसका अर्थ यह है कि यदिद चुनाव को लेकर गड़बड़ी की कोई शिकायत 45 दिनो बाद सामने आई तो उसका कोई सबूत बाकी नहीं रहेगा। आयोग की इस बात में दम है कि चुनाव से सम्बन्धित तमाम फुटेज आदि को संभालना कठिन काम है। लेकिन इसे कम से कम 1 साल तक तो संभाल कर रखा ही जाना चाहिए।

# एमएसपी में वृद्धि और किसान आंदोलन की दिशा

**हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 69 रुपए बढ़ाकर 2,369 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है। इसी तरह अन्य कई फसलों की एमएसपी भी बढ़ाई गई है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलता रहे, इसकी भी व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।**



अमित बैजनाथ गर्ग

सरकार का दावा है कि किसानों के हितों के लिए लगातार फैसले लिए जा रहे हैं और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उसका कहना है कि खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसका मकसद किसानों को उनकी फसल पर कम से कम एक निश्चित राशि देना है। एमएसपी की वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। वहीं सरकार का दावा है कि 2022-23 में किसानों से 60 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक धान और 26 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर करोड़ों रुपए हस्तांतरित किए गए।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए पिछली बार उन्होंने लगभग सभी फसलों की एक सूची सरकार को सौंपी थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। किसानों को फल, सब्जी, मवेशी और मछली पालन के लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इस साल की शुरुआत में सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत न करने एवं उनकी शिकायतों का समाधान ना करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की थी। कोर्ट ने केंद्र से एमएसपी के लिए विधिक गारंटी की मांग वाली नई याचिका पर जवाब देते हुए किसानों की मांगों पर विचार करने का आग्रह किया था। यह घटनाक्रम पंजाब-हरियाणा सीमा पर किसान समूहों द्वारा लंबे समय से चल रहे विरोध प्रदर्शन से संबंधित था। याचिका में कृषि कानूनों को निरस्त करने के बाद वर्ष 2021 के किसान विरोध प्रदर्शन के दौरान किए गए वादों के आधार पर फसलों पर एमएसपी के लिए विधिक गारंटी की मांग की गई थी। इस याचिका में मांग की गई थी कि कृषि उत्पादकों के लिए स्थिर आय सुनिश्चित करने के क्रम में एमएसपी को विधिक अधिकार के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कोई प्रत्यक्ष आदेश जारी न करते हुए इस मुद्दे को सुलझाने के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति का उपयोग करने का सुझाव दिया तथा इस संदर्भ में केंद्र से तुरंत जवाब देने को कहा था।

असल में देश में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। यद्यपि सरकार कई फसलों के लिए एमएसपी निर्धारित करती है, लेकिन इसका क्रियान्वयन सीमित है तथा इसके तहत खरीद ज्यादातर चावल एवं गेहूं की ही होती है। किसान विशेषकर गैर-प्रमुख फसल क्षेत्रों के संदर्भ में अक्सर उत्पादन लागत से कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होते हैं। विश्व व्यापार संगठन के समझौते व्यापार प्रतिबंध लगाने या किसानों को सब्सिडी प्रदान करने की भारत की क्षमता को सीमित करते हैं।

प्रदर्शनकारी किसानों के अनुसार, इससे किसानों के लिए खरीद नीतियों एवं सब्सिडी को नियंत्रित करने की भारत की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है। किसानों की प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है। वहीं किसानों की अन्य प्रमुख मांगों में किसानों और मजदूरों के लिए पूर्ण ऋण माफी। किसानों के लिये मुआवजा और पेंशन, विशेष रूप से विरोध प्रदर्शन या कृषि संकट से प्रभावित किसानों के लिए। कृषि श्रमिकों के लिए बेहतर कार्य स्थितियां और मजदूरी और भूमि और जल पर स्वदेशी लोगों के अधिकारों का संरक्षण शामिल है। इन मांगों पर मोदी सरकार लगातार कहती रही है कि वह किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी भलाई के लिए हरसंभव कदम उठाती रहेगी।

हालांकि एमएसपी पर बार-बार कहा गया है कि इसके लिए कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। सरकार ऐसी नीति के आर्थिक प्रभावों को लेकर भी चिंतित है, जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति और बजटीय बाधाएं शामिल हैं। देश भर में सभी फसलों पर एमएसपी लागू करना अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण कठिन है, जैसे कि मंडी प्रणाली। सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने के लिए अत्यधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी, जिससे बजटीय बाधाएं और संभावित आर्थिक तनाव बढ़ेगा। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे उपभोक्ता प्रभावित होंगे। एमएसपी का सांविधिकरण कृषि बाजारों में आपूर्ति और मांग की वर्तमान गतिशीलता को बाधित कर सकता है, जिससे अकुशलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते सरकार की सब्सिडी प्रदान करने या कृषि व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की क्षमता को सीमित करते हैं, जिससे एमएसपी के सांविधिकरण की प्रभावशीलता कमजोर हो सकती है।

असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकदी खर्च के साथ-साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया था। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

अध्यात्म

## अगर हम शांत रहेंगे तो झगड़े होंगे ही नहीं

एक सेठ ने संत से पूछा कि लोग झगड़ा क्यों करते हैं, संत ने कहा कि मैं भिक्षा लेने आया हूं, तुम्हारे मूर्खतापूर्ण सवालों के जवाब देने नहीं

जब दो लोग एक ही समय पर एक साथ गुस्सा करते हैं तब वाद-विवाद की स्थिति बन जाती है और झगड़ा शुरू हो जाता है। अगर दो लोगों में कोई एक भी शांत रहे तो झगड़े की स्थिति बनेगी ही नहीं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है।

प्रचलित लोक कथा के अनुसार एक संत भिक्षा में मिले अन्न से अपना जीवत चला रहे थे। वे रोज अलग-अलग गांवों में जाकर भिक्षा मांगते थे। एक दिन वे गांव के बड़े सेठ के यहां भिक्षा मांगने पहुंचे। सेठ ने संत को थोड़ा अनाज दिया और बोला कि गुरुजी मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। संत ने सेठ से अनाज लिया और कहा कि ठीक है पूछो। सेठ ने कहा कि मैं ये जानना चाहता हूं कि लोग लड़ाई-झगड़ा क्यों करते हैं?

संत कुछ देर चुप रहे और फिर बोले कि ने मैं यहां भिक्षा लेने आया हूं, तुम्हारे मूर्खतापूर्ण सवालों के जवाब देने नहीं आया।

ये बात सुनते ही सेठ एकदम क्रोधित हो गया। उसने खुद से नियंत्रण खो दिया और बोला कि तू कैसा संत है, मैंने दान दिया और तू मुझे ऐसी बोल रहा है। सेठ ने गुस्से में संत को खूब बातें सुनाई। संत चुपचाप सुन रहे थे। उन्होंने एक भी बार पलटकर जवाब नहीं दिया।

कुछ देर बाद सेठ का गुस्सा शांत हो गया, तब संत ने उससे कहा कि भाई जैसे ही मैंने तुम्हें कुछ बुरी बातें बोलीं, तुम्हें गुस्सा आ गया। गुस्से में तुम मुझ पर चिल्लाने लगे। अगर इसी समय पर मैं भी क्रोधित हो जाता तो हमारे बीच बड़ा झगड़ा हो जाता।क्रोध ही हर झगड़े का मूल कारण है और शांति हर विवाद को खत्म कर सकती है। अगर हम क्रोध ही नहीं करेंगे तो कभी भी वाद-विवाद नहीं होगा। जीवन में सुख-शांति चाहते हैं तो क्रोध को नियंत्रित करना चाहिए। क्रोध को काबू करने के लिए रोज ध्यान करें। भगवान के मंत्रों का जाप करें।

### सीख

इस प्रसंग का सार यह है कि घर-परिवार हो या कार्यस्थल हमें शांत रहना चाहिए। अगर कोई गुस्सा कर भी रहा है तो हमें उसका जवाब शांति से देना चाहिए। जैसे ही हमने शांति को छोड़ा और क्रोध किया तो छोटी सी बात भी बड़ा नुकसान कर सकती है।

# नए भारत की नई कहानी : ग्रोथ मार्केट से ग्रोथ इंजन तक

**डिजिटल क्रांति ने भारत के सामाजिक ताने-बाने में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। गाँव का एक युवा अब मोबाइल से भुगतान करता है, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में प्राप्त करता है और ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है। आज ठध्क्रके जरिए 25 ट्रिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन हो चुके हैं। यह डिजिटल समावेशन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण का नया अध्याय है।**

- गिरिराज सिंह



एक राष्ट्र की प्रगति केवल उसके आर्थिक सूचकांकों से नहीं मापी जाती बल्कि इस बात से तय होती है कि उस विकास से आम जनजीवन में कितनी गरिमा, अवसर और आत्मबल का संचार हुआ है। जब हम आज भारत की ओर देखते हैं, तो यह केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक जाग्रत समाज की तस्वीर है, जो आगे बढ़ना जानता है, जो अपने अतीत से सीखता है और अपने भविष्य को स्वयं गढ़ रहा है। मेरे लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर, जो वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 7.4% रही, एक आकंड़ा मात्र नहीं है। यह उस किसान की मेहनत का सम्मान है, जिसने आधुनिक तकनीक को अपनाकर पैदावार बढ़ाई। यह उस महिला उद्यमी की कहानी है, जिसने स्वयं सहायता समूह से यात्रा शुरू कर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद दुनिया तक पहुंचाए। यह उस युवा इंजीनियर का आत्मविश्वास है, जिसने मेक इन इंडिया के अंतर्गत नौकरी ढूंढ़ने के बजाय नौकरी देने वाला बना। आज भारत की औसत विकास दर 6.5% है, और नॉमिनल जीडीपी 330 ट्रिलियन को पार कर चुकी है। जीएसटी संग्रह लगातार दो महीने 2 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। यह आर्थिक आत्मबल अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गाँवों, छोटे कस्बों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचा है। डिजिटल क्रांति ने भारत के सामाजिक ताने-बाने में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। गाँव का एक युवा अब मोबाइल से भुगतान करता है, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में प्राप्त करता है और ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है। आज यूपीआइ के जरिए 25 ट्रिलियन से अधिक ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यह डिजिटल समावेशन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण का नया अध्याय है। भारत ने वैश्विक व्यापार में भी अपनी मज़बूत उपस्थिति दर्ज की है। केवल अप्रैल 2025 में ही भारत से 3 मिलियन आईफोन एक्सपोर्ट हुए, चीन से तीन गुना ज़्यादा। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल बाज़ार नहीं, ग्लोबल वैल्यू चेन का प्रमुख स्तंभ बन चुका है। बीते दशक में भारत में 500 बिलियन से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो इनोवेशन, रोज़गार और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोल रहा है। हमारे किसान भी इस बदलाव के सशक्त भागीदार बने हैं। आज 51 मिलियन किसानों के पास डिजिटल किसान आइडी है, जिससे उन्हें उनकी भूमि, फसल और योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल मंडियाँ, और आत्मनिर्भर कृषि मिशन जैसे प्रयासों ने उन्हें सहयोगी नहीं, सहभागी बनाया है। भारत में गरीबी दर 2011-12 के 29.5% से घटकर आज 9.4% रह गई है। यह केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का विस्तार है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि अत्यंत गरीबी अब मात्र 5.3% रह गई है। इस परिवर्तन में उस ग्रामीण परिवार की कहानी छिपी है, जिसके बच्चे पहली बार स्कूल गए, जिसने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को नज़दीक पाया, और जिसने आत्मनिर्भरता को अपनी पहचान बनाया। इंफ्रास्ट्रक्चर में भी भारत ने नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज भारत एक साल में 1,600 इंजन बनाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकोमोटिव निर्माता है। ऊर्जा क्षेत्र में 49% क्षमता अब नवीकरणीय स्रोतों से है। भारत अब सस्टेनेबल विकास की राह पर तेज़ी से अग्रसर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी भारत की क्षमता को वैश्विक मान्यता मिल रही है। OpenAI जैसी संस्थाओं ने भारत में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय AI अकादमी शुरू की है, यह हमारे युवाओं की प्रतिभा और संभावनाओं में भरोसे का प्रमाण है। नए भारत की विकास यात्रा में टेक्सटाइल सेक्टर भी एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। तकनीकी वस्त्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना एक-दूसरे के पूरक बनकर कार्य कर रही हैं। NTTM के तहत 510 करोड़ की सहायता से 168 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स को मंज़ूरी दी गई है। वहीं, टेक्सटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों पर लाने के लिए देशभर में 7 पीएम मित्रा पार्क स्थापित किए जा रहे हैं, जहां पूरी वैल्यू चेन को 'प्लग-एंड-प्ले' मॉडल पर काम करने की सुविधा मिलेगी। यह क्षेत्र अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और निर्यात का नया प्रतीक बन चुका है। आज भारत को WTO और WEF जैसे वैश्विक संस्थान केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में देख रहे हैं। यह उस समर्पित प्रयास का परिणाम है, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों, योजनाओं और नागरिकों की सहभागिता से संभव हुआ है। मैं दृढ़ता से मानता हूँ कि यह यात्रा केवल सरकार की नहीं, हर भारतीय की है। हमारे सामने आज जो उपलब्धियाँ हैं, वे उस संकल्प का परिणाम हैं जिसने हर गाँव, हर परिवार और हर नागरिक को जोड़ा। भारत आज एक विकल्प नहीं, एक प्रेरणा है, आत्मनिर्भरता की, समावेशिता की और वैश्विक नेतृत्व की। जब हम अमृतकाल में विकसित भारत @2047 की परिकल्पना करते हैं, तो वह केवल एक सपना नहीं, एक साझा संकल्प है और मुझे विश्वास है इस संकल्प की सिद्धि का समय अब दूर नहीं।

**(लेखक केन्द्रीय वस्त्र मंत्री हैं)**

*भारत अब केवल बाज़ार नहीं, ग्लोबल वैल्यू चेन का प्रमुख स्तंभ बन चुका है। बीते दशक में भारत में 500 बिलियन से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो इनोवेशन, रोज़गार और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोल रहा है। हमारे किसान भी इस बदलाव के सशक्त भागीदार बने हैं। आज 51 मिलियन किसानों के पास डिजिटल किसान आइडी है, जिससे उन्हें उनकी भूमि, फसल और योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल मंडियाँ, और आत्मनिर्भर कृषि मिशन जैसे प्रयासों ने उन्हें सहयोगी नहीं, सहभागी बनाया है। भारत में गरीबी दर 2011-12 के 29.5% से घटकर आज 9.4% रह गई है। यह केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का विस्तार है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि अत्यंत गरीबी अब मात्र 5.3% रह गई है।*

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिये। व्यापार में उधारी न करें।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे।

**मिथुन**
सभी काम मन लगाकर करेंगे। नये व्यापारिक अनुबन्ध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ बढ़ेंगी।

**कर्क**
आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**सिंह**
आप कार्यक्षेत्र में अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनन्द उठायेंगे। दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे।

**तुला**
आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे।

**वृश्चिक**
प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नये काम को लेकर जल्दबाजी न करें।

**धनु**
सोचे हुये काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिये।

**मकर**
आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**कुंभ**
आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिन्ता रहेगी।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण सम्बन्ध बनेंगे।

# जीडी कॉलेज में पियर एडुकेटर का प्रशिक्षण सम्पन्न

## पांच विजेताओं को राज्य एड्स नियंत्रण समिति का दिया गया बुक सेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले जी.डी कॉलेज में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जिले के पियर एडुकेटर्स के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सीनियर रिसोर्स पर्सन असीम झा, सहायक रिसोर्स पर्सन सत्यम कुमार, एम.आर.जे.डी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. रविन्द्र कुमारी मुरारी ने किया। आये हुए आगंतुक अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधा उपहार में दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डा. रविन्द्र कुमारी मुरारी ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन डा. अजय कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित जीडी कलेज महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रामअवधेश ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां ग्रह्ण कर अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सीनियर रिसोर्स पर्सन असीम झा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि मानव का सबसे बड़ा धन उसका स्वस्थ शरीर है। युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना और लोगों के बीच जागरूकता फैलाना उनका दायित्व है। पियर एडुकेटर की समाज में एचआईवी संक्रमण को रोकने तथा ब्लड डोनेशन में सक्रिय भूमिका रहती है। इसी उद्देश्य को लेकर बिहार के 38 जिलों में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में पियर एडुकेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी ड सहर अफरोज ने जानकारी देते हुए कहा कि बेगूसराय जिले के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के 30 छात्रों को पियर एडुय्केटर प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया। जी.डी कॉलेज, एम. आर.जे.डी कॉलेज, श्री कृष्ण महिला कॉलेज, एस. बी.एस. एस कॉलेज, आर.सी.एस कॉलेज, आर.बी.एस कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, ए.पी.एस. एम कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान एक लिखित वास्तुनिष्ठ क्विज परीक्षा का आयोजन किया गया। टॉप-5 प्रतिभागियों में सुमित कुमार, नीतीश कुमार, शिवम कुमार, खुशी कुमारी व शिवांगी कुमारी शामिल रहे। सभी विजेता को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा उपकार प्रकाशन का बुक सेट उपहार में दिया गया। एम.आर.जे.डी कलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. रविन्द्र कुमारी मुरारी ने कहा कि आज के परिवेश में सभी छात्रों को एचआईवी एवं एड्स जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। इसको जागरूकता सभी को फैलानी चाहिए और इसे जागरूक करने में हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. रविन्द्र कुमारी मुरारी, तेयाय कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. शैलेन्द्र सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विकाश कुमार, नीतीश कुमार, सुमित कुमार, अजीत कुमार, कोमल, रिंकू, स्वाति, सादिया खातून, सिद्धांत कुमार, आनंद, पीयूष, प्रभात, शिवम, रौशन, नयन राज, खुशी, गुड़िया, स्तुति, निखिल, सन्नी, आशीष, विक्रम राठौर, लकी, मनीषा, पूजा, रजनी, सुहानी सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे




# महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** तेघरा थाना क्षेत्र के तेघरा गंज वार्ड 16 से पुलिस ने महुआ शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उक्त वार्ड निवासी सुबोध चौधरी पिता स्वर्गीय सुरेश चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी में 40 लीटर महुआ शराब सहित निर्माण में प्रयुक्त सभी समान भी बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमलेश कुमार ने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर थाना क्षेत्र के डीह पर गंडक नदी के किनारे से वीरपुर पुलिस ने दो गैलन से करीब 35 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के घुसहा गांव निवासी बूढ़ो सहनी के करीब 30 वर्षीय पुत्र जीतो सहनी उर्फ जितेंद्र सहनी शराब का कारोबार करने के उद्देश्य से लेकर जा रहा था। पुलिस को आते देख शराब को छोड़कर भाग गया। जिसमें स्वतंत्र साक्षी के रूप में वीरपुर थाना क्षेत्र के बैरपुरा गांव वार्ड संख्या 3 निवासी हरे राम सहनी के करीब 26 वर्षीय पुत्र अभय कुमार एवं चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के खंजहापुर करोड़ वार्ड संख्या 19 गांव निवासी नंदन सहनी के पुत्र दीपक सहनी ने अपना हस्ताक्षर किया। बिहार मद्य निषेध के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरूकर दिया गया है।

## आवास सहायकों की हड़ताल शुरू

**नावकोठी (नबिटा संवाददाता)।** ग्रामीण आवास सहायक के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से कामकाज पर असर पड़ा है। आवास निर्माण एवं मूल्यांकन का कार्य बाधित है। लाभुकों के जिओटैगिंग, दूसरे एवं तीसरे किस्त के राशि का भुगतान अधर में लटक गया है। ग्रामीण आवास सहायक अमन कुमार ने बताया सगासा संघर्ष समन्वय समिति बिहार एवं राज्य ग्रामीण आवास कर्मी संघ बेगूसराय के तत्वाधान में 16 सूत्री मांगों को लेकर 21 जून से प्रखंड के सभी आवास सहायक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार से आवास सहायकों की मांगों में सेवा नियमितीकरण एवं स्थायीकरण, मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि, रिक्त पदों पर बहाली आदि शामिल है।

# स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सभी सरकारी स्कूल ग्रीष्मा अवकाश के बाद खुल चुके हैं। जहां स्कूली बच्चों के पहुंचने पर शिक्षकों ने तिलक लगाकर पुष्प माला पहना कर हाथ मिलाकर वेलकम किया। इस दौरान मध्य विद्यालय डंडारी, तेतरी, मोहब्बा, मोहनपुर, बांक, पचरूखी, कटहरी, हरदिया, कल्याणपुर, प्रतारपुर, राजोपुर, कटरमाला आदि स्कूलों में उत्सवी माहौल देखा गया। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, रघुवंश नारायण गौतम, दिनेश प्रसाद, कुंदन कुमार, किशोरी साहू, प्रीति कुमारी आदि ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा निर्देशित किया गया है कि स्कूल खुलने पर स्वागत सप्ताह मनाने को लेकर आदेश दिया गया। जिसके तहत प्रथम दिन बच्चों का स्कूल पहुंचने पर गर्म जोशी से स्वागत करना है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों का स्कूल पहुंचने एवं पढ़ाई के प्रति उनका रुचि जगाना है। बीपीआरओ सह प्रखंड शिक्षा अधिकारी कुमार सौरव ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सप्ताह के छह दिनों के लिए अलग अलग गतिविधिया तैयार किए गए हैं। ताकि गतिविधियों के माध्यम से स्कूल जाने वाले बच्चों को विद्यालय जाना बोझ ना लगे। इसलिए बच्चों का भव्य तरीके से वेलकम किया जा रहा है। मौके पर शिक्षक चांदनी कुमारी, यशोदा कुमारी, लवली कुमारी, अर्चना कुमारी, रूपांजलि कुमारी, प्रेमलता, रंजना, बेबी, शिक्षक परमानंद कुमार, वासुकी रंजन, अशरफ खान, सुमंत कुमार सुमन, राजेश, प्रमोद आदि थे। वही मध्य विद्यालय भगतपुर में सोमवार को विद्यालय आनेवाले बच्चों का स्वागत वेलकम कहकर, तिलक लगाकर, एवं हाथ मिलाकर किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहदेव प्रसाद ने बताया कि यह अभिनंदन समारोह एक सप्ताह तक होगा, शिक्षक सरस्वती कुमारी, पूजा कुमारी, अलका, नीलू कुमारी ने इस कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ बच्चों का स्वागत किया गया। छात्रों में साक्षी कुमारी, संध्या, मीनाक्षी, पूजा, काजल, सरस्वती, प्रीति, कोमल, मुस्कान सहित सैकड़ों बच्चों उपस्थित हुए।

# डीएम ने की विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** प्रभारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अररिया की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बताया गया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार पटना के निदेशानुसार सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक आहूत की गई है जिसमें निर्वाचन विभाग/कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को आगामी विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचन विभाग स्तर से की जाने वाली कार्रवाई आदि से अवगत कराते हुए प्रमुख निर्देश से संबंधित विभागीय पत्र की प्रति उपलब्ध कराई गई। इस क्रम में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों यथा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण हेतु नए भवनों की पहचान आदि की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत निर्वाचकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1200 निर्वाचकों के मानक के आधार पर मतदान केंद्र का गठन प्रावधानों के अंतर्गत किया जाना है।

बताया गया कि यदि किसी मतदान केंद्र के बदलाव आदि में कोई आपत्ति है तो जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा संबधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अवगत कराया जाय ताकि समय रहते इसकी जांच कराकर आपत्ति निष्पादन किया जा सके। इस क्रम में निर्वाचक सूची में पंजीकृत मतदाताओं, प्राप्त प्रपत्रों के निष्पादन, दावा आपत्ति की जानकारी दी गई। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को बीएलए की नियुक्ति हेतु अनुरोध किया गया तथा उनसे फोटो एवं मोबाइल नंबर आदि से संबंधित विभागीय दिशा निर्देश का अनुपालन किए जाने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मंथली पुलिंग डाटा अपलोड रहने संबंधी जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ोत्तरी के प्रयास हेतु किए जा रहे कार्यो तथा इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंच पथ आदि के संबंध में की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। वहीं विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में आज जिले के ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार भा.पु.से. द्वारा किया गया। बताया गया कि आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के लिए हाल ही में संपादित ईवीएम एफएलसी ओके मशीनों को भंडारित रखा गया है। इस क्रम में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं पुलिस उपाधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया डॉ राम बाबू कुमार, सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।



# पत्नी की हत्या मामले में पति को आजीवन कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालू नगर निवासी उजागर साह पिता स्वर्गीय महेंद्र साह को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर दोषी घोषित किया। अभियुक्त उजागर साह अपनी पत्नी एवं दो पुत्र विक्रम कुमार, दिलखुश कुमार और एक पुत्री कल्पना कुमारी के साथ खाना पीना खाकर सो रहा था। रात्रि में उसने अपनी पत्नी के कनपटी पर पिस्टल सटा कर गोली मार दी। आवाज सुनकर सो रहे पुत्र विक्रम कुमार, दिलखुश कुमार एवं पुत्री कल्पना कुमारी जब हल्ला करने लगी तो अभियुक्त उजागर साह ने उनको भी पिस्टल दिखाकर कहा की हल्ला करोगे तो तुमलोगों को भी जान मार देंगे। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने आठ गवाहों की गवाही करवायी जिन्होंने घटना का पूर्णतः समर्थन किया। न्यायालय में मृतिका एवं अभियुक्त के पुत्र एवं पुत्री ने साक्ष्य दिया जिसमें उसने बताया कि उसके पिता ने मेरी माँ को पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दिए। न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध प्रयाप्त साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त उजागर साह को दोषी पाकर सजा के बिन्दु पर सुनवायी करते हुए भादवि की धारा 302 में सश्रम आजीवन कारावास एवं 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनायी अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। घटना की प्राथमिकी बछवाड़ा थाना क्षेत्र के कदराबाद निवासी मृतिका की बहन एवं अभियुक्त की साली गौरी देवी पति सीताराम साह ने अपने बहनोई उजागर साह के विरूद्ध मुफ्फसिल थाना में दर्ज करवायी थी।

## एक नजर

### ठनका गिरने से वृद्ध की मौत

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर थाना छेत्र के परसा पंचायत वार्ड तीन में ठनका गिरने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि बारिश के दौरान परसा गांव वार्ड तीन निवासी 70 वर्षीय मृतक किसान राजेंद्र मंडल श्रीपुर चौड़ अपने खेत पर गए थे। उसी दौरान खेत में कार्य करने के दौरान उनके शरीर पर ठनका गिरा। आस पास खेतों में काम कर रहे लोग शोर मचाते उनके पास पहुंचा तो देखा कि वह मृत अवस्था में खेत में पड़े हुए थे। जिसके बाद मृत शरीर को गांव लाकर पंचायत के जनप्रतिनिधि को सूचना दिया गया। सूचना मिलते शिवाजीनगर पुलिस गांव पहुंच मृतक वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सरोज कुमार मुखिया पति राम पुकार मंडल, सरपंच पति अरुण कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।इधर घटना के बाद मृतक के परिजन शव से लिपट कर दहाड़ मार मार कर रो रही थी। शव को देखने गांव के लोगों की भीड़ उमड़ा हुआ था।

### गृहरक्षकों की दक्षता परीक्षा सम्पन्न

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु दक्षता जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सोमवार को कुल 1400 उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था जिसमें 903 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसकी जानकारी देते हुए बिहार गृह रक्षा वाहिनी के जिला समादेष्टा बेगूसराय ने बताया कि 1600 मीटर में 278 अभ्यर्थी सफल हुए। उनके बाद इन सभी अभ्यर्थियों का लंबाई एवं सीना नापा गया। जिसमें 19 अभ्यर्थी और असफल हुए। इस प्रकार कुल 259 अभ्यर्थी का मेधा सूची बनाया गया। जिला समादेष्टा ने बताया कि सभी सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल टेस्ट कराया जाएगा जो अभ्यर्थी इसमें असफल होंगे उनका मेधा सूची से नाम हटा दिया जाएगा।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैथमा पानगाछी के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह एक बेलगाम स्कर्पियो गाड़ी ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। मृतक की पहचान नीलेश कुमार के रूप में हुई है। जो मटिहानी थाना क्षेत्र के सिहमा दो खुट गाँव का निवासी था। घटना के सम्बंध में नीलेश कुमार अपनी पत्नी स्नेहा कुमारी को राजरानी एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जीएनएम की परीक्षा देने के लिए बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। उसकी पत्नी कुछ दूर पीछे थी, जिसके कारण उसकी जान बच गई। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीणों ने मिलकर सड़क जाम कर आवागमन को दोनों तरफ घंटों ठप कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटवाया। मुफस्सिल थाने की पुलिस ने मृतक के शव को उठाकर बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पेंशन लाभुकों के नाम का होगा सुधार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत के सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों के नाम सुधार किया जाएगा। बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नाम में त्रुटि रहने से पेंशन बंद हो गया है। उस लाभार्थियों का ई लाभार्थी पोर्टल पर नाम सुधार करने का निर्देश निदेशक सामाजिक सुरक्षा बिहार पटना ने दिया है। वैसे लाभुकों के नाम, उनके आधार कार्ड एवं बैंक खाता में नाम में मिस मैच है। जिससे उन्हें पेंशन से वंचित होना पड़ता है। वैसे लाभुकों के नाम सुधार करने हेतु विहित प्रपत्र में 20 जुलाई तक आवेदन करने का अवसर दिया गया है। वैसे लाभुकों को अपने सभी दस्तावेज के साथ सामाजिक सुरक्षा कोषांग काउंटर पर आवेदन करने का निर्देश दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद उनके नाम के विसंगति वाले लाभुकों के त्रुटि को दूर किया जा सके। त्रुटि दूर होने के उपरांत वैसे लाभुकों को भी पेंशन का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

### पंचायत में तीन आशा का चयन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विष्णुपुर पंचायत सरकार भवन पर मंगलवार को आयोजित आम सभा में तीन आशा कार्यकर्ता का चयन किया गया। इसमें वार्ड नंबर दो के लिए प्रीति कुमारी, वार्ड नंबर चार के लिए किरण कुमारी तथा वार्ड नंबर सात के लिए पूजा कुमारी हैं। आम सभा की अध्यक्षता मुखिया प्रभा देवी ने की। आम सभा में सर्वसम्मति से इनका चयन किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश कुमार ऊर्फ टुनटुन पोद्दार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र पासवान,भाकपा अंचल मंत्री चन्द्र भूषण चौधरी, सकल देव महतो, अनिल शर्मा, सुरेश पासवान,मोहन साह,मो नदीम,मो अब्दुल,मो विस्मिल आदि मौजूद थे।

# फोरेंसिक साइंस पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेगा विश्वविद्यालय

## कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी, नवीन कुमार एवं डा. घनश्याम राय को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक विकास की असीमित संभावनाएं मौजूद हैं। आने वाला समय मिथिला विश्वविद्यालय का होगा और इसके सर्वांगीण विकास के दरवाजे चारों दिशाओं में खुलेंगे। यह बात ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में उनके तीन वर्षीय कार्यकाल का पहला सफल डेढ़ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कार्य संस्कृति में अपेक्षित सुधार होने के बाद उनकी प्राथमिकता पारंपरिक शिक्षा की गुणवत्ता को दुरूस्त करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को समय की मांग के हिसाब से रोजगारोन्मुखी गैर पारंपरिक पाठ्यक्रम के विकल्प उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय निकट भविष्य में ही गुजरात के एआरसी लैब के साथ एमओयू साइन कर फोरेंसिक साइंस पर आधारित छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है। उन्होंने डब्ल्यू आई टी की संचालन गतिविधि पर संतोष जाहिर करते कहा कि चालू सत्र से कानून में स्नातक स्तर की पढाई जहां फिर से शुरू हो रही है वहीं बायोटेक पाठ्यक्रम एवं खेल निदेशालय के शुभारंभ होने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अपने संबोधन में उन्होंने इस साल के अंत तक दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के भी प्रारंभ हो जाने की प्रबल उम्मीद जाहिर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा शंभु कुमार यादव ने की। अनुपमा मिश्र द्वारा प्रस्तुत कवि कोकिल विद्यापति रचित गोसाउनि गीत 'जय जय भैरवि...' से प्रारंभ हुए कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी, रूसा के उपाध्यक्ष डा कामेश्वर झा, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो नवीन कुमार अग्रवाल, मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा घनश्याम राय, विद्यापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष सह कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो शशिनाथ झा, मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमलाकांत झा, विद्यापति सेवा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डा बुचरू पासवान, महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू आदि ने साथ मिल दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर बिहार सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक प्रो नवीन कुमार अग्रवाल एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डा घनश्याम राय का भी अभिनंदन किया गया।




# उप स्वास्थ्य केन्द्र बन्द रहने से लोगों को हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** प्रखण्ड के बहरामपुर पंचायत स्थित स्वास्थ उपकेंद्र समय से नही खुलने के कारण लोगो को परेशानी झेलना पर रहा है। स्वास्थ व्यवस्था का किसी प्रकार की सुविधा से पंचायत वासी मरहूम रहते हैं। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण बाबू के द्वारा नींव रखी हुई पंचायत में आज भी स्वास्थ्य सेवा लचर बनी हुई है। प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण बाबू ने मानशाही नैपुर में पंचायत भवन का आधारशिला रखा था। ज्ञात हो कि प्रखंड की बहरामपुर पंचायत भवन स्थित नैपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र पंचायत भवन के छत के कमरे में चलता है। बताया जाता है कि बहरामपुर पंचायत में पहले से उप स्वास्थ्य केंद्र खुला है। इसके लिए आज तक अलग से भवन नहीं बनाया गया है। केंद्र का भवन आज तक नहीं बन सका। जिसके चलते सरकार से उप स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों को मिलने वाली सुविधा नहीं मिल पा रही है। बता दें कि नाम की सुविधा ही मरीजों को मिल रही है। उसके आसपास के दर्जनों गांवों के मरीजों को भटकना पड़ता है। उप स्वास्थ्य में सुविधा मिलने पर मंसूरचक स्वास्थ्य केंद्र ही जाने की आवश्यकता पड़ेगी। आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण सही समय पर खुलता भी नहीं है। इसके बाद से स्वास्थ संबंधी कोई अतिरिक्त सुविधा केंद्र को नहीं मिल पाई है। केवल कागज में ही उप स्वास्थ्य केंद्र बनाकर रखा गया है। सही समय से खुलता भी नहीं जबकि आठ बजे से खुलना चाहिए लेकिन दस बजे दिन में खुलता जिस वजह से लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रहा है ।इस संबंध में उप स्वास्थ्य केंद्र के बारे में स्थानीय मुखिया धर्मवीर सिंह कुंदन ने कहा कि केंद्र के पास भवन का अभाव है। यहां अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करवाया गया है लेकिन भविष्य में पंचायत सरकार भवन में पंचायत भवन चले जाने पर पुराना भवन उप स्वास्थ्य केन्द्र को दिया जा सकता है। मजबूरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं होने के कारण पंचायत भवन में चल रहा है।




# चंद्रमा और बृहस्पति एक राशि में होते ही बनता है कुम्भ : चिदात्मन महाराज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** एक दुर्लभ संजोग बन रहा है इसके बारे में विशेष चर्चा करते हुए पूज्य गुरुदेव भगवान ने यह बतलाया की कुंभ ब्रह्मांड का प्रतीक है। कुंभ योग में सूर्य चंद्रमा और बृहस्पति एक राशि पर मिलते हैं तो कुंभ योग बनता है। जो कायिक, वाचिक, मानसिक, संसर्गिक, ज्ञात, अज्ञात, सब प्रकार के पाप ताप को दूर कर एह लौकिक सुख और पारलौकिक गति देने वाला शास्त्र वर्णित है यह दुर्लभ योग 12 वर्षों में केवल ढाई दिनों का होता है। जिस वर्ष के जिस माह में ऐसा योग होता है वह महीना अपने आप में विशिष्ट हो जाता है। इसके अन्वेषक ऋषि वृंदों में प्रधान ब्रह्मा जी अपौरुषेय सत्य सनातन धर्म का आधार वेद वेदांग के द्वारा धर्म प्रधान बुद्धिजीवियों को प्रदान किया गया है। जिनके द्वारा शास्त्रोचित विधि से देव वृद्ध इससे लाभान्वित होते हैं ऐसे अनजाने से भी यह मुहूर्त सबके लिए लाभकारी है। जैसे आग जान के या अनजान में छूने से उसका फलाफल मिलता है। इस प्रकार से धर्म जानकार के या अनजान से हो जाता है तो उसका प्राप्त फलाफल सबको अवश्य मिलता है। इसीलिए आज मिथुन राशि पर सूर्य चंद्रमा और बृहस्पति के योग से अनुपम महाकुंभ का योग बन रहा है। शास्त्र अनुसार जगन्नाथ धाम में स्नान दान जप पाठ हवन व परमार्थ का सारा कार्य अनैतिक गुण अधिक फलदाई कहा गया है। परंतु द्वादश कुंभ की सजगता के बाद समुचित व्यवस्था के अभाव में वहां जाने में जो कोई भी असमर्थ होने के कारण आदि कुंभस्थली सिमरिया धाम में ही विधिवत कुंभोत्सव के साथ-साथ सर्वमंगला परिवार के सौजन्य से साथ यह अमृतोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें अमावस्या के पुनीत अवसर पर यह कुभोत्सव का शुभारंभ हुआ जो आषाढ़ नवरात्र पर्यन्त इसी प्रकार से रथोत्सव के द्वारा मनाया जाएगा।

# ट्रेन में चढ़ने के दौरान यात्री की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मंगलवार को बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के क्रम में एक यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। डिब्रुगढ़-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस से उतरकर पानी लेने गए असम के एक 55 वर्षीय यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के क्रम में प्लेटफर्म से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल, बेगूसराय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक असम के मोरीगांव जिले के नखोला गांव के निवासी थे। यह हादसा चलती ट्रेन में चढ़ने और उतरने के दौरान बरती गई लापरवाही के कारण हुआ, जो जानलेवा साबित हो सकता है। इस तरह की घटनाएं पहले भी बेगूसराय में हो चुकी हैं। दरअसल बेगूसराय स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा हुआ जब एक यात्री स्वरूप दास अपनी पत्नी मिठू दास के साथ ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। वे गाड़ी 13281यूपी से उतरकर पानी लेने के लिए प्लेटफर्म पर गए थे। लेकिन जब वे वापस अपनी बोगी में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। तभी ट्रेन खुल गई।

# सेवानिवृत्त शिक्षिका को बंधक बनाकर 40 लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत बिशुनगंज थाना क्षेत्र के तिलकई गांव में बीती रात बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम दिया गया। पांच अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने सेवानिवृत्त शिक्षिका उषा देवी को घर में अकेले पाकर बंधक बना लिया और लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति लूट ली।





प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की रात की है। सेवानिवृत्त शिक्षिका उषा देवी घर में अकेली थीं, तभी आधी रात को पांच बदमाशों ने घर में घुसकर उनके हाथ-पैर बांध दिए, मुंह पर पट्टी और आंखों पर टेप चिपका दी। इसके बाद बदमाशों ने घर में रखे 11 लाख रुपये नकद और करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं कपड़े लूट लिए। पीड़िता के भाई शिशुपाल शर्मा ने बताया कि वे चारों भाई बाहर नौकरी करते हैं और घर की देखरेख बहन उषा देवी करती हैं। हाल ही में घर की छत की ढलाई के लिए 7 लाख रुपये नकद घर में रखे गए थे। इसके अलावा एक रिश्तेदार के भी 4 लाख रुपये वहां रखे थे।

घटना की जानकारी मिलते ही 112 नंबर पुलिस सहायता वाहन मौके पर पहुंचा। थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही खोजी कुत्तों की मदद से बदमाशों के सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुटे हैं। हालांकि, अब तक पुलिस को इस मामले में कोई ठोस सफलता नहीं मिली है।

## एसडीएम ने अनुमंडल अस्पताल रक्सौल का किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** एसडीएम मनीष कुमार ने मंगलवार को अनुमंडल अस्पताल रक्सौल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं, साफ-सफाई और मरीजों की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसडीएम ने बताया कि वे रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष भी हैं और वर्ष में चार बार समिति की बैठकें आयोजित कर मरीजों की बेहतरी के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की जाती है। निरीक्षण के दौरान अधिकतर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, हालांकि कुछ स्थानों पर पाई गई खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश भी संबंधित कर्मियों को दिए गए। उन्होंने अस्पताल में खराब पड़े एयर कंडीशनरों की स्थिति पर भी चिंता जताई और कहा कि इस भीषण गर्मी में इससे मरीजों और चिकित्सकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

# 10 जुलाई से वाणावर पहाड़ पर शुरू होगा श्रावणी मेला, डीएम व एसपी ने किया तैयारियों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** श्रावण मास के आगमन के साथ ही वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ धाम में लगने वाले प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 10 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले इस एक माह के मेले को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने मंगलवार को मेला क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पताल गंगा से लेकर मंदिर तक जाने वाले मार्ग की स्थिति, रेलिंग की मरम्मत, सीढ़ियों की मजबूती, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इस दौरान हथियाबोर क्षेत्र में बन रहे रोपवे निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया। प्रशासन की मंशा है कि श्रद्धालुओं को कठिन चढ़ाई से राहत मिल सके। डीएम पांडेय ने बताया कि इस बार मेले को पूरी सतर्कता और सुव्यवस्था के साथ आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के साथ-साथ मेडिकल टीम और आपात सेवा दल भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष श्रावणी मेले में हुई भगदड़ की त्रासदी ने सभी को झकझोर दिया था, जिसमें कई श्रद्धालुओं की मृत्यु और दर्जनों के घायल होने की घटना सामने आई थी। इस बार जिला प्रशासन पहले से अधिक सजग और सतर्क है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीओ राजीव रंजन, एडीएम, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ समेत कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। हर वर्ष लगने वाला यह मेला बिहार के विभिन्न जिलों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होता है, जो बाबा सिद्धनाथ को जल अर्पण कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।



# जहानाबाद में तीरंदाजी खेल विधा में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा राज्य के सभी जिलों में विभिन्न खेल विधाओं में आगे के प्रशिक्षण के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ी एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों में कुशल प्रशिक्षकों के निगरानी में निशुल्क उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों में निशुल्क खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ भोजन,आवासन, खेल किट्स, उपकरण एवं पठन-पाठन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर के गांधी मैदान स्थित खेल भवन में तीरंदाजी प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल आयोजित की गई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा भेजी गई टीम के द्वारा बच्चों का बैटरी टेस्ट लिया गया। इस चयन ट्रायल में 12 से 14 वर्ष के, नौवी कक्षा तक के कुल 34 छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमे 10 बालक एवं 24 बालिकाएं शामिल थीं। जिला में 27 जून 2025 को खेल भवन ,जहानाबाद में पुनः तलवारबाजी खेल विधा हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इच्छुक एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं से जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करें। 12 से 14 वर्ष तक के नौवीं कक्षा तक के छात्र- छात्राएं इस चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागिता हेतु आप अपना आधार कार्ड, विद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र एवं 2 पासपोर्ट साइज का फोटो साथ लाए।





# आज मोतिहारी पहुंचेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मॉक संसद व प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बुधवार को मोतिहारी पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर भाजपा द्वारा सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जिला प्रवक्ता प्रकाश अस्थाना ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुराग ठाकुर 25 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत रामसन प्लाजा में सुबह 11 बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित मॉक संसद के उद्घाटन से होगी। इस मॉक संसद का उद्देश्य युवाओं को 1975 में लगाए गए आपातकाल की वास्तविकता, तानाशाही निर्णयों तथा लोकतंत्र पर हुए हमले के प्रति जागरूक करना है। श्री ठाकुर मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक विमर्श, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, एवं इतिहास की समझ को गहराई से जानने का अवसर प्रदान करेंगे। इसके पश्चात वे रामसन प्लाजा में ही पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे वे कचहरी चौक स्थित अटल स्मृति पार्क में आपातकाल स्मृति प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। वहीं, 1:30 बजे वे आरडीके होम्योपैथिक कॉलेज परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस पर वृक्षारोपण करेंगे और स्मृति पार्क का लोकार्पण कर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।



शाम 4 बजे पुनः रामसन प्लाजा में आयोजित मॉक संसद के समापन समारोह में भाग लेंगे।

प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, प्रवक्ता डॉ. लालबाबू प्रसाद, साजिद रज़ा, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज़ शहजाद, एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबलू पासवान उपस्थित थे।

इन आयोजनों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

# जमीन में दफन मिली नवविवाहिता की लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव स्थित कृषि फार्म की जमीन से मंगलवार को पुलिस ने करीब 10 फीट नीचे दफन एक नवविवाहिता का शव बरामद किया। मृतका की पहचान कविता देवी, पति कुंदन कुमार के रूप में हुई है, जिसकी शादी इसी वर्ष 26 अप्रैल को हुई थी।



घटना की सूचना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के पिता शंकर राउत (निवासी–बखरी बाजार, पताही) ने पीपराकोठी थाने में आवेदन देकर हत्या की आशंका जताई थी। उन्होंने बताया कि 21 जून की सुबह लगभग साढ़े छह बजे कविता के ससुर नरेश सिंह ने फोन पर बताया कि आपकी बेटी भोर में घर से भाग गई है। जब उन्होंने पुनः संपर्क करने की कोशिश की, तो ना ससुर ने फोन उठाया और ना ही दामाद ने। संदेह होने पर जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे, तो पाया कि ससुर और पति दोनों फरार हैं, जबकि सास प्रभावती देवी ने भी बेटी के भागने की बात दोहराई। आवेदन के आधार पर पुलिस हरकत में आई और ससुर सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को पीपराकोठी कृषि फार्म की जमीन खुदवाकर शव बरामद किया। घटना स्थल पर डीएसपी सदर-2 जितेश पांडेय ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। यह मामला एक संभावित दहेज हत्या या पूर्व नियोजित साजिश की ओर इशारा कर रहा है।

# 16 सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीण आवास कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय स्थित कचहरी चौक पर सगाशा संघर्ष समन्वय समिति, बिहार की जिला इकाई के बैनर तले ग्रामीण आवास सहायक, पर्यवेक्षक एवं प्रखंड लेखापालों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना व हड़ताल शुरू कर दिया। धरना में शामिल कर्मियों ने अपनी 16 सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की। धरना का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना को धरातल पर लागू करने में हम सभी कर्मी 2014 से लगातार योगदान दे रहे हैं, बावजूद इसके अब तक हमारे मानदेय और सेवा की स्थायित्व को लेकर सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की है।

उन्होंने बताया कि 2016 में मानदेय में वृद्धि के बाद बीते 7 वर्षों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। अस्थायी सेवा और अत्यंत कम मानदेय के चलते कर्मियों में असंतोष गहराता जा रहा है।

धरना स्थल पर विकास रंजन, खुर्शीद आलम, कृष्णकांत गिरी, राजू कुमार समेत बड़ी संख्या में आवास कर्मी उपस्थित थे। समिति ने चेतावनी दी है कि जब तक मांगों पर सरकार की ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिलता, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# राजगीर में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर लोजपा नेत्री इंदु कश्यप ने चलाया जन संपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा इस माह के 29 तारीख को राजगृह में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में लोजपा नेत्री डॉ इंदु कश्यप ने जहानाबाद जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को इस समागम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान लोजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान किसी एक जाति के नहीं, बल्कि सभी वर्गों और धर्मों के लोगों के बीच सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को चिराग पासवान के विचारों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं।लोजपा नेत्री ने कहा कि समागम न केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम है, बल्कि यह बिहार की राजनीति की दशा और दिशा तय करेगा। इस दौरान बातचीत के क्रम में इंदु कश्यप ने बताया कि समागम में लगभग तीन लाख लोगों के जुटने की संभावना है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता पंचायत स्तर तक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में हम सभी जुटे हुए हैं।लोजपा नेत्री ने लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि लोजपा कार्यकर्ता बूथ से लेकर पंचायत स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाकर 29 जून के समागम को सफल बनाएं और चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें।



# एसबीआई के 70वें स्थापना दिवस पर विशाल रक्तदान महाशिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

मोतिहारी। भारतीय स्टेट बैंक (से-लय-का) मोतिहारी ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व के संदेश के साथ विशाल रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया। इस पुनीत कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने अपने करकमलों से किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान महाशिविर को सफलता मिली। शिविर में 50 से अधिक बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। इस अवसर पर श्री सिंह ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं प्रशस्ति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया और उनके समर्पण को सलाम किया।




अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा, रक्तदान जीवनदान है। यह एक महान कार्य है, जो हमें न केवल किसी ज़रूरतमंद को जीवन देने का अवसर देता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का भी माध्यम बनता है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक सामाजिक सरोकारों में अपनी सक्रिय भूमिका आगे भी निभाता रहेगा। इस मौके पर बैंक परिसर में सेवा और समर्पण की भावनाओं से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अधिकारी, कर्मी और स्वयंसेवी भी उपस्थित थे।

# वर्षो से जाम पड़े नाले की हुई सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** अरेराज बाज़ार स्थित मिर्चाहट्टी के पीछे लगभग 20 वर्षों से जाम पड़े नाले को पिछले 04 दिनों से व्यापक रूप से साफ़ किया गया । साथ ही श्रावणी मेला को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक रूप से कूड़ा कचरा उठवाना तथा अन्य नालों की सफ़ाई की जा रही है । स्वच्छता पदाधिकारी निश्चल कुमार के आदेश पर एन जी ओ ओनी के प्रबंधक विशाल कुमार के नेतृत्व में सफ़ाईअभियान चलाया जा रहा है । स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसडर विजय अमित ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अरेराज में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# सदर अस्पताल मोतिहारी में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों का हो रहा समुचित इलाज, अब तक 43 बच्चे हो चुके हैं स्वस्थ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के लिए राहत की खबर है। मोतिहारी सदर अस्पताल परिसर स्थित 20 बेड वाले पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में अब तक 43 अति-कुपोषित बच्चों का सफल इलाज किया जा चुका है। इस केंद्र की शुरुआत 13 मार्च 2025 को की गई थी, जिसका उद्देश्य जिले भर के 1.5 माह से 5 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण और चिकित्सा के जरिये स्वस्थ बनाना है। सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक कौशल दुबे ने बताया कि मार्च में 09, अप्रैल में 07, मई में 16 और जून में अब तक 11 बच्चों का इलाज किया गया है। यहां भर्ती बच्चों को निःशुल्क पौष्टिक आहार, दवाएं और विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जीविका दीदी की रसोई से बच्चों और उनकी माताओं को प्रतिदिन का भोजन उपलब्ध कराया जाता है, साथ ही माताओं को ?100 प्रतिदिन भत्ता भी दिया जाता है।

**आशा कार्यकर्ताओं को भी मिलती है प्रोत्साहन राशि**

पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को रेफर करने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता को ?250 की प्रोत्साहन राशि अश्विन पोर्टल के माध्यम से दी जाती है।

**कैसे होती है बच्चों की पहचान?**

एनआरसी के नोडल चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि आरबीएसके के चिकित्सक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता मिलकर कमजोर बच्चों की पहचान करते हैं। चिन्हित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर समुचित इलाज और स्पेशल डाइट दी जाती है, जिसमें संतुलित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, वसा और खनिज मौजूद होते हैं।

**आरोही बनी उम्मीद की मिसाल**

चकिया प्रखंड की खैरी जमुनिया गांव निवासी क्लीफ्ट पैलेट से ग्रसित आरोही कुमारी को 30 मई को एनआरसी में भर्ती किया गया था। उस समय उसका वजन मात्र 3.5 किलोग्राम था। इलाज और उचित पोषण के बाद 19 जून को उसका वजन बढ़कर 4.340 किलोग्राम हो गया। चिकित्सकों ने परिवार को संतुलित आहार देने की सलाह भी दी।

**इन क्षेत्रों से आए अब तक बच्चे**

प्रबंधक कौशल दुबे ने बताया कि अब तक रक्सौल, सुगौली, मधुबनीघाट, पिपराकोठी, चकिया और कोटवा से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराया गया है। इस मौके पर इंचार्ज प्रवीण कुमार, फीडिंग डिमॉन्स्ट्रेटर ज्योति कुमारी, स्टाफ नर्स प्रशांत पचौरी, हेमराज नागर, महेंद्र कुमार, मनप्रीत सिंह सिद्धू, गजानंद शर्मा समेत पूरी स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।

# जहानाबाद में होमगार्ड (गृहरक्षक) बहाली प्रक्रिया के चौथे दिन 325 अभ्यर्थी हुए सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में चल रहे होमगार्ड (गृहरक्षक) बहाली प्रक्रिया के चौथे दिन भी शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे, जिनमें से 981 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।



शारीरिक दक्षता परीक्षण की प्रथम चरण की 1600 मीटर दौड़ में 369 अभ्यर्थी सफल हुए। तत्पश्चात इन सभी अभ्यर्थियों की ऊंचाई एवं सीना माप की गई, जिसमें 38 अभ्यर्थी निर्धारित मानकों को पूर्ण नहीं कर सके और असफल घोषित किए गए। शेष 331 अभ्यर्थियों ने अगले चरण की ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक जैसी शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। अंतिम चरण में चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान 06 अभ्यर्थी असफल पाए गए, जबकि 325 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए और दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए। मंगलवार के दिन अपीलीय कोषांग में कुल 03 अपीलें दायर की गईं, जिन्हें मौके पर ही निष्पादित कर दिया गया। बताया गया कि गृह रक्षक बहाली प्रक्रिया जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार-मुक्त तरीके से सम्पन्न कराई जा रही है। होमगार्ड की समादेष्टा प्रभा कुमारी ने बताया कि गृह रक्षकों की बहाली की सम्पूर्ण प्रक्रिया वरीय पदाधिकारियों की निगरानी में की जा रही है।

# आम के बगीचे में जमकर मारपीट घायल की स्थिति नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**कल्याणपुर(पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र गरीबा पंचायत के सुरेन्द्र सिंह को आम के बगीचा को लेकर जमकर मारपीट कर बुरी तरह घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल जिंदगी और मौत में जूझ रहा है। घायल के पुत्र में बिट्टू कुमार ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में बताया है कि मेरे ही बगीचे में मेरे पट्टीदार रामनारायण सिंह, अजय सिंह, गोलू सिंह, मुस्कान सिंह, चिंता देवी व गुड़िया देवी ने मिलकर मेरे पिता को आम के बगीचा में बेरहमी से मारपीट कर हाथ तोड़ कर और पैर में चाकू मारकर आम के बगीचे में ही मृतक समझ कर छोड़ कर चले गए थे। मेरे पिताजी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। जिनका इलाज मुजफ्फरपुर चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त नहीं है जबकि परिजनों के अनुसार थाना को आवेदन दिया जा चुका है।



# गौरीशंकर कनौजिया बने बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग के सदस्य, जदयू कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बंजरीया प्रखंड अंतर्गत सिसवा ग्राम निवासी एवं जदयू के वाणिज्यिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व मुखिया गौरीशंकर कनौजिया को बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा की गई इस नियुक्ति पर जिले में जदयू कार्यकर्ताओं एवं व्यवसायिक समुदाय में हर्ष की लहर है। माना जा रहा है कि इनके अनुभव से आयोग को मजबूती मिलेगी और उद्यमियों तथा व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान ससमय हो सकेगा। जिला जदयू की ओर से अध्यक्ष मंजू देवी ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। श्री कनौजिया को बधाई देने वालों में सांसद लवली आनंद, विधायक शालिनी मिश्रा, विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह, मीना द्विवेदी, रजिया खातून, सतीश कुमार, वरिष्ठ नेता प्रो. दिनेश चंद्र प्रसाद, भुवन पटेल, रतन सिंह पटेल, प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजय श्रीवास्तव, ब्यास प्रसाद सिंह, विनय कुमार सिंह, शर्मानंद सहनी, दिवाकर कौशिक, सगीर अहमद, प्रकाश चौधरी, डॉ. खुर्शीद अजीज, कृष्णकांत मिश्र, ई. राजेश पांडेय, इशरत जहां सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता व शुभचिंतक शामिल रहे।



# ससुराल में विवाद के बाद महिला दो बच्चों के साथ लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के मई बिगहा गांव से एक महिला दो बच्चों के साथ लापता हो गई है। लापता महिला की पहचान गोह थाना क्षेत्र के बाजार वर्मा निवासी टुनटुन यादव की पुत्री सीता देवी के रूप में हुई है। पीड़िता के पिता ने रफीगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2019 में दुखन यादव के साथ हुई थी। 20 जून 2025 को सुबह सीता देवी का अपने पति दुखन यादव, ससुर विनोद यादव और सास के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ ससुराल से निकल गई, लेकिन तब से अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी





मिलते ही परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, परंतु कोई सफलता नहीं मिली। मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और महिला की तलाश में पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## होटल में काम करने वाले युवक के लापता होने का मामला, पत्नी ने होटल मालिक पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के तिवारी बिगहा से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। लापता व्यक्ति की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के लहगिंया गांव निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में उनकी पत्नी शकुंती देवी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर होटल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि उनके पति मुकेश कुमार तिवारी बिगहा स्थित संजीत कुमार के होटल में कार्यरत थे। इस दौरान संजीत द्वारा अक्सर उनके पति के साथ गाली-गलौज की जाती थी, जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने उक्त होटल का कार्य छोड़ दिया और बगल में स्थित पिंटू कुमार के होटल में काम करने लगे। शकुंती देवी के अनुसार, 20 जून 2025 को दोपहर करीब 3 बजे उनके पति अचानक लापता हो गए। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** मंगलवार को पटना पुलिस ने गोह थाना क्षेत्र के टकौरा गांव में इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस के सहयोग से पटना के बहादुरपुर थाना कांड संख्या 161/ 25 में आर्म्स एक्ट के नामजद अभियुक्त गोह थाना क्षेत्र के टकौरा गांव निवासी राकेश कुमार के पुत्र अनुराग ठाकुर उर्फ सौर्ज के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इसके बावजूद भी अभियुक्त अगर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी कैलेंदर कुमार मौजूद थे।

# जिसे मिलेगा राजद का टिकट, उन्हें करेंगे हम सहयोग : अनुज सिंह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राजद के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुखिया शहजाद शाही की तबीयत खराब होने की सूचना पर मंगलवार को पूर्व विधान पार्षद अनुज कुमार सिंह एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव ने उनके आवास पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। इस दौरान रफीगंज विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति और आगामी रणनीति को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। पूर्व एमएलसी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि शहजाद शाही को हार्ट ब्लॉकेज की समस्या होने के कारण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया था। अब वे स्वास्थ्य लाभ लेकर अपने निवास पर लौट आए हैं। अनुज सिंह ने उन्हें राजद का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, वे उसके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार बिहार में राजद की सरकार बनेगी। इस मौके पर डॉ. संजय यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा रफीगंज विधानसभा सीट पर जिसे टिकट मिलेगा, उसे विधानसभा तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत झोंकी जाएगी। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष लालमोहन यादव, फहद शाही, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोइलवां मिडिल स्कूल में शिक्षक-शिक्षिका के बीच विवाद ग्रामीणों ने सभी शिक्षकों को हटाने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के कोईलवां मिडिल स्कूल में मंगलवार को शिक्षक और शिक्षिका के बीच हुए विवाद ने विद्यालय को एक बार फिर चर्चा में ला दिया। कक्षा 5 के एक छात्र को बाहर निकालने की बात को लेकर शिक्षिका पुष्पांजलि कुमारी और शिक्षक चन्द्रदीप पासवान के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो मारपीट की स्थिति तक पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, प्रभारी बीईओ अशोक कुमार और स्थानीय पुलिस विद्यालय पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की कोशिश की, लेकिन बात



नहीं बनी। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षिका पुष्पांजलि कुमारी की तैनाती के बाद से विद्यालय में लगातार विवाद की स्थिति बनती रही है। इससे पहले भी उनके कारण तीन बार विवाद हो चुका है, जिसके चलते उन्हें एक बार डिपुटेशन पर भेजा गया था और तीन शिक्षकों को निलंबित किया गया था।

गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलते ही एक बार फिर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में स्थानीय शिक्षकों के कारण गुटबाजी और राजनीति हावी है, जिससे पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी और प्रभारी बीईओ अशोक कुमार ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 9 शिक्षक कार्यरत हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी शिक्षकों को अलग-अलग विद्यालयों में स्थानांतरित करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया है।

## लोन वसूली के लिए एसबीआई ने चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा लोन वसूली अभियान चलाया गया है। इस दौरान बकायेदारों से लाखों रूपये वसूले गए। यह जानकारी फिल्ड आफिसर दीपक कुमार ने दी है। बैंक शाखा प्रबंधक प्रदुम्न कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक के लोन धारकों को जागरूक करने एवं सरकार की योजना के लाभ से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से एक जागरूकता सह लोन वसुली अभियान चलाया गया है जिसमें गांव-गांव घर घर जाकर ऋणियों लोन राशि जमा कर योजना का लाभ उठाएं, ताकि लोन मुक्त हों। उन्होंने बताया कि बैंक गरीब मध्यम वर्गीय लोगों एवं व्यवसायियों को ऋण देकर उनकी व्यवसाय को बढ़ावा देना चाहती है। लोन के माध्यम से उनका आर्थिक विकास करना मकसद है।

# 22 करोड़ रुपए की लागत से सात सड़कों का होगा निर्माण : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जगदीशपुर (भोजपुर)। भोजपुर के जगदीशपुर विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया ने अपने किए गए अनुशंसा से 22 करोड रुपए की लागत से सात सड़कों का निर्माण होगा। ये सड़क मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनेगा। जिन सड़कों का निर्माण होना है उनमें अंधारी बाग से महादलित टोला तक 3 करोड़ 54 लाख रुपये, एयार से यादव टोला तक 2 करोड़ 71 लाख,पीडब्ल्यूडी पीरो बिहिया पथ से शिवनाथ टोला तक 92 लाख रुपये, कुनई, दलित टोला से रजापुर पुल तक एक करोड़ 80 लाख रुपये, वैना सामुदायिक भवन एनएच 30 छपरपुर तक एक करोड़ 32 लाख, हाड़पोखर एनएच 30 से भोराही पथ से भटौली भिकारी डेरा तक 5 करोड़



38 लाख व गोकुल टोला से सनेया यादव टोला एक करोड़ 19 लाख रुपये से जल्द सड़क का निर्माण होगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है टेंडर प्रक्रिया में है। विधायक लोहिया ने कहा कि सात सड़कों के निर्माण में कुल 22 करोड रुपए खर्च होंगे। यह वैसे सड़के हैं, जहां आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान तक नहीं दिया। मैंने सदन में आवाज उठाने से लेकर विभागीय पत्राचार करने के बाद मेरे अर्थक प्रयास से यह सभी सड़क का निर्माण मेरे अनुशंसा से होगा। इससे पहले भी 71 सड़कों का निर्माण 100 करोड रुपए की लागत से अनुशंसा किया था जो सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 750 करोड रुपए की लागत से अपने कार्यकाल में सड़कों का निर्माण कराया है। बिना जात-पात बिना भेदभाव की हर जगह विकास का कार्य करा रहे है। सरकार में नहीं रहने के बावजूद हमने जगदीशपुर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा। सड़क नाली-गली, सामुदायिक भवन, छठ घाट,पुल-पुलिया सहित अनेकों विकास के कार्य कराए हैं। हमने अपने कार्यकाल में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराया। वहीं उन्होंने कहा कि जगदीशपुर में कुछ ऐसे जनप्रतिनिधि है मेरे कराए गए कार्यो को श्रेय लेते हैं लेकिन जनता हकीकत जानती है। आगे विधायक ने कहा कि अभी और सड़कों का अनुशंसा हुआ है जो प्रशासनिक स्वीकृति मिलने वाला है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि 2025 में तेजस्वी यादव की सरकार बनाए और जगदीशपुर को पर्यटक स्थल घोषित करने के साथ-साथ बड़े-बड़े उद्योग लगाने का मेरा प्रयास रहेगा। क्योंकि बिहार में उद्योग और बिहार का विकास तभी होगा जब तेजस्वी सीएम बनेंगे। मैंने कहा कि जो 17 माह में मेरे नेता ने कार्य किया वह देश में चर्चा किया जाता है।

# अश्विनी तिवारी 7वीं बार बने भाजपा औरंगाबाद के जिला प्रवक्ता, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद जिला इकाई के लिए एक बार फिर गर्व का क्षण आया है। वरिष्ठ नेता अश्वनी कुमार तिवारी को सातवीं बार जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के बाद जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। अश्वनी तिवारी की नियुक्ति पर जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह टैगोर, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडे, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, नीरज पांडे, मुकेश मिश्रा, गोपाल



शरण सिंह, संजय गुप्ता, जय गोविंद प्रसाद, सुनील दुबे, आलोक दुबे, श्रीराम तिवारी, भास्कर तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, राजेश तिवारी, राजकुमार शर्मा, नागेंद्र शर्मा, अनुप मनोहर, नीतीश कुमार, राम पुकार पांडे सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री तिवारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती के लिए हर स्तर पर कार्य करता रहूंगा। यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक संकल्प भी है कि मैं पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक सशक्त रूप से पहुंचाऊं। श्री तिवारी को पार्टी के प्रखर वक्ता के रूप में जाना जाता है और उनका यह सातवां कार्यकाल पार्टी के लिए एक नई ऊर्ज़ा और दिशा प्रदान करेगा, ऐसी उम्मीद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जताई है।

# अकौनी में गिरे विशाल पेड़ से आवागमन ठप, बच्चों की पढ़ाई पर भी संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अकौनी-भदवा मुख्य पथ पर स्थित अकौनी गांव में कुछ दिन पूर्व आए तेज आंधी-तूफान के दौरान एक विशाल पीपल का पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इस मार्ग के बंद होने से टिकरी, कोना, भदवा, गोपालपुर, गांधार सहित कई गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बच्चों की शिक्षा पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, क्योंकि स्कूल जाने वाली गाड़ियां गांव में नहीं पहुंच पा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पेड़



गिरने से गांव का एक घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक न तो वन विभाग और न ही कोई अन्य संबंधित पदाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग अविलंब पेड़ को हटवाकर रास्ता सुचारु रूप से चालू कराए, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और आम जनजीवन सामान्य हो सके।

# बाइक की टक्कर में एक युवक व किशोर जख्मी , रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** दो बाइक की टक्कर में सवार एक युवक व किशोर जख्मी हो गए। घटना सोमवार की देर रात सलैया थाना क्षेत्र के मदनपुर - कासमा रोड़ में महुलान के समीप की हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों जख्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के खजुअतिया निवासी राजवल्भ भुईयां के 19 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार एवं विजय यादव के 15 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रुप में की गई है। बताया जाता है कि अरुण कुमार की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक अरुण खिरियावां से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में दोनों उस जगह हादसे में जख्मी हो गए।

# लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौंटा ने ब्लूमफिल्ड धरहरा को हराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम आरा में प्रथम अंतर विद्यालय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भोजपुर जिला के 16 विद्यालयों ने हिस्सा लिया है। मंगलवार को लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौटा बनाम ब्लूमफिल्ड स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच का उद्घाटन बिहार सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के सचिव कुमार विजय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौटा एवं ब्लूम फिल्ड धरहरा के बीच क्रिकेट लीग मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर ब्लूम फील्ड की टीम ने बैटिंग किया और 10 ओवर



में 90 रन बनाया। उसके बाद लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौटा की टीम ने 8 ओवर में ही 91 रन मार कर मैच जीत लिया। लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर के इस मैच में ब्लूम फील्ड ने 8 विकेट खोकर 90 रन बनाया। ब्लूम फील्ड की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आदित्य कुमार ने 24 रन, हनी ने 23 रन, हार्दिक 6 रन, आदित्य राज 5 रन एवं अंकुर ने 6 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए लोटस इंटरनेशनल स्कूल के तरफ से विवेक कुमार ने सर्वाधिक तीन विकेट, रुद्राक्ष ने दो विकेट, आयुष एवं अजय ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोटस इंटरनेशनल स्कूल ने दो विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति किया लोटस इंटरनेशनल स्कूल की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुद्रांश ने नवाद 42 रन एवं प्रिंस ने नवाद 8 रन बनाया। इस प्रकार लोटस इंटरनेशनल स्कूल इस मैच 8 विकेट से विजयी हुआ। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए रुद्रांश को मैच मैन ऑफ द मैच लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर शैलजा सिंह ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मैच के निर्णायक वरुण कुमार एवं हर्ष स्कूल की भूमिका में मोहित सिंह थे। इस मौके पर कोच मोनू मिश्रा, पिरौटा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू राय, अखिलेश बाबा, राजवीर पांडेय, कुंदन राज सिंह, अमर कुमार, निलेश, निखिल मौजूद थे।

## 26 जून को छात्र-युवा संसद में जगदीशपुर से 500 युवा जाएंगे पटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** राजद नेता सह पूर्व विधायक भाई दिनेश ने मंगलवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 26 जून को छात्र-युवा संसद में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के 36 पंचायत और जगदीशपुर नगर पंचायत से 500 की संख्या में युवा पटना जाएंगे वहीं जदयू एमएलसी भगवान सिंह कुशवाहा द्वारा लालू यादव और तेजस्वी यादव पर दिए गए बयान पर पूर्व विधायक भाई दिनेश ने पलटवार किया। उन्होंने भगवान सिंह कुशवाहा पर कई आरोप लगाए और कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में अप्रत्याशित विकास हुआ है। आगे भाई दिनेश ने तेजस्वी यादव की उपलब्धियों को गिनाया।

# निर्माणाधीन नाला एवं सड़क मरम्मत कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर स्टेट हाइवे-102 पर बिहिया धरहरा के पास जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर निर्माणाधीन नाला एवं सड़क मरम्मत कार्य का मंगलवार को एसडीएम संजीत कुमार अधिकारियों संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने तथा तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का



स्पष्ट निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया जलजमाव से निपटने के लिए नाला का निर्माण हो रहा। उसी कार्यो को देखा गया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय पर कार्य करने के साथ निर्देशित किया गया। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, नगर पंचायत बिहिया के कार्यपालक पदाधिकारी शाहिद रजा खां, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांति कुमार, अंचलाधिकारी विश्वजीत निलांकर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण की मांग को ले पुतला फूंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनएच-139 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय के बेल मोड़ पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री का पुतला फूंका गया। सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने उच्च स्कूल के पास से नारेबाजी करते हुए बेल मोड़ तक मार्च निकाला। लोगों ने कहा कि एनएच-139 झारखंड के पलामू से बिहार के पटना को जोड़ता है। यह सड़क व्यापारिक और सामरिक दृष्टि से बेहद अहम है। इस पर रोजाना 20 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन चलते हैं।




भारी ट्रैफिक के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोग जान गंवा रहे हैं। इसके बावजूद विभाग और जनप्रतिनिधि चुप हैं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि एनएच - 139 बिहार झारखंड बॉर्डर स्थित संडा से लेकर दाउदनगर के ठाकुर बिगहा तक 60 किलोमीटर लंबी है। सड़क पर रोज कहीं ना कहीं दुर्घटना होती है और लोगों को जान माल का नुकसान हो रहा है। यह सड़क मौत का कुआं बन गई है। प्रतिदिन लोग मर रहे हैं। कई घरों का चिराग बुझ गया। कितने मां की गोद सूनी हो गई। कितने ही महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 15 जून को हजारों लोगों ने नितिन गडकरी को ई-मेल भेजकर सड़क चौड़ीकरण की मांग की थी। लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। मजबूरी में पुतला दहन करना पड़ा। अब 29 जून को सड़क बंदी की जाएगी। यह बंदी औरंगाबाद से नौबतपुर तक असर डालेगी।

# अभिनेता पवन सिंह के मकान से लाखों की चोरी

## खिड़की के रास्ते घर में घुसे थे चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता व गायक पवन सिंह के आरा शहर स्थित नगर थाना क्षेत्र के मारुती नगर मकान में सोमवार की देर रात चोरी की बड़ी वारदात हुई है। चोरों ने लगभग 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर लिया। जहां अभिनेता की पहली पत्नी स्व नीलम के माता-पिता रहते हैं। घटना के बाद पवन सिंह के बड़े भाई रानू सिंह ने संबंधित थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बताया जा रहा कि चोर खिड़की की ग्रिल उखाड़कर मकान में घुसे जहां कोई नहीं सोया था। वहां रखे अलमारी और बक्से को तोड़कर चोरों ने रायफल के 30 गोली, सोने-चांदी के जेवरात, 15 हजार नकदी समेत अन्य सामान चुरा लिया। पवन सिंह की सास कलावती देवी ने बताया कि दो कंगन, लक्ष्मी चैन, नवाबी चैन, मंगलसूत्र, सिकड़ी, अंगूठी और नकद



मिलाकर करीब 15 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है। सुबह जब उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो वह नहीं खुला। तब उन्होंने अपने पति से कहा कि गली से देखिए क्या हुआ है। जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। मामले पर पवन सिंह के भाई रानू सिंह ने बताया कि वे परिवार समेत हरिद्वार गए हुए थे और लाइसेंसी रायफल उन्होंने मकान के एक अन्य कमरे में सास-ससुर के पास रख दी थी। चोरों ने रायफल को तो नहीं चुराया, लेकिन 30 कारतूस ले गए। उन्होंने बताया कि इस घटना की जानकारी पवन सिंह को दे दी गई है और उन्होंने भोजपुर एसपी से भी बात की है। एसपी मिस्टर राज के निर्देश पर एफएसएल और डीआईयू की टीम जांच में जुट गई है। टाउन थाना इंस्पेक्टर और अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# लोहे की रॉड से मारकर महिला की हत्या, शव को जलाया

## पुलिस ने अधजले शव को किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पिपरा थाना क्षेत्र के लोदीपुर बसियावां खंदा के पास एक अधजला हुआ महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलती ही मौके पर पिपरा थाने की पुलिस पहुंची है और शव को बरामद किया है। शव के पास एक लोहे का रॉड भी बरामद किया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पहले उस महिला को




लोहे के रॉड से मार कर इस हत्या कर दी है, उसके बाद साक्ष्य छुपाने हेतु उसके पूरे शरीर को जला दिया है। जिसमें उसका चेहरा और शरीर का आधा पार्ट बुरी तरह से जल गया है। जिससे उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रही है। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाई गई है वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए शव की शिनाख्त में पुलिस जुटी हुई हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि यह लोदीपुर बसियावां खंदा के पास में अधजला हुआ महिला का शव को बरामद किया गया है। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

# गृहकार्य एक्सप्रेस पहुंची फुलवारीशरीफ, शानदार प्रोजेक्ट्स पर बच्चों को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** प्रा. विद्यालय प्रखंड कॉलोनी, फुलवारी शरीफ में आज 'स्वागत सप्ताह' के दूसरे दिन 'गृहकार्य एक्सप्रेस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों द्वारा किए गए गृहकार्य की सुंदर ढंग से जांच की गई। कार्यक्रम के तहत गृहकार्य एक्सप्रेस की गाड़ी मंगलवार को प्लेटफॉर्म संख्या-02 पर पहुँची, जहाँ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने यात्रियों (बच्चों) के होमवर्क यानी प्रोजेक्ट कार्य की समीक्षा की. जिन बच्चों ने मेहनत और रचनात्मकता से प्रोजेक्ट कार्य तैयार किया था, उन्हें कलम और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले प्रतिभाशाली छात्रों में



आरती, सुमित, चांदनी, अंकुश, रौनिक, समर और कीर्ति शामिल हैं. इन बच्चों के कार्य ने न सिर्फ शिक्षकों को प्रभावित किया बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना। विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही ने बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में रचनात्मकता और सीखने की ललक बढ़ती है। विद्यालय परिसर में आज का दिन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और आत्मविश्वास की चमक लेकर आया. कार्यक्रम ने शिक्षा को आनंददायक बनाने की दिशा में एक खूबसूरत पहल का उदाहरण पेश किया।

## एक नजर

### दानापुर में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बालू खनन पर रोक के बाद भी बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू खनन किया जा रहा है. मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने दाउदपुर पेट्रोल पंप के पास से अवैध बालू लदे एक ओवरलोड ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. जबकि चालक फरार हो गया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान दाउतपुर पेट्रोल पंप के पास उजला बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जबकि चालक फरार हो गया है. उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर आगे की कारवाई किया जायेगा।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद 13 वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुनने जाने पर राजद नेताओं ने बधाई दी। बधाई देने वाले में राजद पटना जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक दीनानाथ सिंह यादव व जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरूण कुमार सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने पर लालू प्रसाद को बधाई दी। श्री सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पार्टी में पूरी हर्षोल्लास है। उन्होंने कहा कि इस बार उनके नेतृत्व में महागठबंधन विधानसभा चुनाव में सार्थक भूमिका निभाएगी और फिरका परस्त ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। बधाई देने वालों में प्रदेश महासचिव कमलदेव प्रसाद उर्फ केडी यादव, पूर्व प्रमुख सुनील यादव, रियाज अहमद, प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद राय, नगर अध्यक्ष अर्जुन पासवान, रंजीत कुमार उर्फ गुड्डू, युवा अध्यक्ष पप्पू यादव, सोनू रविदास, आशीष कुमार, सूरज शर्मा, बेबी देवी, गुड़िया देवी, पूनम कुमारी, संगीता देवी समेत कार्यकर्ता शामिल है।

### अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हाईकोर्ट के आदेश के आलोक बाद डीएम के आदेश पर तीसरे दिन मंगलवार को नप व नगर निगम प्रशासन ने पाटलिपुत्र स्टेशन के किनारे व रूपसपुर नहर किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. दंडाधिकारी के देखरेख में रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र जंक्शन के किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में डीएम व एसडीओ के निर्देश पर परिषद व नगर निगम प्रशासन ने रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र स्टेशन किनारे अतिक्रमणकारियों को मुक्त कराया गया है. मौके पर सीओ चंदन कुमार , नगर निगम के अधिकारी, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व ब्रजेश सिंह व सफाई निरीक्षक संजय कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल थे।

# युवक ने की आत्महत्या, पुलिस ने शव किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** केवड़ा ओपी अंतर्गत बाउक गांव मे एक युवक ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम गोपाल पांडे उम्र करीब 19 वर्ष पिता रम्भु पांडे है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर शव को बरामद की है वही घटना स्थल पर एफएसएल की टीम पहुंची है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या गांव वाले के बयान के अनुसार यह बात प्रकाश में आई की रामभु पांडे दो शादी किए हुए हैं रामभु पांडे पहली पत्नी का लड़का था। रामभु पांडे दूसरी बीवी के साथ पटना में लेकर रहते हैं और यह लड़का अपने चाचा चाची के यहां रहता था उसके पिता माता इस पर ध्यान नहीं देते थे एक बहन भी थी जिनकी शादी चाचा चाची कर दिए थे लड़का नर्वस रहता था अपने पिता माता से बहुत कम लगाव था अपने चाचा चाची के यहां सब दिन रहता था यही खाता पिता और सो जाता आज अचानक ही दोपहर में अपने गमछा से ही अपने घर के छत वाले रूम में फंसी लगा लिया। [illegible] टीम एवं डॉग स्क्वायड भी आया है। कांड की गंभीरता को देखते हुए जांच पड़ताल जारी है, मृतक के बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा गया है।

# वेतन विसंगति के विरोध में लिपिकों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** वेतन विसंगति में सुधार सहित नौ सूत्री मांगों को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी सरकारी कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम करने लगे हैं। कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर लगातार तीन दिनों से कार्यालयों में कार्य कर रहे है। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर सभी कर्मचारी अपनी मांगों के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय मे काला बिल्ला लगाकर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि लिपिकों के मूल पद पर



नियुक्ति के लिए योग्यता मैट्रिक से बढ़ाकर इंटरमीडिएट कर दी गई है, लेकिन वेतन ग्रेड पे में सुधार नहीं किया गया है। एक ही संवर्ग में नियुक्त लिपिकों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए। इसके अलावा संवर्ग के कर्मियों को 50 लाख रुपए दुर्घटना बीमा दिया जाने की भी मांग की गई है। विरोध करने में प्रभु सिंह, सहायक प्रशासी पदाधिकारी, अक्षयवत प्रसाद, प्रधान लिपिक निलेश ठक्कर, लिपिक, सुशील कुमार, लिपिक, संजय कुमार लिपिक, नवलकिशोर सिंह, लिपिक, राजीव कुमार, लिपिक राकेश कुमार, लिपिक केशव कुमार, लिपिक रंजीत कुमार, लिपिक उमेश यादव, लिपिक पप्पू कुमार, लिपिक आरज़ू, लिपिक आदी शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर फर्स्ट एड मेडिकल किट की होगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब फर्स्ट एड किट की सुविधा दी जा रही है। इससे केंद्रों में आने वाले बच्चों और गर्भवतियों को तुरंत प्राथमिक इलाज मिल सकेगा। बच्चों या महिलाओं की तबियत बिगड़ने पर उन्हें आई ड्रॉप, पैरासिटामॉल, सिरप, रुई, डेका ड्रोन जैसी दवाएं दी जा सकेंगी। सभी केंद्रों पर फर्स्ट एड से जुड़ी सामग्री भेजी जा रही है। सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि विभाग ने मेडिकल किट उपलब्ध करा दी है। जहाँ सभी केंद्रों पर किट भेजा जा रहा है। केंद्रों पर बच्चों और महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य



जांच और कुपोषण का प्रबंधन भी किया जाता है। फर्स्ट एड की सुविधा से आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवता बढ़ेगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में फर्स्ट एड की व्यवस्था के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण और अन्य रोगों का समय पर पता लगाया जा सकेगा तथा उसका उचित इलाज किया जाएगा। इस व्यवस्था से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती-धात्री महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बनाया जा सकेगा। फर्स्ट एड की व्यवस्था होने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या या हल्की या छोटी दुर्घटना के मामले में तुरंत सहायता मिल सकेगी।मौके पर नीलू सिन्हा, संयुक्ता कुमारी, राधा कुमारी, मोनिका कुमारी, रूबी कुमारी, सुगंधा कुमारी, अर्चना कुमारी, सेविका में मंजूषा कुमारी, दीपा कुमारी, सरीता, सुजाता आदी शामिल रही।

## एसुस इंडिया ने लान्च किए नए गेमिंग लैपटॉप्स

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसुस इंडिया का गेमिंग ब्रांड रिपब्लिक ऑफ गेमर्स ने अपने गेमिंग पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ऑल-न्यू टीयूएफ गेमिंग एफ16 के साथ आरओजी स्ट्रिक्स जी16 को लॉन्च किया है, जो एनवीआईडियारु जीफोर्स आरटीएक्स-टीएम 5050 ग्राफिक्स से लैस है। इसके साथ ही, एसुस आरओजी ने अपने मौजूदा 2024 आरओजी स्ट्रिक्स जी16 (जी614) लाइनअप को भी अपग्रेड करते हुए नया आरटीएक्स-टीएम 5050 जीपीयू शामिल किया है। अर्नोल्ड सू, वाइस प्रेसिडेंट ने कहा एसुस में अपनी गेमिंग लाइनअप को आगे बढ़ाने और विकसित करने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं।

# खेतों तक नहीं पहुंचे पोल व तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** किसानों के लिए एक तरफ सरकार पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर उनके खेतों तक पोल और तार को पहुंचा रही है और इसे बरसात से पहले पूरा कर लेना है। लेकिन मसौढ़ी प्रखंड की हरवंशपुर गांव में तकरीबन 20 से अधिक किसानों ने आवेदन देकर अपने खेतों तक बिजली पोल तार लगवाने की गुहार लगाई हैं लेकिन अभी तक दो महीने हो गए हैं उनके खेतों तक बिजली पोल तार नहीं पहुंचा है। इसके अलावा कई किसानों का बिजली बिल भी आ रहा है ऐसे में किसान परेशान है। हरवंशपुर गांव के किसान अखिलेश शर्मा, शंभू शरण सिंह, मदन शर्मा, मनोरंजन शर्मा आदि किसानों ने बताया कि बिजली कार्यालय मसौढ़ी में बिते 07.5.2025 को आवेदन दिया था उसके बाद फिर पुनः मंगलवार को लिखित आवेदन देकर की बिजली विभाग को गुहार लगाई थी। ऐसे में अब कई किसानों की बिजली बिल भी चालू हो गया है। लेकिन कृषि फीडर नियम के तहत जब तक पोल, तार और ट्रांसफार्मर उसके खेतों तक नहीं पहुंचती है तब तक बिल नहीं आना चाहिए, इसके अलावा गांव के किसानों ने यह आरोप लगाया है कि सेलवेल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर शशांक शेखर और सुपरवाइजर विकास कुमार के द्वारा प्रति बोरिंग करने में 2000 का डिमांड कर रहे हैं और लगातार सिर्फ डेट पर डेट देते नजर आ रहे हैं, जिसको लेकर पूरे गांव के किसानों में आक्रोश हैं। इस पूरे मामले में प्रोजेक्ट एसडीओ से बात की गई उन्होंने कहा की पोल खत्म हो गए हैं मंगवाया जा रहा है जैसे ही पोल आएगा उसे गांव में युद्ध स्तर पर पोल तार लगाए जाएंगे। हरवंशपुर गांव के पीड़ित किसानों में मुकेश कुमार, मुरारी शर्मा, संतोष कुमार समेत तकरीबन 20 किसान लोग हैं।

# पीपा पुल खुला, दियारा के लाखों की आबादी अब नाव के सहारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** दियारे की लाइफ लाइन कहे जाने वाले पीपा पुल को खोल दिया गया. अब दियारे की सात पंचायतों के लाखों लोग नाव के सहारे ही आवागमन कर रहे हैं. पीपा पुल के खुलने से पुरानी पानापुर, हेतनपुर, कासीमचक, पतलापुर, गंगहरा, मानस व अकिलपुर पंचायत का संपर्क शहर से पूरी तरह से भंग हो गया है। दियारा के लोगों ने बताया कि गंगा का अभी जलस्तर में कोई वृद्धि भी नही हुआ है और संवेदक द्वारा पुल को खोल दिया गया है जिससे दियारा के लोगों नाव के सहारे आवागमन करने को विवश हैं। पुल खुलने से दियारा के विकास समेत आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाएगी. पुल खुलने से गर्भवती महिला, बीमार लोगों समेत वृद्ध को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा.पूर्व जिला पार्षद सदस्य ओम प्रकाश यादव, जयपाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि वकील राय समेत आदि ने बताया कि गंगा के जलस्तर मे कोई वृद्धि नही हुआ है, परंतु विभाग द्वारा पुल खोला देने से दियारा के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है. संवेदक ने बताया कि बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड विभाग द्वारा 15 जून के बाद पुल खोलने का आदेश है।

# उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की दोहरी जीत पर व्यवहार न्यायालय के परिसर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** पंजाब और गुजरात विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की दोहरी जीत की खुशी में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बक्सर व्यवहार न्यायालय के परिसर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी सरकार में शिक्षा-स्वास्थ्य-रोजगार- विकास के क्षेत्र में बेहतर काम और रंगला पंजाब के सपने को साकार करने के ईमानदार प्रयास को देखा। जो कहते थे आम आदमी पार्टी ख़त्म हो गई,



आज उनकी ज़ुबान पर ताला लग गए। यह जीत ही नहीं, आगे बढ़ते रहने का जनादेश भी है। पीएम मोदी के गढ़ गुजरात में बीजेपी को बुरी तरह से परास्त करके 'काम की राजनीति' के नायक अरविंद केजरीवाल जी ने राष्ट्रीय राजनीति में शानदार वापसी की। उक्त मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश वर्मा, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ शुभम उपाध्याय, जिला महासचिव रंजीत कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रवीश कुमार, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ निखिल कुमार सिंह, जिला सचिव गोविंद यादव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, अधिवक्ता प्रेम तिवारी, अधिवक्ता प्रेम कुमार अधिवक्ता मो0 मुजफ्फर जी, अधिवक्ता राजकुमार सहाय, गणेश कुमार एवम् दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

# न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने लॉन्च किया बेंगलुरु कैंपस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अपने छात्रों की शानदार सफलता को देखते हुए, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसटी) ने बेंगलुरु में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी एजुकेशन के लिए अपने नए कैंपस को लॉन्च किया है। न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के 93 प्रतिशत सेकंड-ईयर अंडरग्रेजुएट छात्रों को रेजरपे, सर्वम एआई और जूमकार जैसी बड़ी टेक फर्म्स और डीआरडीओ जैसे रिसर्च ऑर्गेनाइज़ेशन में इंटर्नशिप मिली है। कुछ छात्रों ने अपना दूसरा साल पूरा होते-होते दो इंटर्नशिप्स कर ली हैं, जो भारत के अंडरग्रेजुएट इकोसिस्टम में एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही यह एनएसटी के हैंड्स-ऑन, इंडस्ट्री फर्स्ट लर्निंग मॉडल का प्रमाण भी है। भारत के टॉप टेक एवं स्टार्टअप हब इलेक्ट्रॉनिक सिटी में स्थित नए कैंपस को व्यावहारिक एवं जॉब-रेडी टेक एजुकेशन की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सह-संस्थापक, सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, ''न्यूटन स्कूल में हम टेक इंडस्ट्री को क्लासरूम तक ला रहे हैं, जिससे पढ़ाई बहुत प्रैक्टिकल, करेंट एवं प्रभावी बने। पाठ्यक्रम का आकार देने सौमित्र मिश्रा और सिद्धार्थ मलिक शामिल हैं।

# गरीब बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगा रही 'वर्दी वाली टीचर'

## थाना बना शिक्षा का मंदिर, थानाध्यक्ष खुशबू बनी शिक्षिका

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी का लहसुना थाना इन शिक्षा का मंदिर बन चुका है जहाँ थानाध्यक्ष खुशबू 'वर्दी वाली टीचर' के नाम से मशहूर हो रही हैं। पुलिस की ड्यूटी के साथ वो गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क पढ़ा कर उनमें शिक्षा की अलख जगा रही है। लहसुना गांव के रोजाना करीब 20 से अधिक बच्चों को पढ़ाती हैं। खुशबू को पढ़ाने का शौक हमेशा से रहा है। कहते है की जब सड़क के किनारे खेलते और घूमते हुए गरीब बच्चों पर नजर पड़ी तो उसी वक्त उनके दिमाग में उनको साक्षर बनाने की ठानी। खुशबू बताती है की शुरूआत मे लगभग पांच बच्चों से पढाई शुरू हुई उनकी कक्षा आज 20 बच्चों तक पहुंच गई है। थाने मे पुलिसिया ब्यस्तम काम निपटा कर करीब एक घंटे रोजाना बच्चों



को पढ़ाती हैं। खुशबू खातून बच्चों को न सिर्फ शिक्षित करती हैं बल्कि उन्हें कॉपी-किताब भी उपलब्ध कराती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे यहां आते हैं और मन लगाकर पढ़ते हैं। खुशबू नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों को सभी विषय पढ़ाती हैं। पढ़ाई कर रही छात्रों में लहसूना गांव की बुलबुल कुमारी, नैना कुमारी, गुड़िया कुमारी, रिया कुमारी, शीलू कुमारी, पंकज कुमार आदि ने कहा कि बहुत ही मन लगाकर हम लोग पढ़ते हैं। खुशबू खातून बताती हैं कि आज अगर वो बिहार पुलिस में नौकरी कर रही हैं तो यह शिक्षा की ताकत है और वह आज अगर पुलिस में नहीं रहती तो कहीं स्कूल में शिक्षक रहती है। शुरू से ही उन्हें शिक्षक बनने का सपना था, लेकिन पढ़ाई के दौर में पुलिस विभाग में आना पड़ा। ऐसे में जो आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे हैं वो भी देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें इसीलिए उन्होंने यह बीड़ा उठाया है। वहीं गांव के अभिभावक प्रमोद कुमार, धर्मवीर भारती ने बताया कि उनके बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर रहे हैं एवं जब बच्चों से बात की तो उन्होंने कहा कि वर्दी वाली टीचर अच्छी तरह पढ़ाने के साथ हम सबको बहुत प्यार करती हैं। उनका पढ़ाया हुआ हमें बहुत आसानी से समझ में आ जाता है।

बहरहाल खुशबू खातून के जज्बे को हर किसी ने सराहा है। पूरे गांव में वर्दी वाली टीचर से मशहूर हो गई है। खुशबू खातून के पिता मोहम्मद शाहिद का सपना था कि हमारी बेटी कहीं भी रहे सामाजिक कार्यों में रुचि ले। मोहम्मद शाहिद एक किसान हैं। खुशबू खातून तीन बहन दो भाई हैं तीनों बहन में एक पुलिस में एक टीचर हैं एक और सरकारी सेवा में है खुशबू 2018 बैच में दारोगा बनी। बहरहाल समय-समय पर पुलिस के अधिकारी ऐसा नेक काम करते रहते हैं, जिससे वह लोगों का दिल जीत लेते हैं। ऐसा ही काम लहसुना थाने की थाना प्रभारी खुशबू कर रही है जो गरीब, असहाय बच्चों को शिक्षा दे रही है। वह रोजाना बच्चों के अंदर शिक्षा की अलख जगा रही है। इसके अलावा वह दिन में अपनी ड्यूटी कर वर्दी का फर्ज भी पूरी तरह से निभाते हैं।

# सिटी एसपी पूर्वी ने पिपरा, पुनपुन और धनरूआ थानों का किया औचक निरीक्षण, दिये कई दिशा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बढ़ते अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों पर नजर रखने को लेकर समय-समय पर पुलिस अधिकारी विभिन्न थानों में निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारी को दिशा निर्देश देते नजर आ रहे हैं। ऐसे में नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार ने पिपरा, पुनपुन और धनरूआ थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, सिरिस्ता कार्यों तथा काण्डों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई एवं कार्यों का अनुसंधान के ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा दिवा गस्ती, रात्रि गश्ती, एटीएम बैंक और वाहन



चेकिंग विशेष तौर पर करने पर जोर दिया।

### हमला मामले में दोषी करार

**बेगूसराय।** प्राण घातक हमले के आरोपी साहेबपुर कमाल थाना अंतर्गत सबदलपुर निवासी सिकंदर यादव को भादवि की धारा 307 एवं 27 आर्म्स एक्ट में अभियोजन साक्ष्य के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार श्रीवास्तव ने दोषी पाया है। न्यायालय में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक विभूति चंद्र झा ने छह गवाहों की गवाही करवायी जिन्होंने घटना का पूर्णतः समर्थन किया। आरोपित पर आरोप है कि 4 नवम्बर 2002 को शाम 6 बजे ग्रामीण सूचक अरूण यादव जब खेत की जुटाई कर रहा था उसी समय सिकंदर यादव अन्य आरोपितों के साथ वहाँ पहुंचा और सूचक अरूण यादव पर गोली चलाया जो गोली अरुण यादव के कमर के ऊपर बायां तरफ लगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार श्रीवास्तव ने आरोपित सिकंदर यादव के बंध पत्र को खंडित कर न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# कमरे में मरी पड़ी मिली किशोरी परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नूराखाप नवका टोला में एक किशोरी का शव बरामद किया गया। किशोरी के मौत की जानकारी परिजनों तब हुयी जब वे मंगलवार की सुबह सोकर उठे। मृतका की पहचान नूराखाप निवासी सुनील पटेल की पुत्री पुष्पा कुमारी 17 वर्ष के रुप में हुयी है।

पुलिस ने सूचना पाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अवनिश कुमार ने बताया कि पुष्पा कुमारी का शव घर में बिछावन पर से बरामद किया गया है। उसके मुंह व नाक से झाग निकल रहा था। वहीं गले में छिलने व पिछले हिस्से पर काला दाग मिला है। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का पता चलेगा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

मृतका के बड़े चाचा बिजली प्रसाद ने बताया कि 27 अप्रैल को उनके पट्टिदार ललन पटेल से डेढ़ कट्ठा जमीन को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध जानलेवा हमला की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। तबसे पुलिस गिरफ्तारी के डर से पुष्पा के घर के पुरुष सदस्य घर पर नही रह रहे थे। सोमवार की रात 12 बजे घर की महिलाएं खाना खाकर सो गयी। एक कमरे में पुष्पा कुमारी अलग बिछावन पर तथा उसी कमरे में दूसरे बिछावन पर पुष्पा की छोटी बहन रागनी व शादी शुदा लालसा देवी सोयी हुई थी। जबकि दूसरे कमरे में पुष्पा की मां पुनम देवी व अन्य महिलाएं थी। एक बजे रात में पुष्पा जगी थी और दुबारा सो गयी। सुबह चार बजे बड़ी बहन लालसा उठी और उसने पुष्पा को जगाने का प्रयास किया तो देखा कि पुष्पा मरी पड़ी है। उसने शोर मचाया तो घर की महिलाएं पहुंची। उसके बाद घटना की सूचना मुफस्सिल पुलिस को दी गयी।

# बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक में तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश



**नकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक सीओ सुधांशु शेखर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ से बचाव तथा पर्याप्त संख्या में नावों गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, चिकित्सा शिविर लगाने, बाढ़ के दौरान जरूरत पडने आश्रय स्थल सामुदायिक सथल आदि कि व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान बीस सूत्री के अध्यक्ष रंजन ओझा ने प्रशासन से अधिक वर्षा होने की स्थिति में पंडई, हड़बोड़ा, बलोर, खाहड़, मनियारी आदि नदियो के किनारे बसे गाव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि में जलजमाव की समस्या पर ध्यान आकर्षित करते हुए जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की भी मांग की। वही शिकारपुर मुखिया राहुल जायसवाल ने पंचायत के इनरवा मोहम्मदपुर मार्ग के खाहड नाला पर हमेशा सड़क क्षतिग्रस्त होने तथा अप्रोच ध्वस्त होने पर आवागमन बाधित होने की चिंता जताया। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि बाढ़ से पूर्व तैयारियो को लेकर प्रखंड स्तरीय सभी विभाग के अधिकारियो व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में बाढ़ की स्तिथि में जनमानस की सुरक्षा व उपचार पशुओं की आहार, सुरक्षा व उपचार को लेकर संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान सर्पदंश की घटनाओं में बढ़ोतरी होने पर उसका समुचित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है। वही बिलीचिंग व दावा के स्टॉक के बारे में भी जानकारी ली गयी है। सीओ ने बताया कि बाढ़ की स्तिथि में हमारे पास साथ स्थानीय गोताखोर है। तथा पर्याप्त मात्रा में पॉलीथिन शीट उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर और भी मंगाया जाएगा। सभी हल्का कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र में बाढ़ ग्रसित क्षेत्रो का लगातार मुआयना करते रहेंगे और बाढ़ और कटाव की स्तिथि उत्पन्न होने पर अपने वरीय पदाधिकारी को अवगत कराएंगे। हालांकि इस बैठक में प्रमुख, सांसद, विधायक के प्रतिनिधि समेत अधिकतर मुखिया व पंचायत समिति सदस्य शामिल नही रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना एनओसी के हो रहा नाला का निर्माण, सप्लाई पाईप कटा

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत लौरिया के वार्ड संख्या पांच से लेकर वार्ड संख्या बारह तक में दों दिनो से स्वच्छ जलापूर्ति बाधित है। इस सम्बंध में पीएचडी विभाग के जेई वाहीद खान ने बताया कि लौरिया नगर पंचायत एक योजना को धरातल पर लाने के लिए दुसरे योजना को क्षतिग्रस्त कर रहा है।नगर पंचायत क्षेत्र में नाले का निर्माण कराया जा रहा हैं। जिसके लिए नगर पंचायत को पीएचडी विभाग से एनओसी लेना चाहिए या विभाग को जानकारी देनी चाहिए थी। विभाग के कर्मियो को जानकारी है कि किस क्षेत्र में कहां से पाईप लाइन निकला है। लेकिन नगर पंचायत के संवेदक बिना पीएचडी विभाग के जानकारी के नाला निर्माण के लिए गड्ढा खुदवा दिए हैं। जानकारी नहीं होने के कारण पाईप कट गया है। और नल से जल की आपूर्ति बीगत दो दिनों से पूर्ण रुप से बंद हो गया है। हालांकि नगर पंचायत के उप सभापति किशोरी देवी के प्रतिनिधि लड्डु सिंह ने बताया कि मंगलवार को पाईप बदल दिया जयेगा और आपूर्ति पुनः शुरू करा दिया जाएगा।

### झड़प की सूचना पर पहुंचे सीओ ने दोनों पक्ष से मांगा साक्ष्य

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल के कटघरवा के समीप चीनी मिल की जमीन पर अवैध कब्जा व दोनों पक्ष में झड़प की सूचना पर मंगलवार की दोपहर सीओ सुधांशु शेखर व शिकारपुर पुलिस सदलबल पहुचीं। इस दौरान पर्चा धारियों व चीनी मिल कर्मियो के बीच हो रहे नोकझोक को कड़ी मशक्कत के बाद सीओ ने दोनों पक्ष को समझा बुझा कर शांत करवाया। सीओ ने दोनों पक्षो को दावे को लेकर अपने अपने साक्ष्य से साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि मौजा तरहरवा थाना 271 अंतर्गत करीब ढाई एकड़ खेतिहर जमीन पर चीनी मिल का दखल कब्जा है। मिल प्रबंधन द्वारा खेती कराया जा रहा है। हालांकि उक्त जमीन पर 8 पचार्धारी ग्रामीण अपनी जमीन होने का दावा करते आ रहे है। कुछ लोगो द्वारा झोपड़ी भी बना ली गयी है। झोपड़ी हटाने को लेकर विवाद है। सीओ ने ये भी बताया कि मामला न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। फिलहाल दोनों पक्ष को शांत कराया गया और साक्ष्य की मांग की गई है। साक्ष्य मिलने पर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए नियमानुकूल करवाई की जाएगी। बता दे कि उक्त भूमि पर पूर्व में गन्ना कटवाने गए चीनी मिल के कर्मचारियों व पर्चा धारियों के द्वारा अवैध कब्जा को लेकर झड़प हुआ था। हालांकि पुलिस प्रशाशन के पहल से गन्ना कटवाकर चीनी मिल में भेजा गया।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्य निर्वाचन आयोग बिहार पटना के निर्देश के आलोक में 04 बगहा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्धारित किये स्वीप कलेंडर के अनुसार आज पहला कार्यक्रम किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार द्वारा वैसे मतदान केंद्रों को चयन किया गया जहाँ पिछले लोकसभा चुनाव में सबसे न्यूनतम मतदान हुआ हैं । इस कार्यक्रम के तहत मैराथन पैदल मार्च निकाला गया। जो कि सामुदायिक भवन पुस्तकालय रतनमाला एवं उनके आसपास के बूथों तक एवं राजकीय मध्य विद्यालय मलपुरवा के मतदाताओं को मताधिकार हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ साथ महिला एवं युवा वर्ग को जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुड़ा हैं उनको आवश्यक कागजात के साथ अपने संबंधित बीएलओ एवं कार्यालय के माध्यम से नाम जोड़ने हेतु कहा गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार, प्रदीप कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा एक सरोज कुमार बैठा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बगहा, प्रतिमा श्रीवास्तव,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बगहा एक जीविका प्रबन्धक बगहा एक जनप्रतिनिधियों में सभापति प्रतिनिधि अमित कुमार उर्फ पपू गुप्ता उपसभापति प्रतिनिधि रविशंकर प्रसाद के साथ साथ ग्रामीण एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश कार्य समिति में शामिल हुए गोरिया कोठी के राजीव रंजन पांडेय

**2 जुलाई को पटना में होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में होंगे शामिल, सीवान पूर्वी जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने की दिशा में गोरिया कोठी प्रखंड अंतर्गत सरारी गांव के राजीव रंजन पांडेय को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्य समिति का सदस्य नामित किया गया है। पांडेय अब राज्य स्तर पर संगठन के विभिन्न निर्णयों और गतिविधियों में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रदेश कार्य समिति की आगामी बैठक 2 जुलाई को पटना में आयोजित की गई है, जिसमें उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है। यह बैठक संगठन की आगामी योजनाओं, कार्यक्रमों और सांगठनिक दिशा को लेकर अहम मानी जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा सीवान पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने बताया कि राजीव रंजन पांडेय पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता हैं, जो लंबे समय से संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उनका मनोनयन न सिर्फ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे स्थानीय कार्यकताओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

**स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी**



राजीव रंजन पांडेय को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद गोरिया कोठी व आसपास के इलाकों में कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। लोग इसे संगठन में क्षेत्रीय भागीदारी की बढ़ती अहमियत के तौर पर देख रहे हैं।

# शिक्षा मंत्री से मिले जदयू नेता विवेक शुक्ला, जीरादेई और गुठनी में कॉलेज खोलने की मांग

**प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा- उच्च शिक्षा के अभाव में इंटर के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं बच्चे, हर प्रखंड मुख्यालय में कॉलेज खोलना जरूरी**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से सोमवार को जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान जीरादेई विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए। शुक्ला ने मंत्री से मांग की कि जीरादेई प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज और एक विधि महाविद्यालय की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि जीरादेई के साथ-साथ गुठनी प्रखंड में भी उच्च शिक्षा के संसाधन नहीं हैं। इसकी वजह से इंटरमीडिएट की पढ़ाई के बाद छात्रों को आगे पढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता।

**हर प्रखंड में हो कॉलेज और तकनीकी संस्थान**

विवेक शुक्ला ने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार हर प्रखंड मुख्यालय में एक महाविद्यालय और एक तकनीकी संस्थान खोलने की दिशा में कदम उठाए। इससे ग्रामीण इलाकों के छात्र भी उच्च और तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

**शिक्षा को लेकर लगातार सक्रिय हैं शुक्ला**

ज्ञात हो कि जदयू नेता विवेक शुक्ला लंबे समय से जीरादेई क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रिय हैं। वे लगातार सरकार और शिक्षा विभाग के समक्ष स्थानीय जरूरतों को रख रहे हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यदि समय रहते इन इलाकों में उच्च शिक्षा के साधन उपलब्ध नहीं कराए गए, तो आने वाली पीढ़ी शिक्षा से वंचित रह जाएगी।

**मंत्री ने दिया आश्वासन**

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विवेक शुक्ला की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि विभाग इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ठोस और दूरदर्शी नीतियों पर काम कर रही है।

# स्वास्थ्य विभाग ने की गुप्ता हॉस्पिटल व रविरंजन क्लिनीक में जांच



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक टीम गठित कर बलात्कार पीड़िता मामले में नगर के दो निजी अस्पतालों में छापेमारी की गई। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने शिवगंज स्थित गुप्ता हॉस्पिटल एवं हाईस्कूल चौक के समीप रवि रंजन किलिनीक में पहुचे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शिकारपुर पुलिस भी मौजूद रही। हालांकि इस दौरान गुप्ता हॉस्पिटल में डॉ फरार हो गए। वही रविरंजन किलिनीक में आवश्यक पूछताछ की गई। उपाधीक्षक डॉ संजीव ने बताया कि पिछले दिनों मैनाटाड की एक बलात्कार पीड़िता का इलाज इन दोनों निजी अस्पतालों में किया गया था। मामले में डीएम के निर्देश पर दोनों अस्पतालों की जांच की गई है। जिसका रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। उपाधीक्षक ने बताया कि जांच टीम आने की भनक लगते ही गुप्ता हॉस्पिटल के डॉक्टर हॉस्पिटल छोड़ फरार हो गए। टीम को वहां कोई नहीं मिला।उन्होंने कहा कि गुप्ता हॉस्पिटल का ना रजिस्ट्रेशन है, ना हॉस्पिटल से जुड़ा कोई जरूरी दस्तावेज ही मिला है। हॉस्पिटल से जुड़े आवश्यक दस्तावेज दिखाने या उसके बारे में बताने वाला कोई भी व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था। वही रविरंजन किलिनीक में भी डॉक्टर से आवश्यक पूछताछ की गई है। जांच रिपोर्ट तैयार कर जिला को भेजी जा रही है। वही इस छापेमारी से नगर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों , जांच घरों एवं अल्ट्रासाउंड प्रतिष्ठानों में हड़कंप की स्थिति रही। सभी शटर गिराकर भागते नजर आए। छापामारी के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप शरण,डॉ राजेश कुमार एवं अस्पताल प्रबंधक विपिन राज व शिकारपुर पुलिस शामिल रही।

### जलजमाव से राहगीर परेशान

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया बगहा मुख्य सड़क एन एच 727 में कॉपरेटिव बैंक के सामने मुख्य सड़क पर जलजमाव रहने के चलते मुख्य सड़क टूट गया है। लौरिया से बगहां जाने एवं आने वाले यात्रियों, राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 मकरी मुहल्ले का पानी मुख्य सड़क पर लग गया है। जिसके चलते मुख्य सड़क टूट भी गया है। बता दें कि लौरिया नपं के वार्ड संख्या 3 स्थित मकरी मुहल्ले से होकर मुख्य सड़क होते हुए एक नाली निकला है। उसी नाले का पाइप मुख्य सड़क पर अधिक भार वाले गाड़ीयों के परिचालन के चलते टूट गया है। जिसके चलते मुख्य सड़क पर जलजमाव हो गया है। वहीं इस संबंध में सभापति सीता देवी ने बताया कि मुख्य सड़क पर बना हुआ नाला टूट गया है। सफाई कर्मी सुबह में सफाई करने गये थें। परन्तु नाला टूटने के चलते पानी नहीं निकल रहा है।

# भाजपा प्रदेश कार्य समिति में सिवान के सुभाष चौहान को मिली जगह



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी ने सिवान जिले के सक्रिय कार्यकर्ता सुभाष चौहान को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें पार्टी की प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। इस उपलब्धि पर जिले भर में खुशी की लहर है। सुभाष चौहान नोनिया महासंघ सिवान के जिलाध्यक्ष सह नगर परिषद सिवान के वार्ड संख्या 22 की पार्षद श्रीमती रीता देवी के प्रतिनिधि भी हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने इस नियुक्ति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुभाष चौहान को 2 जुलाई को पटना में आयोजित होने वाली प्रदेश कार्य समिति की बैठक में आमंत्रित किया गया है। यह बैठक पार्टी की आगामी रणनीतियों और संगठनात्मक मजबूती पर केंद्रित होगी। सुभाष चौहान को बधाई देने वालों में प्रभु जी चौहान, सत्यनारायण चौहान, शिवरतन व्यास, माधव चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन और कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। सुभाष चौहान ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व के प्रति उनकी निष्ठा और संगठन के लिए किए गए कार्यों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के सिद्धांतों और जनसेवा की भावना से कार्य करते रहेंगे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक सीवान के छात्रों ने एथलेटिक्स में दिखाया दम

**28वीं एथलेटिक मीट में 3 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीतकर बढ़ाया संस्थान का मान**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 28वीं सीवान एथलेटिक्स एसोसिएशन मीट में राजकीय पॉलिटेक्निक सीवान के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। चार छात्रों ने कुल चार स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से संस्थान में उत्साह का माहौल है।





**100 मीटर रेस में प्रवीण ने मारी बाजी, सुधांशु को रजत**

प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में प्रवीण साहू ने अपनी रफ्तार से सबको पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, इसी रेस में सुधांशु सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

**200 मीटर में दोहरी जीत, लंबी कूद में भी परचम**

200 मीटर दौड़ में सुधांशु सिंह ने एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके साथ मंनजय कुमार ने भी 200 मीटर की रेस में दमदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके अलावा मंनजय ने लंबी कूद में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक और स्वर्ण पदक झटका।

**प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं, खेल प्रभारी ने जताया गर्व**

संस्थान के प्राचार्य डॉ. प्रवीण पचौरी ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा, "यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमारे छात्र तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। यह उपलब्धि उनके समर्पण का परिणाम है।" खेल प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन ने भी छात्रों के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा, "हमारे छात्रों की मेहनत रंग लाई है। यह सफलता पूरे संस्थान के लिए प्रेरणा है। हम आगे और भी ज्यादा छात्रों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करेंगे।"

**संस्थान में खुशी का माहौल, छात्रों का हौसला बुलंद**

इस शानदार उपलब्धि से संस्थान के अन्य छात्रों में भी उत्साह देखा जा रहा है। अब सभी की निगाहें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं, जहां इन खिलाड़ियों से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।


# भाजपा नेता ने किया दुकानदारों के बीच बड़े छाता का वितरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया विधानसभा अंतर्गत सरीसवा बाजार में फल, सब्जी व अन्य छोटे दुकानदारों कृ राहड़ी लगाने वाले मेहनतकश भाई-बहनों के बीच निशुल्क छाता वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह आयोजन तब हुआ, जब प्रतीक एडविन शर्मा इस समय विदेश (ग्रीस) प्रवास पर हैं। विदेश में रहते हुए भी उन्होंने अपने क्षेत्र की जलवायु परिस्थितियों, जरूरतमंद नागरिकों की परेशानी और जनजीवन के संघर्ष को ध्यान में रखते हुए यह सेवा आरंभ करवाई, जो बीते कई दिनों से लगातार चल रही है। उनके प्रतिनिधि अक्षय राज सिंह ने बताया कि अब तक चनपटिया बाजार, टिकुलिया ,कैठवलिया , घोघा ,तिरहुतिया चौक, लोहियारिया औरैया पारस पकड़ी सरीसवा बाजार आदि जगहों पर छाता का वितरण किया गया। बारिश की बौछार हो या चिलचिलाती धूप प्रतीक एडवीन शर्मा द्वारा वितरित ये छाते उन लोगों के लिए राहत की छाया बनकर सामने आए हैं, जो हर दिन सड़क किनारे खड़े होकर मेहनत से रोजी-रोटी कमाते हैं। यह वितरण सिर्फ एक साधारण सेवा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि की गहरी प्रतिबद्धता का साक्षात प्रमाण है।

### बेतिया-दीघा पथ के लिए जिले में 111 हेक्टेयर भूमि की जायेगी अर्जित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना दीघा से बेतिया तक होने वाली एनएच-139 डब्लू फोरलेन के निर्माण को लेकर जिले के चार प्रखंड नौतन, सदर, बैरिया व चनपटिया प्रखंड में 111.8008 हेक्टेयर भूमि की अधिग्रहण होगी। इसको सरकार को जिला भू-अर्जन कार्यालय की ओर से अधियाचना भेजी गई है। साथ ही थ्रीडी के लिए प्रोपोजल भी शामिल है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में इस फोरलेन सड़क की लंबाई 24 किलोमीटर होगी। जगदीशपुर से इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में जमीन की कमी नहीं हो, इसको लेकर रैयतों की जमीन अधिग्रहण की जाएगी।

# भ्रष्टाचार आदि जन समस्याओं को लेकर हुई बैठक



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड सरकार की विफलता एवं व्याप्त भ्रष्टाचार आदि जन समस्याओं को लेकर दिन 11:00 से गिरिडीह एवं पीरटांड प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन हेतु सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह भाजपा नेता के आवासीय कार्यालय शिवपुरी में नगर अध्यक्ष हरमेंद्र सिंह बग्गा की अध्यक्षता में बैठक हुई उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय सहित दर्जनों भाजपा के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए, बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राय द्वारा बताया गया की पूरे प्रदेश के हर प्रखंड मुख्यालय में हेमंत सरकार के नेतृत्व में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राजद गठबंधन की चल रही सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, निर्माण कार्यों में अनियमितता, जल जंगल जमीन की लूट, पानी बिजली आदि स्थानीय जन समस्याओं को लेकर होने वाले प्रदर्शन में हर मंडल से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिकों को शामिल कराते हुए भव्य रूप से प्रदर्शन किया जाए, उक्त अवसर पर इंजीनियर विनय कुमार सिंह एवं नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, मध्य भाग मंडल अध्यक्ष खिरोधर दास द्वारा बताया गया कि गिरिडीह प्रखंड में पडने वाले मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं को नागरिकों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अवगत कराया जा रहा है कि आम बगान सीहोडीह में 11:00 बजे एकत्रित होकर प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय गिरिडीह जाएगा ,जिसमें गिरिडीह प्रखंड के अंतर्गत गिरिडीह नगर, गिरिडीह मध्य भाग मंडल ,पूर्वी भाग मंडल एवं पशचिमी भाग मंडल के हर मंडलो से सैकड़ो लोग प्रदर्शन में शामिल होंगे बैठक में पीरटांड़ मंडल अध्यक्ष अजय सिंह एवं जिला कार्य समिति सदस्य अरविंद चंद्र राय द्वारा बताया गया की पीरटांड़ प्रखंड में भी प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है।

### गांजा तस्कर को पांच वर्ष की सजा, अस्सी हजार रुपया जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गांजा तस्करी के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वासधर दुबे ने एक गांजा तस्कर को दोषी पाते हुए उसे पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है, वही उसके ऊपर अस्सी हजार रुपया अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सजायाफ़्ता तस्कर गणेश वर दास मानपुर थाना के पुरैनिया गांव का रहने वाला है। एनडीपीएस एक्ट के विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि घटना 7 मार्च वर्ष 2021 की है। सहोदरा थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से तस्कर मादक पदार्थ लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस ने बॉर्डर पर नाका लगाया ।

# सिवान को मिली बड़ी सौगातः श्री साई हॉस्पिटल में शुरू हुआ पहला अत्याधुनिक पेन क्लिनिक

**अब असहनीय दर्द का इलाज होगा बिना ऑपरेशन, नई तकनीकें बदलेंगी चिकित्सा का चेहरा**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री साई हॉस्पिटल, सिवान ने जिले को एक बड़ी चिकित्सा सुविधा की सौगात दी है। शनिवार को यहां श्री साई पेन क्लिनिक का शुभारंभ एक भव्य समारोह में हुआ। यह सिवान का पहला अत्याधुनिक दर्द उपचार केंद्र है, जहां बिना ऑपरेशन के पुराने और असाध्य दर्दों का इलाज संभव हो सकेगा।

**उद्घाटन में शामिल हुए एम्स पटना के विशेषज्ञ**

इस क्लिनिक का उद्घाटन एम्स पटना के पीएमआर विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार पांडे ने किया। उनके साथ डॉ. सान्याल कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, एम्स पटना) भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डॉ. पांडे ने कहा- यह पहल सिवान के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव है। अब मरीजों को लगातार दर्द में रहने की मजबूरी नहीं होगी। उन्हें बड़े शहरों की ओर महंगे इलाज के लिए नहीं भागना पड़ेगा।



**बिना ऑपरेशन होगा दर्द का इलाज**

क्लिनिक में ओजोन थेरेपी, डिस्टल सोडियम चैनल ब्लॉक और प्रोलोथेरेपी जैसी उन्नत तकनीकों से इलाज किया जाएगा। ये वो आधुनिक पद्धतियां हैं, जो अब तक केवल मेट्रो सिटीज तक सीमित थीं।

**डॉक्टरों के लिए आयोजित की गई विशेष कार्यशाला**

इस अवसर पर आयोजित क्लिनिकल वर्कशॉप में सिवान और गोपालगंज जिले के दर्जनों वरिष्ठ डॉक्टर शामिल हुए। कार्यशाला में डॉ. रामजी चौधरी, डॉ. राम इकबाल गुप्ता, डॉ. सोहैल अब्बास, डॉ. मसूर आलम, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. मधुरेश ठाकुर, डॉ. विशाल चौधरी तथा डॉ. संजीव कुमार झा (गोपालगंज) की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। डॉक्टरों को इन तकनीकों के वैज्ञानिक आधार, प्रक्रिया और परिणामों की जानकारी दी गई। सभी ने इसे चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा नवाचार माना और अपनी प्रैक्टिस में अपनाने की इच्छा जताई।

**निःशुल्क जांच और इंजेक्शन थेरेपी से मिलेगी राहत**

उद्घाटन अवसर पर पाँच मरीजों की निःशुल्क जांच की गई और उनके लक्षणों के अनुसार ओजोन, जीएफसी व डिस्टल सोडियम चैनल ब्लॉक जैसी इंजेक्शन आधारित थेरेपी दी गई। मरीजों ने वर्षों पुराना दर्द झेलने के बाद राहत की उम्मीद जताई।

**हर वर्ग के लिए सुलभ बनेगा इलाज : डॉ. रमेश्वर कुमार**

श्री साई हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. रमेश्वर कुमार ने कहा- यह क्लिनिक जिले के लिए एक वरदान साबित होगा। पहले जिन थेरेपी की कीमत 20-25 हजार रुपये थी, अब वह आधी लागत पर यहीं सिवान में मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि यह सुविधा गोपालगंज, छपरा, महाराजगंज और अन्य जिलों के मरीजों के लिए भी लाभकारी होगी।

CMYK

# वार्षिक साख योजना की धीमी गति पर डीएम ने जताया असंतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में वित्तीय वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही हेतु जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक की शुरुआत में संयोजक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष की अनुमति से सभा की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए उन्होंने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की बिंदुआर समीक्षा प्रस्तुत की, जिस पर सदन ने संतोष व्यक्त किया एवं ध्वनि मत से पुष्टि की। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री वर्धन ने जिले में कार्यरत बैंकों की उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 में जिले का समग्र सीडी अनुपात 63.76 प्रतिशत रहा, जो संतोषजनक है। इसमें इंडियन बैंक, कैनरा बैंक, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, आईडीबीआई, बंधन बैंक और उत्कर्ष बैंक का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख बैंकों का सीडी अनुपात 40 प्रतिशत से भी कम रहा, जिसे लेकर सुधार की आवश्यकता जताई गई। जिला पदाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के पात्र उद्यमियों को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना,



पीएमएफएमई, मुद्रा योजना एवं किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से अवश्य जोड़ें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों से परस्पर समन्वय स्थापित कर जिले के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की। वार्षिक साख योजना की उपलब्धि 46.94 प्रतिशत रहने पर जिलाधिकारी ने असंतोष प्रकट किया। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 240 के विरुद्ध अब तक 194 लाभार्थियों को ही लाभ दिया जा सका है, जो लक्ष्य का मात्र 81 प्रतिशत है। इसपर अध्यक्ष ने चिंता व्यक्त की। वहीं पीएमईजीपी योजना में निर्धारित लक्ष्य 155 के विरुद्ध 191 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है, जिसपर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत योग्य एवं लाभुक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में कुल 24,875 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं, जिनमें से 24,638 समूहों को बैंकों द्वारा प्रथम लिंकेज ऋण प्रदान किया जा चुका है। इस पर सदन ने संतोष व्यक्त किया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में बेहतर उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने बैंकों को बधाई दी। अटल पेंशन योजना में जिले की उल्लेखनीय प्रगति पर भी उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। बैठक के अंतर्गत जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक भी आयोजित की गई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार सिंह द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024-25 में संस्थान द्वारा 1,150 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,205 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। वहीं वर्ष 2025-26 में अब तक 263 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। आगामी 1 जुलाई से 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र नामांकन करा सकते हैं। आरसेटी की प्रगति पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) बेबी प्रिया, डीडीएम नाबार्ड सुशील कुमार सिंह, आरबीआई पटना के अग्रणी जिला अधिकारी राहुल कुमार, डीबीजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार, पीएनबी के मुख्य प्रबंधक रंजीत कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मो. अफ्फान, जिला पशुपालन एवं गव्य विकास पदाधिकारीगण, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक एवं जिले के सभी बैंक समन्वयक उपस्थित थे।

# मोटर दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिलेगा 37.99 लाख का मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के न्यायाधीश आंनद भूषण ने मोटर दुर्घटना वाद में निर्णय पर सुनवाई करते हुए बोलेरो वाहन मालिक को आदेश दिया है कि मृतक के परिजनों को 37 लाख 99 हजार 600 रूपये मुआवजा और वाद प्रस्तुत तिथि से 6 प्रतिशत ब्याज दें। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मोटर दुर्घटना वाद के आवेदिका गोह थाना क्षेत्र के सरेया निवासी नितु कुंवर ने 17.03.16 को वाहन मालिक एवं चालक पर मोटर दुर्घटना वाद दायर किया था जिसमें बताया था कि उसके पति जयराम सिंह (उम्र 32) चंडी इंटरप्राइजेज, न्यू एरिया, औरंगाबाद में 18500 रूपये प्रति माह पर काम करते थे। वे 14.12.15 को बाइक द्वारा देवहरा से अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में तेजी और लापरवाही से आ रही बोलोरो (गाड़ी संख्या बीआर-2एफ/4213) ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी। आवेदिका के अधिवक्ता ने कहा कि मृतक परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। इस दौरान विपक्षी के अधिवक्ता ने भी अपनी दलील रखी। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात वाहन मालिक को तीन माह में मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## एएन रोड-बघोई स्टेशन के बीच बदलेगी सिग्नल प्रणाली

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय रेल लगातार अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही है। ट्रेनों की गति बढ़ाने और परिचालन क्षमता को सशक्त बनाने के लिए नये-नये तकनीकी बदलाव किये जा रहे हैं। इसी क्रम में डीडीयू-गया रेलखंड के अंतर्गत अनुग्रह नारायण रोड और बघोई स्टेशन के बीच की सिग्नल प्रणाली को अब पूरी तरह ऑटोमेटिक किया जा रहा है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर चलेगा जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 को लेकर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्देश दिया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 अंतर्गत गांव को खुले में शौच से मुक्ति के स्थायित्व सहित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विभिन्न सुविधाओं एवं वर्तमान स्थिति का आकलन निर्धारित प्रक्रिया के द्वारा किया जाना है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)- द्वितीय चरण के विभिन्न मानदंडों पर ग्राम का राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग की जानी है। इसके लिए सभी को निर्देश दिया गया कि महत्वपूर्ण सार्वाधिक स्थलों पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 पर आधारित दीवार लेखन एवं



चित्रण कराएं जिससे आम नागरिकों एवं समुदाय में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के प्रति जागरुकता बढ सके। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण -2025 के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने हेतु ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा द्वारा माइकिंग इत्यादि गतिविधि संचालन कराने का निर्देश दिया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण में नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि अधिक से अधिक लोग अपना फीडबैक दे सके। साथ ही ग्राम पंचायतों में निर्मित परिसंपत्तियो का क्रियाशीलता सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में डीआरडीए निदेशक अनूप कुमार, जिला समन्वयक एवं सभी प्रखण्ड समन्वयक सम्मिलित हुए।

# सत्य भूषण आर्य बने बांका के प्रधान जिला जज

## औरंगाबाद में अरुण कुमार होंगे नए परिवार न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पटना उच्च न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक फ़ेरबदल के तहत व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य का स्थानांतरण बांका व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला जज के पद पर कर दिया गया है। वे वहां न्यायिक सेवा दे चुके निखिलेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे, जो आगामी 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज प्रथम इसरार अहमद की पदोन्नति करते हुए उन्हें मोतिहारी व्यवहार न्यायालय के परिवार न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश बनाए जाने की अनुशंसा राज्य सरकार से की है। इसके अतिरिक्त




बेतिया व्यवहार न्यायालय में पदस्थ जिला जज न्यायाधीश अरुण कुमार को औरंगाबाद में परिवार न्यायालय के नए प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा भी की गई है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद इन तबादलों की औपचारिक अधिसूचना शीघ्र जारी होने की संभावना है।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 27 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने समेत विभिन्न कांडों के 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या के प्रयास में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 910 वाहनों



की जांच की गई जिसमें 43500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 39 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या भी 1 है। इसी क्रम में 33.5 लीटर देसी, 5.4 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। इसके अलावा साइबर पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी सचिन कुमार को 4700 रूपये वापस लौटाए हैं। दरअसल, बीते दिनों गेम खेलने के दौरान रूपये लिंक के माध्यम से रूपये फ्रॉड कर लिए गए थे। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी इमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुम्बा प्रखंड में मंगलवार को हुई अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुटुम्बा थाना क्षेत्र के सरईबार बिगहा गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह शौच के लिए बधार गया था तभी हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान मुन्ना राम(34) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि काफी देर तक घर नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की। परिवार के सदस्य खोजते हुए बधार की ओर गए जहां खेत में बेहोशी की हालत में पड़े थे। पास में ही हाईटेंशन तार था। आनन-फानन में रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां






डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को घर लाकर पुलिस को जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। परिजनों के बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है। वहीं अम्बा थाना क्षेत्र के अतरौली वन गांव आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार की दोपहर तेज बारिश हुई। बारिश के बाद दिलीप सिंह नामक युवक खेत में बोए गए धान के बिचड़े को देखने गया था तभी तेज गर्जन के साथ बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गया। युवक की मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे देखा तो शोर मचाया। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उसे जिंदा समझकर कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां से सदर अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अमर के पिता दिलीप सिंह की तबीयत खराब है। वे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। मां भी वहीं हैं। अमर घर पर अकेला था। घर की जिम्मेदारी उसी पर थी। उसकी तीन बहनें हैं। एक की शादी हो चुकी है। दो की शादी नहीं हुई है। घटना के बाद परिजन शव से लिपटकर रोने लगे। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि युवक की मौत वज्रपात से हुई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। सदर अस्पताल के कर्मियों ने नगर थाना को सूचना दी। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# कुएं से अधेड़ का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के अल्हण परासी गांव स्थित कंआ से मंगलवार को संदिग्धावस्था में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ है। मामले में बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी 45 वर्षीय कालीचरण दास कल दोपहर से ही घर से लापता थे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। वहीं मंगलवार को गांव के पश्चिम दिशा में स्थित एक कुआं के समीप चप्पल और गमछा देखकर शक के आधार पर जब उसमें झांककर देखा तो उक्त व्यक्ति का शव तैर रहा था। ग्रामीणों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्र को छोड़ गये है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल एफएसएल टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन की जा रही है।

# जिला ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता 29 को

**औरंगाबाद(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 91वी. बिहार राज्य जूनियर एवं सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने के लिए औरंगाबाद जिला एथलेटिक्स टीम के खिलाड़ियों का चयन 29 जून 2025 को स्थानीय सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के खेल मैदान औरंगाबाद में 6 बजे सुबह में चयन प्रतियोगिता के आधार पर किया जाएगा। इस बात की जानकारी जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश कुमार राय ने बताया कि यह चयन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका के पांच आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी जिसमें अंडर 14, अंडर 16,अंडर 18, अंडर 20 एवं महिला एवं पुरुष वर्ग के एथलीट हिस्सा लेंगे।

# सत्यचंडी धाम एवं दोमुहान सूर्य मंदिर कला संस्कृति के कैलेंडर में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम महोत्सव एवं औरंगाबाद-अंबा रोड में सड़सा ग्राम के समीप दोमुहान सूर्य मंदिर महोत्सव को बिहार सरकार के कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल कर ली गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं दोमुहान सूर्य मंदिर के अध्यक्ष सिंहेश सिंह ने दी। इस मौके पर सत्यचंडी धाम के प्रांगण में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ,स्थानीय विधायक आनंद शंकर सिंह, वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी को पुष्पहार अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर राम सकल सिंह, महोत्सव के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह, सदस्य सुरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। बता दें कि सत्यचंडी धाम जिला मुख्यालय से बहुत नजदीक है इसके कैलेंडर में शामिल होने से पर्यटन के क्षेत्र में विशेष बढ़ावा मिलेगा। वहीं दोमुहान सूर्य मंदिर देव सूर्य मंदिर देव के बाद सर्वाधिक भीड़ वाला छठ का पवित्र सूर्य मंदिर है।

# सहकारी समितियों को अब 'बैंक मित्र' के रूप में कार्य करने का अवसर : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** सहकारिता क्षेत्र को नई ऊर्ज़ा देने के उद्देश्य से 24 जून 2025 को मंडपम बैंक्वेट हॉल, पंचवटी चौक, भुईधारा, समस्तीपुर में 'सहकारिता में सहकार' विषय पर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया और उपस्थित सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर विकास कुमार बरियार, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, दरभंगा प्रमंडल और विनोद कुमार राय, अध्यक्ष, समस्तीपुर डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया 'सहकार से समृद्धि' अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल है। मंत्री ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख समिति, दुग्ध, सब्जी, मत्स्यजीवी और अन्य सहकारी समितियों को अब 'बैंक मित्र' के रूप में कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में



डोर-स्टेप बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत समितियों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण, जमा और निकासी जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित धान एवं गेहूं अधिप्राप्ति योजनाओं तथा बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत किसानों को बड़ी संख्या में लाभ पहुंचाया गया है। मौके पर लाभुकों को उनके खातों में भेजी गई सहायता राशि के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। सब्जी उत्पादकों के लिए गठित प्राथमिक सब्जी सहकारी समितियों की सराहना करते हुए मंत्री ने बताया कि उन्हें उचित मूल्य मिल रहा है और हाल ही में बिहार से दुबई को सब्जी का निर्यात किया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही मुकेश कुमार सिंह (बिथान पैक्स) को किसान क्रेडिट कार्ड, संजीत कुमार (नगर निगम, समस्तीपुर) को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय ने सहकारी बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। विकास कुमार बरियार ने बैंक मित्र योजना को ग्रामीण बैंकिंग सेवा विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और समितियों से अधिकाधिक जुड़ाव की अपील की। कार्यशाला में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिनव कृष्ण, जिला सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी मनोज कुमार, बैंक उपाध्यक्ष सुनील कुमार सहित अनेक सहकारी समितियों के अध्यक्ष, प्रबंधक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


CMYK